e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 98
बुधवार
10.04.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
सफलता का कोई मंत्र नहीं है, यह तो सिर्फ परिश्रम का फल है।




## दूसरा स्वरूप- ब्रह्मचारिणी



माता पार्वती ने भगवान शिव को अपने पति के रूप में पाने के लिए वर्षों कठोर तप किया था। इस कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी नाम मिला। ब्रह्मचारिणी का अर्थ है कठोर तपस्या का आचरण करने वाला।

# अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी जायज : हाई कोर्ट

## * केजरीवाल ने शराब घोटाले में ईडी द्वारा की गई गिरफ्तारी और रिमांड को दी थी चुनौती

एजेंसी

**नई दिल्ली** : दिल्ली हाईकोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को जायज करार दिया है. केजरीवाल ने शराब घोटाले में ईडी द्वारा की गई गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी थी. हाईकोर्ट ने मंगलवार को याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी गैरकानूनी नहीं है और ईडी ने पर्याप्त सबूत दिए हैं, जिसके बाद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है. हाईकोर्ट ने ईडी की रिमांड को भी कानूनी करार दिया है और ये भी कहा है कि जांच की प्रक्रिया तय करना आरोपी का अधिकार नहीं हो सकता. फैसला सुनाते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने गोवा चुनाव से जुड़े मनी ट्रेल का भी जिक्र किया. हाईकोर्ट ने कहा की ईडी ने पर्याप्त सबूत दिए हैं. इसमें आम आदमी पार्टी के गोवा उम्मीदवार का बयान भी है, जिसमें उसने पैसे की बात स्वीकार की है. हाईकोर्ट ने एनडी गुप्ता और आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार के बयान का जिक्र किया.



### हाईकोर्ट के फैसले पर आप ने कहा : सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद एक प्रेस कांफ्रेंस की. इसमें उन्होंने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे. एक्साइज पॉलिसी का मामला मनी लॉन्ड्रिंग का नहीं, यह सबसे बड़ी राजनीतिक साजिश है. भारत में किसी भी राज्य को सबसे अधिक अंतर और जनादेश के साथ जीतने में अरविंद केजरीवाल पहले स्थान पर हैं. उन्होंने कहा कि आप के नेतृत्व वाली दिल्ली और पंजाब सरकारों को कुचलने का प्रयास है. अब तक कोई सबूत नहीं मिला है. यह पूरा मामला मनी लॉन्ड्रिंग का नहीं बल्कि एक बड़ी राजनीतिक साज़िश है. हमें पूरी उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट अरविंद केजरीवाल को राहत देगा. चंदन रेड्डी ने दबाव में अपना बयान बदला. उन्होंने दिल्ली हाई कोर्ट में रिट दायर की थी कि उन्हें पीटा गया था. अरुण पिल्लई ने बयान दिया था कि उन्हें उनके परिवार के नाम पर धमकी दी गई थी. आप ने मगुंटा रेड्डी और राघव रेड्डी के संबंध में अपने दावों को दोहराया है. अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बयान देने के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया.

### मुख्यमंत्री समेत किसी को भी विशेषाधिकार नहीं

हाईकोर्ट ने कहा कि गवाहों के बयान अदालत के समक्ष दर्ज किए गए थे. अप्रूवर के बयानों और माफी देने पर सवाल उठाना न्यायिक प्रक्रिया पर सवाल उठाने जैसा होगा. जांच किसी व्यक्ति के सुविधा के अनुसार नहीं चल सकती है. जांच के दौरान किसी के घर जा सकती है. केजरीवाल को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया गया है. केजरीवाल की गिरफ्तारी कानून का उल्लंघन नहीं है और दिल्ली सीएम के रिमांड को अवैध नहीं कहा जा सकता है. मुख्यमंत्री समेत किसी




को भी कोई विशेष विशेषाधिकार नहीं दिया जा सकता. जांच और पूछताछ के मामले में कोई व्यक्ति भले ही सीएम क्यों न हो, उसे विशेष छूट नहीं दी जा सकती है.

### गोवा चुनाव में मिला मनी ट्रेल

कोर्ट ने कहा कि ईडी के पास बहुत सारे सबूत हैं. इसमें हवाला डीलरों के बयान, अप्रूवर्स के बयान, इसके अलावा आम आदमी पार्टी के सदस्यों के बयान भी मैजूद हैं, जिन्होंने कहा है कि गोवा चुनाव में खर्च के लिए पैसे दिए गए थे. यह गोवा चुनाव के संबंध में मनी ट्रेल को पूरा करता है. केजरीवाल की गिरफ्तारी कानून का उल्लंघन नहीं है और दिल्ली सीएम के रिमांड को अवैध नहीं कहा जा सकता है.

## बाबा रामदेव व आचार्य बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट से मांगी माफी

**नई दिल्ली** : योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने अपने उत्पादों को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाली कंपनी द्वारा जारी विज्ञापनों पर सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी है। अदालत में दायर दो अलग-अलग हलफनामों में, रामदेव और बालकृष्ण ने शीर्ष अदालत के पिछले साल 21 नवंबर के आदेश में दर्ज बयान के उल्लंघन के लिए भी माफी मांगी है।

## बैतूल संसदीय क्षेत्र के बसपा प्रत्याशी अशोक भलावी का हार्ट अटैक से निधन



**नई दिल्ली** : मध्यप्रदेश में बहुजन समाज पार्टी के बैतूल लोकसभा सीट से प्रत्याशी अशोक भलावी का हार्ट अटैक आने से निधन हो गया। उन्हें मंगलवार दोपहर को सीने में दर्द उठा था और उन्हें अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बता दें कि अशोक भलावी को बहुजन समाज पार्टी ने बैतूल लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया था। पिछली बार भी अशोक बीएसपी के टिकट पर चुनाव लड़े थे। सोहागपुर गांव के पास रहने वाले अशोक भलावी पेशे से सब्जी व्यापारी थे, वे बैतूल जनपद के सदस्य भी रह चुके हैं। अशोक भलावी के चार बेटे हैं। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को उनके गृह ग्राम सोहागपुर में होगा।

## शिबू सोरेन, हेमंत और आपकी होगी गांडेय की जीत : कल्पना सोरेन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह** : पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधानसभा उपचुनाव की प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने कहा कि आप यह कभी न समझें कि मैं चुनाव लड़ रही हूं। यह चुनाव आपके दिशोम गुरूजी बाबा शिबू सोरेन और आपके नेता हेमंत सोरेन का है। हेमंत सोरेन को यह नहीं लगना चाहिए कि वे जेल में हैं व उनके कार्यकर्ता सोए हुए हैं। उन्हें लगना चाहिए कि उनका एक-एक कार्यकर्ता हेमंत है और मैदान में है, संघर्ष कर रहा है। आप यह जान लें कि यह हमारी जीत नहीं होगी, यह आपकी जीत होगी। कल्पना सोरेन जिला मुख्यालय स्थित उत्सव उपवन रिसोर्ट सभागार में मंगलवार को आयोजित कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में बोल रही थीं। कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा के लोग घरफोड़वा हैं। भाई को भाई से, परिवार को परिवार से लड़ना चाहते हैं। मैं यहां पर आकर अपनी बात नहीं करूंगी। आपकी बात और आपके सुझाव को मुझे सुनना है। कल्पना सोरेन ने कहा कि बाबा दिशोम गुरू की यह कर्मभूमि है। बाबा यहां के राजा थे और रहेंगे। उनकी कर्मभूमि में किसी को दखल नहीं देने दीजिएगा। इसलिए मैंने भी बाबा के कर्मभूमि से अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत की है। बाबा के समय से जो लोग जुड़े हैं, वे अपने अनुभवों को साझा करें, अपने हिसाब से काम करें।उन्हें कुछ बताने की जरूरत नहीं है, जिस समय बाबा संघर्ष कर रहे थे, उस समय न तो संसाधन थे और न ही इतने मीडिया। मगर आज परिस्थिति बदल चुकी है। आज यात्रा करने की सुविधा है। मगर जिस समय उलगुलान हुआ था, उस समय संसाधन नहीं के बराबर थे। हमलोगों को यह सुनिश्चित करना है कि बाबा की यह कर्मभूमि को बचाए रखना है।आगामी 20 मई को कोडरमा लोकसभा सीट के साथ ही गाण्डेय विधानसभा सीट पर उप चुनाव होना है।

## राजमहल से विजय हांसदा और सिंहभूम से जोबा मांझी झामुमो उम्मीदवार

झामुमो ने दो और लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। मंगलवार को पार्टी ने एक बार फिर से राजमहल से अपने सीटिंग एमपी विजय हांसदा को उम्मीदवार बनाया है। सिंहभूम सीट से मनोहरपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री जोबा मांझी को मैदान में उतारा है।

# क्विक न्यूज

## बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड का आरोपी मुठभेड़ में ढेर

**नई दिल्ली** : उत्तराखंड के रुड़की में पुलिस मुठभेड़ में बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड का आरोपी बदमाश ढेर हो गया. गोली लगने के बाद बदमाश अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू को अस्पताल ले जाया गया,जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया. यह घटना भगवानपुर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान हुई. पुलिस की गोलीबारी में एक बदमाश तो मौके पर ही ढेर हो गया जबकि उसका साथी वहां से भागने में कामयाब रहा. उत्तराखंड एसटीएफ और हरिद्वार पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन के दौरान इस मुठभेड़ को अजाम दिया.एसएसपी हरिद्वार प्रमेन्द्र डोबाल ने अस्पताल पहुंचकर मामले ली जानकारी ली. मृतक अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू फतेहगढ़ चूड़ियां रोड नगली भट्ट का रहने वाला था. वह नानकमत्ता गुरुद्वारा के बाबा तरसेम सिंह की हत्या में वांछित था. वहीं मौके से भागे दूसरे बदमाश की तलाश की जा रही है.

## सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास को दी पिता मुख्तार अंसारी की कब्र पर फातिहा पढ़ने की इजाज़त

**नई दिल्ली** : माफिया नेता मुख्तार अंसारी के बेटे और विधायक अब्बास अंसारी को सुप्रीम कोर्ट से पिता की कब्र पर फातिहा पढ़ने की इजाज़त मिल गई है. अब्बास आज बुधवार 10 अप्रैल को कब्र पर फातिहा पढ़ेगा. फैसला सुनाते हुए जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वानाथन ने कहा हमने नोट में दिए गए कथनों पर ध्यान दिया है. तथ्य कि याचिकाकर्ता ने 28 मार्च को अपने पिता को खो दिया है, विवाद में नहीं है. न्यायिक हिरासत में होने के कारण वह अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सका. अब्बास को पुलिस हिरासत में और पर्याप्त सुरक्षा के साथ कासगंज जेल से उसके गृहनगर गाजीपुर ले जाया जाएगा.

## प्रधानमंत्री मोदी ने नव संवत्सर और नवरात्रि की शुभकामना दी

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सुबह देशवासियों को नव संवत्सर की बधाई देते हुए चैत्र नवरात्रि प्रारंभ होने पर शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर इस संबंध में संदेश साझा किए हैं।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिखा है,देशभर के मेरे परिवारजनों को नव संवत्सर की बहुत-बहुत बधाई। मेरी कामना है कि यह नया वर्ष हर किसी के लिए सुख-समृद्धि और आरोग्य से परिपूर्ण हो। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा है, नवरात्रि के पहले दिन आज मां शैलपुत्री के चरणों में मेरा नमन और वंदन। देवी मां देश के मेरे सभी परिवारजनों के जीवन में नई शक्ति और ऊर्जा का संचार करें। आप सभी के लिए मां शैलपुत्री की यह स्तुति। उन्होंने लिखा है,देश के मेरे समस्त परिवारजनों को नवरात्रि की ढेरों शुभकामनाएं। शक्ति की उपासना का यह महापर्व हर किसी के लिए सुख, समृद्धि, सौभाग्य और आरोग्य लेकर आए, यही कामना है। जय माता दी!

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 35° |
| न्युनतम | 20° |

# वादों और जुमलों से ऊब गए हैं लोग : सचिन पायलट



एजेंसी

**नई दिल्ली** : आगामी लोकसभा चुनावों के बारे में बात करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि इस बार कांग्रेस का परफॉर्मेंस पिछली बार के मुकाबले काफी अच्छा रहेगा. सचिन पायलट ने कहा कि लोग अब वादों और जुमलों से ऊब गए हैं. राजस्थान सरकार लोगों पर अपनी छाप नहीं छोड़ पाई है और बीजेपी महंगाई और बेरोज़गारी का जवाब नहीं दे पा रही है. उन्होंने कहा, कांग्रेस का घोषणा पत्र काफी अच्छा है. बांसवाड़ा, डुंगरपुर में जो भ्रम पैदा हुआ था, वो नहीं होना चाहिए था. साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि वो वैभव गहलोत के प्रचार में शामिल होंगे. जब सचिन पायलट से पूछा गया कि क्या उनकी अशोग गहलोत से सुलह हो गई है तो इस पर उन्होंने कहा कि हमारी कभी कोई अनबन नहीं थी, हां हमारे सोचने और काम करने का तरीका जरूर अलग है.

अशोक गहलोत को दिल से माफ करने के सवाल पर पायलट ने कहा कि माफी दिल से ही दी जाती है. उन्होंने कहा, नेता को हमेशा मेहनत करते रहना चाहिए. जनता, नेता का पसीना बहते हुए देखना चाहती है. चुनाव आयोग को भी यह सब देखना चाहिए. उन्होंने कहा, 2004 में भी बीजेपी काफी आश्वस्त थी लेकिन वाजयेयी जी चुनाव हार गए थे. हमें यकीन है कि राजस्थान में कांग्रेस, बीजेपी से अधिक सीटें जीतेगी.

# शस्त्र जमा नहीं करने वालों का लाइसेंस रद्द करने की करें कार्रवाई : के. रवि कुमार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की बहानेबाजी नहीं चलेगी। किसी भी सशंय की स्थिति में सीधे तौर पर भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों का शब्दशः संदर्भ लेते हुए चुनाव की तैयारियों की समयबद्ध गति सुनिश्चित करें। साथ ही सभी स्तर पर कार्यो के निष्पादन का प्रतिवेदन ससमय प्रस्तुत किया जाना चाहिए। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कही। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक एवं डीएसपी के साथ निर्वाचन सदन सभागार से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लोकसभा चुनाव 2024 से संबंधित निरोधात्मक कार्रवाईयों विधि व्यवस्था संधारण एवं पोस्टल बैलेट से मतदान की कार्य प्रगति की जिलावार समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने चुनाव की तैयारी के विभिन्न अवयवों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र के अंतर्गत शस्त्र जमा करवाने का निदेश दिया। उन्होंने शस्त्र जमा नहीं करने वालों का शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द करने संबंधी कार्रवाई करने, अनुज्ञप्तिधारियों को शस्त्र धारित करने की छूट दिये जाने (एक्जेम्मशन) की स्थिति में स्क्रीनिंग समिति की बैठक कर निर्णय के अनुरूप कार्य करने का निदेश दिया। उन्होंने हिस्ट्रीशीटर एवं वारंटियों के विरूद्ध कार्रवाई पूरी करते हुए 24 अप्रैल 2024 तक रिपोर्ट भेजने का निदेश दिया।

### मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को मिली जेड श्रेणी की वीआईपी सुरक्षा



**नई दिल्ली** : केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को जेड श्रेणी की वीआईपी सुरक्षा दी है. सूत्रों के मुताबिक- गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को इस कार्य के लिए करीब 40-45 कर्मियों,जवानों की एक टुकड़ी उपलब्ध कराने का जिम्मा सौंपा है. बताया जा रहा है कि खतरे की आशंका के चलते उनकी सुरक्षा को बढ़ाया गया है.केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा तैयार की गई खतरा संबंधी धारणा रिपोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार के लिए कड़ी सुरक्षा की सिफारिश की गई थी. राजीव कुमार को जेड कैटगरी की सुरक्षा देने का फैसला आईबी की एक रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से तैयार की गई रिपोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के लिए मजबूत सुरक्षा उपायों की सिफारिश की गई थी। देश भर में यात्रा के दौरान सशस्त्र कमांडो सीईसी कुमार के साथ रहेंगे। यह कदम सात चरणों में होने जा रहे आम चुनाव की तैयारियों के बीच उठाया गया है। आम चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होगा। ये कदम 7 चरणों में होने जा रहे लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच उठाया गया है. आम चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होंगे.गौरतलब है कि राजीव कुमार 1984 बैच के सेवानिवृत आईएएस अधिकारी हैं. उन्होंने 15 मई, 2022 को 25 वें मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार संभाला था. इससे पहले 1 सितंबर 2020 को निर्वाचन आयोग में राजीव कुमार को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था.

# मतदाता को किसी उम्मीदवार की संपत्ति के बारे में जानने का अधिकार नहीं है : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी हलफनामे को लेकर अपना फैसला सुनाते हुए कहा, मतदाता को किसी उम्मीदवार की प्रत्येक संपत्ति के बारे में जानने का संपूर्ण अधिकार नहीं है. उम्मीदवार को उन मामलों में निजता का अधिकार है जो उम्मीदवारी के लिए अप्रासंगिक हैं. चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को अपने या आश्रितों के स्वामित्व वाली प्रत्येक चल संपत्ति का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जब तक संपत्ति पर्याप्त मूल्य की न हो या विलासितापूर्ण जीवन शैली को प्रतिबिंबित न करती हो तब तक मताधिकारों को इसके बारे में जानने का संपूर्ण अधिकार नहीं है.सुप्रीम कोर्ट ने कहा,उम्मीदवार को केवल उन चल संपत्तियों का खुलासा करने की आवश्यकता है, जो उच्च मूल्य की हैं या विलासितापूर्ण जीवनशैली को दर्शाती हैं. इन टिप्पणियों के साथ अरुणाचल के तेजू विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक कारिखो क्री के चुनाव को रद्द करने की याचिका अदालत ने खारिज कर दी है. सुप्रीम कोर्ट ने विधायक के 2019 के चुनाव को बरकरार रखा है.जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने गोहाटी उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया है.



# नैनीताल में भीषण दुर्घटना, 8 लोगों की दर्दनाक मौत




एजेंसी

**देहरादून** : उत्तराखंड के नैनीताल में हुए भीषण हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। उत्तराखंड के नैनीताल के बेतालघाट ब्लॉक के ऊंचाकोट के मल्लागांव में सोमवार की देर रात एक पिकअप वाहन के खाई में गिरने से आठ लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे के बारे में बताया जा रहा है कि मृतकों में नेपाल के मूल निवासी समेत चालक राजेन्द्र कुमार शामिल हैं। वहीं घटना की सूचना मिलते ही बेतालघाट पुलिस मौके पर पहुंच गयी और गांव वालों के साथ मिल कर रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रेस्क्यू के बाद सभी 8 लोगो को बमुश्किल खाई से बाहर निकाला गया।



# बीती रात एनएच 75 पर हुए सड़क दुर्घटना में तीन की मौत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** मेराल-रमना मुख्यमार्ग एनएच 75 पर सोमवार की देर रात्रि रमना थाना क्षेत्र के कविसा गांव के समीप मोटरसाइकिल व ट्रैक्टर से हुई टक्कर में मोटरसाइकिल पर सवार तीनो लोगों की मौत हो गई। मृत्युको में नगर उंटारी थाना क्षेत्र के झुमरी गांव निवासी रामाशंकर यादव के पुत्र विकास यादव, गरबांध गांव निवासी केसर प्रसाद यादव का पुत्र विनोद यादव एवं गढ़वा थाना क्षेत्र के बघौता गांव निवासी उदेश प्रसाद यादव का पुत्र सूरज कुमार यादव के नाम शामिल है। घटना के बारे में बताया जाता है कि विकास कुमार यादव व विनोद कुमार यादव पलामू जिले के विश्रामपुर में फार्मासिस्ट का फॉर्म भरने गये हुये थे। वापस लौटने के दौरान विकास कुमार यादव ने अपने मौसेरे भाई सूरज कुमार यादव को भी रमना थाना क्षेत्र के मड़वनिया गांव स्थित अपने नानी की मृत्यु भोज कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने साथ मोटरसाइकिल पर बैठा लिया। तीनों एक ही मोटरसाइकिल पर सवार हो कर रमना की ओर जा रहे थे। इस दौरान रमना थाना क्षेत्र के कविसा ग्राम के समीप तेज रफ्तार होने के कारण मोटरसाइकिल निर्यंत्रित होकर वहां खड़े ट्रैक्टर से टकरा गया। इस घटना में मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि सूरज कुमार यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद राहगीरों की मदद से उन तीनों को रमना सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने दो युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल सूरज कुमार यादव को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। जहां सूरज कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा सदर अस्पताल से भी रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स ले जाने के दौरान तुमेगारा के पास उसकी भी मौत हो गई। इसके बाद परिजन ने एंबुलेंस को वापस लेकर गढ़वा सदर अस्पताल आ गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया है।बताते चले कि विकास कुमार यादव एवं विनोद कुमार यादव की शादी इसी महीने होने वाली थी। परिजानो ने बताया कि विकास कुमार यादव की शादी तय हो गई थी। 18 अप्रैल को डंडई थाना क्षेत्र के झोतर गांव में उसकी शादी होने वाली थी। जब कि विनोद कुमार यादव का मेराल थाना क्षेत्र के लोआदाग गांव में शादी तय हुई थी और उसकी शादी 24 अप्रैल होने वाली थी।

## जन्मदिन पर समाजसेवी ने मरीजों के बीच किया फल वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** शहर के युवा समाजसेवी सूर्य प्रकाश सिंह ने मंगलवार को सदर अस्पताल गढ़वा में मरीजों के बीच फल वितरण कर अपना जन्मदिन मनाया। विभिन्न सामाजिक कार्यों में बढ़-चढकर भाग लेने वाले सूर्य प्रकाश ने इस अवसर पर कहा कि सामाजिक कार्य करने से उन्हे आत्मसंतुष्टि मिलती है। उन्होंने कहा कि किसी भी विशेष अवसर पर अपनी खुशी दुसरों के साथ मनाने पर खुशी दोहरी हो जाती है। उन्होने युवाओं से आग्रह किया की जरुरतमंदो की सहायता के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए। ऐसे सहयोग से जरुरतमंदों को बहुत राहत मिलेगी। उन्होंने कहा की नर सेवा ही नारायण सेवा है। यदि हम जरुरतमंदों की सहायता करते हैं तो ईश्वर हमारी मदद करेंगे। इस मौके पर अमन दुबे, सूरज सिंह, उत्सव पांडेय, प्रियांशु तिवारी, रंजन यादव, राज सिंह आदि मौजूद थे।

## फीता काटकर अशोक हेयर कटिंग का हुआ शुभारंभ



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार मुख्य बाजार स्थित मंगलवार को अशोक हेयर कटिंग सैलून का शुभारंभ बलीगढ़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने विध्वत पूजा अर्चना के पश्चात फीता काट कर किया। इस दौरान पत्रकार इम्तेयाज आलम व पुरुषोत्तम प्रसाद उपस्थित रहे। सैलून के प्रोपराइटर अशोक ठाकुर ने बताया कि मेरे यहां उचित मूल्य पर बाल कटिंग, दाढ़ी सेविंग, बाल डाई, फेशियल,ब्लीच, मसाज का कार्य किया जाएगा। वहीं मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि उक्त सैलून को खुल जाने से स्थानीय लोगों के साथ-साथ आस पास के लोगो को काफी सहूलियत मिलेगी। इस मौके पर रमेश राम, भोला सिंह, प्रवेश ठाकुर, शिवनंदन गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल थे।

## रामनवमी व ईद पर दें भाईचारे का संदेश : नौशाद आलम



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार थाना परिसर मे रामनवमी व ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता मे की गई । बैठक के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी व प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी श्रीमति शुभम बेला टोपन ने सभी जन प्रतिनिधि और सभी पूजा समिति से जुलुस की रूट चार्ट व समय की जानकारी ली और पूजा समिति के सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि निर्धारित समय पर ही जुलुस निकलनें की कहा है। थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने कहा कि रामनवमी व ईद पर मिलजुकर मानने तथा किसी प्रकार के अफवाह से सावधान रहने की जरूरत है। पर्व मे उत्पन्न पैदा करने वाले लोगों पर विशेष नजर रखी जाएगी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री नौशाद आलम ने कहा कि डी जे और शराब एवं अश्लील गाने बजाने के रोक लगा दी गई। उन्होंने कहा है कि रामनवमी व ईद पर मांस -मंदिरा पर रोक लगा दी गई। वही पर जीप सदस्य श्री सुदामा पासवान ने प्रशासन से अपील किया है दुर्गा मंदिर सरईडीह परिसर मांस की बिक्री हो रहा है उसके कम से कम 500 मीटर की दूरी पर लगवाने की बात कहा। मौके जीप सदस्य श्री सुदामा पासवान, पूर्व मुखिया विजय प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि धनंजय प्रसाद, करकट्टा पंचायत की मुखिया प्रतिनिधि रामबली पासवान, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अमरेश कुमार श्रीवास्तव, जनेश्वर राम शिक्षक, मुखिया प्रतिनिधि राजेश्वर राम,शमशाद आलम, रौशन कुमार सहित पुलिस अवर निरीक्षक श्री आशीष कुमार -उदय कुमार यादव,सहायक अवर निरीक्षक संजय कुमार, प्रमोद कुमार राय समेत काफी संख्या मे दोनो समुदाय के लोग मौजूद थे।

## श्रीरामनवमी पूजा महासमिति जनरल द्वारा निकाली गयी प्रथम मंगला जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** श्रीरामनवमी पूजा महासमिति जनरल द्वारा मंगलवार को मंगला जुलुस शहर में बाइक द्वारा निकाली गयी। जनरल के अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में दौलत सोनी द्वारा नेतृत्व किया गया। बाइक जुलूस चिनिया मोड़ काली मन्दिर, संकट मोचन मन्दिर होते हुए मां गढ़देवी मन्दिर होकर रामलला मंदिर में पूजन कर तपोभूमि निमिया स्थान अखाड़ा में समापन किया गया। जनरल के अध्यक्ष उमेश कश्यप ने मौके पर कहा कि प्रथम नवरात्रा एवं रामजन्मोत्सव के प्रथम मंगलवार पर यह शोभायात्रा निकाली गई। पुनः 16 अप्रैल मंगलवार को दोपहर 2 बजे से माँ काली मंदिर के प्रांगण से दूसरी मंगला शोभायात्रा निकाली जाएगी। मौके पर शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें महिला, पुरुष, बच्चे, युवा साथी, महिलाएँ और बहन दुर्गा, काली, लक्ष्मीबाई झाँसी की रानी तथा अन्य रूप में सज्जा कर आएंगे और प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ पूरा शहर राम जन्मोत्सव मनाएगा। 17 अप्रैल को रंका मोड़ पर सभी अखाड़ा के जुलूस सभी झांकी अपने अपने प्रदर्शन करेंगे। मंगला जुलूस में मुरली श्याम सोनी, रोहित कुमार, राजकुमार गुप्ता, मयंक सोनी, सूर्य प्रकाश सिंह, अरविंद पटवा, चंदन पासवान, विवेक सिन्हा, पवन सोनी, विशाल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## शांति भंग करने वाले किसी भी असमाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जायेगा : एसडीपीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रामनवमी ईद और सरहुल पर्व को लेकर मंगलवार को विश्रामपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी शौरभ चौबे व संचालन विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया.बैठक में तीन पर्व को आपसी भाईचारे के बीच मानने का निर्णय लिया गया। जुलूस को भी शांतिपूर्ण तरीके से निकालने का निर्णय हुआ। मुख्य अतिथि प्रशिक्षु आईपीएस सह विश्रामपुर एसडीपीओ राकेश सिंह ने कहा कि समाज में समरसता कायम रहे इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। यह सबों की सामाजिक जिम्मेवारी भी है। उन्होंने कहा कि त्योहार को लेकर किसी भी तरह का अफवाह फैलाना कानूनन जुर्म है.इसलिए किसी भी तरह का अफवाह न फैलाएं और न ही किसी अफवाह पर ध्यान दें.किसी भी तरह की सूचना हो तो पुलिस के साथ साझा करें.थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने कहा कि पर्व को लेकर क्षेत्र में पुलिस गश्ती बढ़ा दी गई है। असमाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रख रही है। शांति भंग करने वालों को किसी भी कीमत बक्सा नही जायेगा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने कहा कि मिलजुल कर मनाने से पर्व का महत्व और भी बढ़ जाता है.मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनूज पांडेय, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रविन्द्र नाथ उपाध्याय, सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, इद्रीस हवारी, पंकज कुमार लाल, पूर्व नगर अध्यक्ष देव नारायण सिंह,सुनील कुमार चौधरी, सलीमुद्दीन अंसारी, विजय कुमार रवि, संजय उपाध्याय, मनीष कुमार सहित दोनो समुदाय के काफी लोग मौजूद थे।

## छतरपुर प्रखंड इकाई विहंगम योग द्वारा निकाली गई भव्य स्वर्वेद शोभा यात्रा



**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर प्रखंड इकाई सद्गुरु सदाफलदेव ब्रह्म विद्या विहंगम योग संत समाज के तत्वावधान में स्वर्वेद शोभा यात्रा छतरपुर के जपला रोड स्थित परी मैरेज हॉल से मंगलवार को निकाली गई। शोभा यात्रा में महिला पुरुष लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस शोभा यात्रा में सद्गुरु का जयघोष गूंजता रहा।सभी लोग परी मैरेज हॉल के पास एकत्रित हुए और सद्गुरु की पूजा करने के बाद शोभा यात्रा में आगे बढ़े। भजन, कीर्तन व जयकारा के साथ जपला रोड से गौलक्ष्मी शिव मन्दिर होते हुए नाग बाबा गौलक्ष्मी पहुंची। यहां कुछ देर रुक कर सद्गुरु का उद्घोष किया गया। यहां से मेन रोड होते हुए ममता मैरेज हॉल मसिहानि के पास पहुंचे.पहुँचने के तत्पश्चात् वहां सत्संग गोष्ठी का आयोजन किया गया.जिसमें आरती, वंदना, शांति पाठ के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस शोभायात्रा में जिला परामर्शक गिरजा प्रसाद सिंह, जिला संयोजक बनारसी प्रसाद यादव ने कहा कि विहंगम योग ऋषि विद्या ज्ञान का वह श्रोत है जिसके ज्ञानार्जन के बाद संसारिक ज्ञान से लेकर अध्यात्मिक ज्ञान से वास्तव में मनुष्य एक मानव की भूमिका में आ जाता है। स्वर्वेद महाग्रंथ की विशेषता है कि इसके वाचन, अनुशीलन मात्र से व्यक्ति संसार से विमुख होकर अंदर की यात्रा का अनुभव सहज ही प्राप्त करता है। श्रद्धालुओं ने अद्वितीय आध्यात्मिक सदग्रंथ स्वर्वेद की झांकी को लेकर पूरे बाजार में भ्रमण किया। शोभायात्रा के दौरान संत समाज के लोगों द्वारा स्वर्वेद व विहंगम योग के सिद्धांत के बारे में भी छतरपुर वासियों को जानकारी दी। शोभायात्रा में झारखंड राज्य के युवा उपाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह,महामंत्री अजय कुमार यादव, जिला सह संयोजक महेंद्र यादव, प्रचारक डॉ रामरेश यादव, वित प्रभारी कुबेर प्रसाद गुप्ता, जिला उपदेष्टा बृजमला देवी, महिला प्रभारी कुसुम देवी, प्रखण्ड प्रभारी सत्यनारायण प्रसाद, प्रखण्ड युवा प्रभारी मुना कुमार यादव, युवा समाज कल्याण प्रभारी सह मीडिया प्रभारी मनोहर यादव, वित्त प्रभारी सुजीत कुमार,बालदेव यादव, लवकुश यादव, रेखा, मीना नितु सहित सैकड़ो गुरु भाई बहन आदि मौजूद रहे।

## इफ्तार पार्टी में अमन शांति के लिए रोजदारो ने मांगी दुआ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद सद्भावना चौकड़ी के तत्वधान में शहर के होटल रुद्रा परिसर में मंगलवार को रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमे मौजूद रोजेदारों ने रोजा खोलने के पूर्व देश में अमन शांति की दुआ मांगी । अयोजन मंच के अध्यक्ष एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने कहा की सद्भावना मंच के सदस्यों के आपसी सहयोग से इफ़्तार पार्टी किया गया, इसमें मंच के सदस्यों के आलावा रोजेदार, और मीडिया के लोगों को सिर्फ आमंत्रित किया गया, मौके पर समाजसेवी शशि कुमार ने कहा की माह रमज़ान एकता और भाईचारगी का सीख देता है, ऐसे भी हुसैनाबाद हिंदू मुस्लिम एकता का मिसाल है, मौके पर अब्बास कादरी, डॉक्टर एजाज आलम, इजहार अंसारी, अमीन खान, बैबुल आमीन, गयासुद्दीन सिद्धिकी, जाकिर अली ऊर्फ राज अली, सैयद मोहम्मद हुसैन, खालिद अंसारी, डॉक्टर आफताब आलम, नाजिर अहमद, वसीम अंसारी, सिब्बली अहमद, मो.शमीम, अजय प्रसाद गुप्ता, केदार सिंह, जनक पासवान, इम्तेयाज आलम, पत्रकार सैयद नौशाद, संजय ओझा, जितेंद्र प्रसाद, धनंजय कुमार, गौतम पटेल, विश्वकर्मा, सतेंद्र कुमार चंदेल, जितेंद्र रावत, विकाश कुमार, अखिलेश कुमार पासवान, समेत कई लोग मौजूद थे।

## हिंदू नव वर्ष के आगमन पर एसटीडी कॉलेज में किया गया पौधारोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के वाटिका में हिंदू नव वर्ष के आगमन पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मंगलवार को पौधारोपण किया गया। प्राचार्य संतोष मिश्रा, कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश शुक्ला व उर्दू विभाग के प्रो.अमीना खातून के द्वारा वाटिका में औषधीय पौधा लगाया गया। इस दौरान कॉलेज कर्मियों और छात्र -छात्राओं द्वारा नव वर्ष का स्वागत भी किया गया। प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा ने पौधारोपण का फायदा बताया, कहा कि औषधीय पौधा से आज हम सभी लोग शुद्ध हवा लेते हैं. औषधीय पौधा कई बीमारियों के उपचार में कारगर साबित होता है। हिंदी विभाग अध्यक्ष प्रो.डॉक्टर श्याम मिश्रा ने कहा कि औषधीय पौधा लगाने से आसपास का वातावरण भी शुद्ध होता है। मौके पर प्रो.रंजन दुबे, अस्मिता पांडेय, आशा कुमारी, शबनम निशा, अनुज कुमार, गुंजन पासवान, नरेंद्र मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थे।

## विश्रामपुर में निकला भव्य कलश शोभा यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** बिश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र पंचमुखी मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री राम कथा आयोजन को लेकर मंगलवार को 501 कलश के साथ भव्य शोभायात्रा निकला गया, कलश शोभा यात्रा की शुरुआत एतिहासिक पंच मुखी मंदिर प्रांगण से हुआ।कलश शोभा यात्रा को मुख्य अतिथि भाजपा नेता सह विधायक पुत्र डाक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी एवं विशिष्ठ अतिथि सांसद प्रतिनिधि अनुज पाण्डेय व विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, विजय पाण्डेय, सामाजिक कार्यकर्ता सह व्यवसाई संजय पांडे, कथावाचक आचार्य शांतनु जी महाराज, पुरोहित गोपाल पाण्डेय, राजन पाण्डेय आदि ने संयुक्त रूप से भगवा झंडा दिखा कर रवाना किया, कलश शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ और जयघोष के बीच थाना मोड़ होते सोरडिहा के भेलवा नदी तट पहुचा जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरा गया, इसके बाद नगर भ्रमण करते हुये यात्रा वापस पंचमुखी मंदिर परिसर पहुंचा। जहां पूरे विधि विधान से कलश की स्थापना करायी गयी, कलश शोभा यात्रा में भाजपा नेता सह बघमानवा मुखिया प्रतिनिधी मनीष कुमार, पंकज कुमार लाल, पेंटर विजय, राजेश मार्शल, गोपाल सोनी, मनु बक्सराय, सत्यम सोनी, विजय कुमार सहित दर्जनों गांव के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

## आवासीय कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** झारखंड प्रदेश राजद के तथा एकीकृत बिहार के वरिष्ठ विधायक रहे झारखंड के प्रथम ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो तथा पूर्व शिक्षक सह अधिवक्ता बैजनाथ प्रसाद के आकस्मिक निधन पर मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी के चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा का शुभारंभ स्व0 लालचंद महतो व पूर्व शिक्षक स्व0 बैजनाथ प्रसाद के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुये पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने कहा कि लालचंद महतो जीवन भर पिछड़ों, दलितों, बहुजन समाज के नेता के रूप में आवाज बुलंद करते रहे. उन्होंने कहा कि लालचंद महतो बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर के समूह में राजनीतिक करने वाले नेताओं में शुमार रहे थे. मेरा उनसे काफी गहरा लगाव था. गांव की समस्या और झारखंड के लोगों की हक व अधिकार के लिये विधानसभा में हमेशा मुखर होकर अपनी बात रखते थे.वे हमेशा झारखंड वासियों के हित के लिये संघर्ष करते रहे. झारखंड ने एक महान आंदोलनकारी, जुझारू, कर्मठ और जनप्रिय नेता खो दिया.पूर्वमंत्री रामचंद्र केशरी ने पूर्व शिक्षक बैजनाथ प्रसाद के निधन को अपूरणीय क्षति बताया.उन्होंने कहा कि वे सरल स्वभाव के मृदुभाषी थे. वे बच्चों को हमेशा पढ़ाई लिखाई के लिये प्रोत्साहित करते रहते थे. सेवानिवृति के बाद भी वे लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए समाज सेवा में लगे रहें.शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को भुलाया नही जा सकता.उन्होंने कहा कि रमना और चितविश्राम हाई स्कूल को मान्यता दिलाने में पूर्व मंत्री स्व0 लालचंद महतो के साथ-साथ स्व बैजनाथ प्रसाद का भी काफी योगदान रहा था। श्रद्धांजलि सभा को अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व चेयरमैन शिवधारी राम, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, अश्विनी प्रसाद, कमला सिंह, पूर्व शिक्षक सीताराम जायसवाल आदि ने भी सम्बोधित किया। मौके पर बसंत जायसवाल, कुमार कनिष्क, बुच्चु प्रसाद, सोबराती खान, सलीम अंसारी, मो नईम खलीफा, रमेश प्रसाद, शिव महतो, आशीष कुमार, अरुण कुमार, उमेश गौंड, आकाश कुमार, ओमप्रकाश कुशवाहा सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व शिक्षक

## शरारती तत्वों पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर : सीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** ईद और रामनवमी पर्व को लेकर हुसैनाबाद थाना परिसर के सभागार में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हुसैनाबाद अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार ने की। संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने किया। बैठक में ईद की विभिन्न मस्जिदों में होने वाली सामूहिक नमाज़ और रामनवमी को लेकर निकलने वाले शोभा यात्रा की जानकारी ली। अंचल पदाधिकारी ने कहा दोनों पर्वो को आपसी भाईचारा के साथ मनाने की जरुरत है साथ ही उन्होंने कहा की जुलूस के दौरान डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। मौके पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने कहा की पर्व के दौरान किसी आपसी सौहार्द बिगड़ने वालों से पुलिस पूरी सख्ती के साथ निपटेगी। जुलूस के दौरान किसी भी राजनैतिक दलों का झंडा लेकर चलने वालों के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के खिलाफ कारवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने की बात कही। किसी प्रकार की सूचना मिलने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। मौके पर हुसैनाबाद महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, एसआई तंजीलुल मन्नौवर, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, अब्बास कादरी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष जिशान हसन, बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष लोकनाथ केशरी, पुर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम, अजय प्रसाद गुप्ता, सुधीर कुमार सिंह ऊर्फ पप्पू सिंह, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, श्रवण राम , अशोक यादव, ओम प्रकाश राजवंशी, अर्जुन प्रसाद, गोपाल प्रसाद साव समेत कई लोग मौजूद थे।

## नववर्ष के अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं के द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को विक्रम संवत् 2081 हिंदू नववर्ष के अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला के छात्र-छात्राओं के द्वारा शहर में शोभायात्रा निकाल कर हिन्दू नव वर्ष का स्वागत किया गया।इस शोभा यात्रा से पूरा शहर हिंदू नववर्ष के उत्साह में रंगा नजर आया। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।शोभा यात्रा निकालकर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने समस्त जपलावासियों को नववर्ष की शुभकामना दी।सब के विकास और निरोग रहने की कामना किया।उल्लेखनीय है कि भारतीय कैलेंडर के अनुसार नववर्ष का आगाज एक जनवरी से नहीं बल्कि चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा से नवसंवत्सर आरंभ होता है जो अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार अक्सर मार्च-अप्रैल माह में आता है।ज्योतिष गणना के अनुसार, हिन्दू नव वर्ष का पहला दिन जिस भी दिवस पर पड़ता है पूरा साल उस ग्रह का स्वामित्व माना जाता है।हिंदू नववर्ष पूजा-पाठ के लिहाज से बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है।नगर भ्रमण सह प्रभात फेरी में 700 से अधिक छात्र-छात्राएं और विद्यालय परिवार के लोग शामिल हुए।घोष दल के साथ सभी छात्र-छात्राओं ने हिंदू नववर्ष मंगलमय हो, विक्रम सम्वत अमर रहे,भारत माता की जय, वंदे मातरम् का जयकारा लगाते हुए, शोभायात्रा विद्यालय परिसर से आरंभ होकर नहर मोड़, जयप्रकाश चौक, थाना चौक, गांधी चौक, पुरानी बाजार, कायस्थ मुहल्ला तथा नगर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए विद्यालय पहुंची। मुख्य बाजार में कई स्थानों पर लोगों ने प्रभातफेरी पर पुष्प वर्षा किया।

## संक्षिप्त खबरें

### हिंदू महापरिवार 16 को करेगा हनुमान चालीसा पाठ

**रांची** : हिंदू महापरिवार रामनवमी महोत्सव को लेकर 16 अप्रैल को हनुमान चालीसा पाठ का खास आयोजन करेगा। इस संबंध में प्रधान संरक्षक स्वामी दिव्यानंद ने बताया कि रामनवमी की पूर्व संध्या पर पाठ और 17 अप्रैल को शिविर लगा रामनवमी शोभायात्रा में शामिल भक्तों का भव्य स्वागत किया जायेगा। मौके पर चना, गुड़ और शरबत आदि बांटे जायेंगे. चिकित्सा सहायता भी प्रदान की जायेगी।

### अंडर 17 राष्ट्रीय एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**रांची** : पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परिसर में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता अंतर्गत अंडर 17 राष्ट्रीय एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 400 मीटर रिले दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया। झारखंड के बाबूलाल पासवान, सागर कुमार महतो, प्रतीक उरांव एवं साकेत मिंज ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। वहीं 100 रिले दौड़ में भी राज्य ने रजत पदक प्राप्त किया। इस टीम में विशाल कुमार, दीपक मुंडा, प्रज्वल कुमार एवं साकेत मिंज शामिल थे। कुल मिलाकर झारखंड को पांच पदक प्राप्त हुए। दो स्वर्ण पदक एक रजत पदक एवं दो कांस्य पदक के साथ झारखंड ने इस प्रतियोगिता में अपनी शानदार उपस्थित दर्ज की। झारखंड के स्वर्णिम प्रदर्शन पर राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, एथलेटिक्स की विभागाध्यक्ष विद्या कुमारी, टीम के कोच ज्ञान प्रकाश ठाकुर, सविता माल्टो एवं मैनेजर पवन कुमार, सुशांति मंडोलिया ने टीम को बधाई दी है।

# रमज़ान के महीने के जाने का गम भी है और आने वाली ईद की ख़ुशी भी, रांची ईदगाह में दस बजे पढ़ें ईद की नमाज़

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** माहे रमजान का मुबारक महीना अब हमसे रुखसत होने वाला है और ईद के चंद का बेसब्री से मुसलमानों को इंतजार है । रमजान बरकतों और रहमतों वाला महीना के जाने से एक तरफ ग़म है तो आने वाली ईद की खुशियां भी है। ईद की तैयारियां जो शोर से जारी है ।इधर रांची शहर में और इसके आसपास की ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज का वक्त जो तय किया गया है जिसे अंजुमन इस्लामिया रांची द्वारा जारी किया गया है। कुछ इस तरह है जहां आप ईद की नमाज अदा कर सकते हैं। रांची ईदगाह सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में 10:00 बजे ।डोरंडा ईदगाह डोरंडा थाना क्षेत्र में 9:00 बजे। परसटोली ईदगाह डोरंडा थाना क्षेत्र 8:00 बजे। कडरू ईदगाह अरगोड़ा थाना क्षेत्र 8:00 बजे । बरियातू ईदगाह बरियातू थाना क्षेत्र 8:00 बजे । बड़गाई ईदगाह सदर थाना क्षेत्र 8:00 बजे । कांके ईदगाह कांके थाना क्षेत्र 9:00 बजे। पिठोरिया ईदगाह पिठोरिया थाना क्षेत्र 9:00 बजे। कोकोदोरा ईदगाह कांके थाना क्षेत्र 8:30 बजे । पीरुटोला ईदगाह कांके थाना क्षेत्र 8:00 बजे। हुसीर ईदगाह कांके थाना क्षेत्र 8:00 बजे। होचर ईदगाह कांके थाना क्षेत्र 8:30 बजे । कचनार टोली हेसाग ईदगाह कांके थाना क्षेत्र 9:00 बजे। सीठीयो ईदगाह 7:30 बजे । चुट्टू ईदगाह 8:30 बजे । नयासराय ईदगाह 8:30 बजे। पुनदाग ईदगाह 8:45 । सिलादोन ईदगाह हटिया क्षेत्र 8:00 बजे। डॉक्टर फ़तेहुल्लाह मस्जिद लोअर बाजार थाना क्षेत्र 7:00 बजे । रंगसाज मस्जिद 8:30 बजे। हव्वारी मस्जिद 8:30 बजे। मस्जिद ए कासिम कलाल टोली 8:30 बजे। मस्जिद ए अब्दुल्लाह अंजुमन कॉलोनी 8:30 बजे। मस्जिद ए अहले हदीस अंसार नगर 6:15 । चांदनी मस्जिद 8:15 , मस्जिद बिलाल आजाद बस्ती 8:00 बजे। पत्थल कुदवा चौक मस्जिद 8:30 बजे। मस्जिद हेरा मिल्लत



कॉलोनी 8:15 जाफरिया मस्जिद अंसार नगर 9:30। जैबुननिशा मस्जिद फूलबगान 8:15। मस्जिद जिलानी आजाद बस्ती 8:30 । जामा मस्जिद कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला 8:30 बजे। मस्जिदे आसरा कांटा टोली 8:15। मस्जिद ए नूरी मौलाना आजाद कॉलोनी नामकुम थाना क्षेत्र 8:15। हमजा मस्जिद आजाद कॉलोनी 8:00 बजे । गौसुल ए आज़म मस्जिद 8:00 बजे। इकरा मस्जिद मेन रोड हिंदपीढ़ी 8:00 बजे। तस्लीम मस्जिद 8:00 बजे । रैन मस्जिद 8:00 बजे । छत्ता मस्जिद 8:00 बजे । छोटी मस्जिद 8:30 । बड़ी मस्जिद 9:00 बजे। मक्का मस्जिद 8:30 । मदीना मस्जिद 8:00 बजे । मोती मस्जिद 8:45 । अकबारिया मस्जिद 9:30। मस्जिद ए अंबिया 8:30 । मस्जिद ए उमर 8 :30 । मस्जिद अबू बकर लाह कोठी 8:00 बजे । मस्जिद ए औलिया 9:00 बजे। मस्जिद ए गौसुलवारा 8:45 । मस्जिद ए उस्मान 8:30 । मजार वाली मस्जिद डोरंडा 8:30। मरकजी मस्जिद डोरंडा 7:45। दर्जी मोहल्ला मस्जिद डोरंडा 8:45 असरा मस्जिद मनीटोला डोरंडा 8:30। अलफलाह मस्जिद न्यू पारस टोली 6:00 बजे । मस्जिद ए बिलाल हाथीखाना डोरंडा 8:30। रहमत कॉलोनी मस्जिद डोरंडा 8:30। मस्जिद ए आबूबकर 8:00 बजे । मस्जिद नूर नूर नगर पुरानी रांची 9:00 बजे । पुरानी रांची मस्जिद कोतवाली थाना क्षेत्र 8:30। चुटु मस्जिद ईदगाह बीआइटी मोड सदर थाना क्षेत्र 9 बजे। हटिया स्थित मस्जिद 9:00 बजे मस्जिद ए अक्सा 8:00 बजे । सुकुरहुटू बड़ी मस्जिद 9:00 बजे । मीनार मस्जिद सुकुरहुटू 9:00 बजे । मस्जिद ए अशरफी 8:00 बजे। अलीपुर मस्जिद 8:30 । जामा मस्जिद करंजी 8:15। कासमी मस्जिद चंदवे 8:30 बजे तय की गई है। कुछ मस्जिदों का समय नहीं मिल सका जिसमें मस्जिद ए रजा कुरैशी मुहल्ला, मस्जिद ए गौसिया गढ़ा टोली सदर थाना क्षेत्र । आमना मस्जिद डोरंडा। अहले हदीस मस्जिद नयासराय नगडी। पंडरा मस्जिद । मस्जिदे तैयब मौलाना आजाद कॉलोनी, फिरदौस नगर मस्जिद ,मनी टोला मस्जिद।डोरंडा कुरैशी मोहल्ला मस्जिद। हंडा मस्जिद अपर बाजार रांची,जामा मस्जिद अपर बाजार,हरमू जामा मस्जिद। हरमू भट्ठा मोहल्ला । सिठियो जामा मस्जिद। मस्जिद अहले हदीस कटकमकुली रातू । सुकुरहुटू छोटी मस्जिद ।मस्जिद ए फातिमा दीपा टोली मदीना। मस्जिद इलाही नगर। मस्जिद मौलाना आजाद कॉलोनी, मस्जिद इब्ने अब्बास ।मस्जिद अराफात अरविंद नगर डोरंडा आदि शामिल हैं। यह भी कहा गया है कि अपने अपने घरों से वजू बनाकर और जायर नमाज अपने साथ लेकर आये, ताकि किसी तरह की परेशानी न हो।

**नोट :** जितनी मस्जिदों की जानकारी मिली उसे लिखा गया है।

### सरकारी स्कूलों को मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश

**रांची** : निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) उत्कर्ष कुमार ने सोमवार को रांची शहरी क्षेत्र के सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की। ये ऐसे स्कूल हैं जहां लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। बैठक में सर्वप्रथम निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा विद्यालयवार मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित विवरणी की विवेचना की गई। साथ ही विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से निर्धारित फॉर्मेट में प्राप्त प्रतिवेदन पर विद्यालयवार सभी बिंदुओं पर गहन समीक्षा की। इस संबंध में निर्देश देते कहा गया कि सभी अपने-अपने विद्यालयों में जहां मतदान केन्द्र स्थित हैं, वहां न्यूनतम सुविधा एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## थड़पखना में अस्त्र शास्त्र प्रतियोगिता 13 को



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** श्री महावीर मंडल थड़पखना की ओर से 13 अप्रैल रात 10.30 बजे से भव्य अस्त्र शास्त्र प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

मंडल के अध्यक्ष रवींद्र वर्मा ने मंगलवार को बताया कि यह आयोजन यूनियन क्लब रांची के सामने होगा, जिसमें कई लोग अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। प्रतियोगिता में महावीर मंडल के अध्यक्ष रवि कुमार, चैती दुर्गा पूजा के अध्यक्ष शंकर दुबे, रांची महानगर श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष कुणाल अजमानी, श्री शनि देव मनोकामना मंदिर के मुख्य संरक्षक किशन साहू, चंद्रशेखर आजाद क्लब के अध्यक्ष रमेश सिंह, राजेश महतो सहित अन्य लोग उपस्थित रहेंगे।

## पुलिस एसोसिएशन की इफ्तार दावत में राज्य, देश और पुलिस कर्मियों की सुरक्षा के लिए दुआ मांगी गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन के द्वारा चडरी स्थित कार्यालय में दावत ए इफ्तार का आयोजन किया गया था। इस इफ्तार पार्टी के आयोजन में झारखंड संगठन से जुड़े सभी पुलिसकर्मी एवं पुलिस पदाधिकारीगण व समाजिक संगठनों के गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस मौके पर राज्य व देश की खुशहाली और पुलिस कर्मियों की रक्षा और उनके परिवार की खुशी की दुआ मांगी गई। इस अवसर पर पुलिस मुख्य रूप से डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम, पोस्को के जज असीफ इकबाल, एसीबी एसपी रांची डॉ एहतेशाम वकारिब, एडीशनल एसपी पलामू सादीक



रिजवी, झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, महामंत्री मो महताब आलम, महासचिव अरविंद कुमार, संगठन सचिव अंजनी कुमार,मेजर वन आनन्द राज खलखो,डीएसपी निगरानी परवेज आलम सर्जेंट मेजर, अभिनव पाठक, यातायात थाना प्रभारी लालपुर इम्तियाज, झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, डॉ असलम परवेज, सहित कई पुलिस कर्मी एवं सामाजिक संगठनों के गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

## छात्र आजसू ने विश्वविद्यालय के ऑडिट रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू )का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव विनोद कुमार नारायण को मांग पत्र सौंपते हुए पिछले 10 वर्षों का ऑडिट रिपोर्ट के साथ मिनट्स ऑफ़ एकेडमिक काउंसिल मिनट्स का सीनेट , विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर सार्वजनिक करने की मांग की।मौके पर मौजूद अभिषेक शुक्ला ने कहा की विगत10 वर्ष से रांची विश्वविद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं के कल्याण एवं आधारभूत संरचनाओं के विकास हेतु कितनी राशि प्राप्त हुई और कितनी खर्च हुई इसकी जानकारी के लिए विश्वविद्यालय को विगत 10 वर्षों का फाइनेंस कमेटी द्वारा अडॉप्टेड ऑडिट रिपोर्ट एवं मीटिंग का मिनट्स जिसमें उन ऑडिट रिपोर्ट को अडॉप्ट किया गया फाइनेंस कमेटी के द्वारा मिनट्स ऑफ़ एकेडमिक काउंसिल, मिनट ऑफ सीनेट का रिपोर्ट विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड किया जाए। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने कहा कुलपति और फाइनेंस कमेटी के सामने यह मामला रखा जाएगा और इसपर जल्द ही सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से- मदन महतो, अकाश नयन, प्रियांशु शर्मा, मनजीत, संजीव, रोहित राजहंस, विशाल कुमार यादव, सूरज कुमार, के अलावा कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

## बीते हुए रमजान की कसक ....साथ तो होगी : महबूब आलम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** कंप्यूटर, एलसीडी, एंड्राइड मोबाइल के इस भागम भाग दौड़ से पूर्व रमजान का महीना जब अधिकांश मस्जिदें ईट, बालू और मिट्टी की बनी होती थी।

उस समय रांची की आबादी में प्यादा टोली, पुरानी रांची,पहाड़ी टोला, कडरू, कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला और राजा हाथा के इलाके की मस्जिदों के ऊपरी या ऊंचे तल्ले में खड़ा होकर मोअज्जन अजान दिया करते थे बिना माइक और लाउडस्पीकर के। उस समय चाँद देख कर रमजान का महीना शुरू होते ही मस्जिदों में लंबे बांस पर लाल बत्ती बांध दिया जाती थी। शाम अर्थात मगरीब की अजान सुनते ही लालबत्ती जला दी जाती, ताकि दूर दराज के रोजेदार लाल बत्ती जला देख इफ्तार किया कर सके। लाल बत्ती जलते ही मुहल्ले के बच्चे खुशी से चिल्लाने लगते। उस समय शहर के आसपास के लोग मेंन रोड स्थित उर्दू लाइब्रेरी के समीप आ कर रोजमर्रा का सामान खरीद लेते और शाम ढलने से पूर्व घर लौट जाया करते थे। शाम ढले लोग कभी बा तालाब की ओर से नहीं गुजरते थे, क्योंकि उस रास्ते में लूट छिंतई का भय ब्याप्त था। मस्जिदों में जनरेटर की सुविधा नहीं होने के कारण अधिकांश मस्जिदों में लालटेन, ढिबरी, और पेट्रोमेक्स की रौशनी में तरावीह की नमाज हुआ करती थी।

सेहरी के समय मोहल्ले के युवा वाद्य यंत्र के सहारे हम्द और नात पढ़कर लोगों को जगाया करते थे। ईद का चांद लोग ऊँचे टीले या खुली मैदान में जाकर देखा करते और चांद नजर आते ही मस्जिदों से ऐलान किया जाता था या बच्चे पटाखा फोड़कर ईद की खुशी का इजहार करते थे। ईद आने से पहले अधिकतर महिलाएं घर पर ही आटा और गुड़ से सेवई बनाया करती थी और सुखाकर इसे भुना करती करती थी, जो ईद के दिन आये हुए मेहमानों को परोसा जाता था।

ईद की नमाज हरमू रोड स्थित ईदगाह में ही हुआ करती थी ईद की नमाज सभी मोहल्ले के नमाजी ईदगाह में आकर ही पढ़ा करते थे। महबूब आलम रांची, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के प्रेस सलाहकार।

## सरहुल पूर्व संध्या-सह-व्याख्यान समारोह का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** मारवाड़ी महाविद्यालय, रांची में सरहुल पूर्व संध्या सह व्याख्यान समारोह÷ का आयोजन अत्यंत ही हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया । प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार की अध्यक्षता एवं जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो. महामनी कुमारी के नेतृत्व में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के छात्र-छात्राओं के द्वारा परंपरागत सरहुल नृत्य प्रस्तुत कर प्रकृति के इस महान पर्व का आभार व्यक्त किया गया । प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को सरहुल पूर्व संध्या समारोह के अवसर पर बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी ।इस कार्यक्रम के में मुख्य वक्ता डॉ. हरि उरांव ने सरहुल पूर्व संध्या पर सूर्य और पृथ्वी के मिलन को बतलाया तथा नवसृजन की कथा बतलाई ।

विशिष्ट वक्ता सरन उरांव ने सरहुल पूजा पद्धति एवं अस्तित्व पर प्रकाश डाला । प्रो. महामनी कुमारी ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं सभी आगंतुकों का स्वागत किया ।वक्ताओं के व्याख्यान के पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा क्रमशः कुरुख सरहुल नृत्य, नागपुरी सरहुल नृत्य, एन.सी.सी. कैडेटों द्वारा सादरी सरहुल नृत्य एवं मुंडारी सरहुल नृत्य प्रस्तुत कर सामूहिकता, प्रेम और भाईचारे को सबके सामने दिखलाया । मंच का संचालन डॉ. अवध बिहारी महतो एवं डॉ. अशोक कुमार महतो के द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. वृन्दावन महतो ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. आर. आर. शर्मा, डी.एस.डब्ल्यू. डॉ. तरुण चक्रवर्ती, डॉ. खातिर हेमरोम, प्रो.सुमंती तिर्की, प्रो. संगिता तिग्गा, डॉ. महेश्वर सारंगी, डॉ. बहालेन होरो, डॉ. ए. एन. सहदेव, डॉ. बन्दे उरांव, डॉ. अनुजा विवेक, प्रो. अर्चना सैफाली, डॉ. अमित कुमार, डॉ. ज्योति किंडो, डॉ. सीमा चौधरी एवं समस्त छात्र-छात्राओं की महत्वपूर्ण भागीदारी रही ।

## आचार संहिता की आड़ में प्रशासनिक कार्रवाई का सांसद ने किया विरोध

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव और आचार संहिता की आड़ में जिला प्रशासन आमलोगों को परेशान करना बंद करें। जिला प्रशासन के द्वारा आचार संहिता के आड़ में जो कार्रवाई की जा रही है वह पूर्ण रूप से दुर्भावना पूर्ण कार्रवाई है। राज्य सरकार के दबाव में की जा रही कार्रवाई है। जिला प्रशासन को राज्य सरकार के एजेंट के रूप में काम करने से बचना चाहिए। उपरोक्त बातें रांची के सांसद सह भाजपा के प्रत्याशी श्री संजय सेठ ने कहीं। सांसद सेठ ने कहा कि निजी घरों पर लगे झंडे, निजी घरों की दीवारों पर लिखे नारे और पोस्टर, यह सब जिला प्रशासन के द्वारा जबरदस्ती उतरवाया जा रहा है। मुकदमा करने की धमकी दी जा रही है, जो बिल्कुल गलत है। जिला प्रशासन चुनाव आचार संहिता का निष्पक्षता से पालन करे, मुझे इसमें कोई समस्या नहीं है परंतु इस तरह से आम जनता को परेशान करना बिल्कुल गलत और अनैतिक है। सेठ ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रशासन को कोई अधिकार नहीं है की निजी घरों में लगे झंडे, निजी घरों की दीवारों पर लगे पोस्टर या नारे को मिटवाए। यदि कोई व्यक्ति शिकायत करता है। कोई नागरिक शिकायत करते हैं तो जिला प्रशासन कार्रवाई करे, इसका स्वागत है। प्रशासन याद रखे कि आचार संहिता की आड़ में और राज्य सरकार के दबाव में ऐसी कार्रवाई होती है तो इसका विरोध किया जाएगा। सांसद श्री सेठ ने कहा कि प्रशासन के द्वारा आचार संहिता की आड़ में व्यवसाईयों को भी परेशान करने किए जाने की खबरें आ रही है। प्रशासन अपने कर्मचारियों को इस बात की समझ दें कि व्यवसाय वर्ग व्यापार करने के उद्देश्य से भी कार्य करते हैं। ऐसे में इस तरह से व्यवसाईयों को परेशान करना, इससे बाजार का व्यवसाय प्रभावित होगा। रांची शहर प्रभावित होगा।

### पीएलएफआई के दो हार्ड कोर उग्रवादी दबोचा गया

**रांची।** रांची में पीएलएफआई के दो हार्ड कोर उग्रवादी पकड़े जाने की सूचना है। जिसमें सावन गोप और सुखु मुंडा उर्फ डोडया का नाम बताया गया है। इन दोनों को रिंग रोड से दबोचा गया है। बताया जा रहा है कि सुखु वांटेड था। उसे खूंटी पुलिस खोज रही थी। खबर है कि संगठन में भी उसकी अनबन चल रही थी। हालांकि अबतक पुलिस ने गिरफ्तारी को लेकर आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की है। सूत्रों के अनुसार इन दोनों उग्रवादियों की तलाश पुलिस को लंबे अर्से से थी। पकड़े गये उग्रवादियों ने कई चौंकाने वाले खुलासे किये है।

## सर्वश्रेष्ठ 33 खिलाड़ियों का चयन करने के बाद सीनियर भारतीय महिला टीम कोर की घोषणा की गई

**निक्की प्रधान, सलीमा टेटे,संगीता कुमारी ,रोपनी कुमारी और दीपिका सोरेंग है शामिल**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** हॉकी इंडिया ने विगत माह पुणे में आयोजित 14वां हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप 2024 में प्रदर्शन के आधार पर देश के विभिन्न राज्यों की टीमों से चयनित बेहतर 60 खिलाड़ियों को साई सेंटर बंगलौर में आमंत्रित कर, अनुभवी प्रशिक्षकों और चयनकर्ताओं की उपस्थिति में 07 दिनों का विशेष प्रशिक्षण सह ट्रायल आयोजित किया गया,और उनमें सर्वश्रेष्ठ 33 खिलाड़ियों चयनित कर सीनियर भारतीय महिला टीम कोर की घोषणा की गई जो आगामी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन 33 सदसयी कोर ग्रुप में हमारे झारखंड की पांच खिलाड़ी निक्की प्रधान,सलीमा टेटे,संगीता कुमारी,दीपिका सोरेंग और रोपनी कुमारी है। इन पांच खिलाड़ियों के अलावा झारखड़ की एक और खिलाड़ी ब्यूटी डुंगडुंग पूर्व से भारतीय टीम में है और अभी बगलौर में ही है परंतु वह पैर का इलाज करा रही है। निक्की प्रधान डिफेंडर है तथा झारखंड की खुटी जिला की रहने वाली है जबकि सलीमा टेटे मिडफील्डर, संगीता कुमारी और दीपिका सोरेंग फॉरवर्ड एवम रोपनी कुमारी डिफेंडर है तथा ये सभी सिमडेगा जिला की है।

इन 33 सदस्यीय भारतीय टीम का आज ले लेकर 16 मई तक सई सेंटर बैंगलोर में विशेष प्रशिक्षण शिविर चलेगा।33 सदस्यो सीनियर भारतीय महिला टीम में झारखंड के पांच खिलाड़ियों का चयन होने पर खेल निदेशक सुशांत गौरव,हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह,विजय शंकर सिंह,मनोज कोनवेगी ,असरित लकड़ा, रजनीश कुमार, माइकल लाल, बिगन सोए,तारिणी कुमारी, रणधीर कुमार,दसरथ महतो, जयंत केरकेट्टा, सुरजीत झा, संजीव झा, गुरमीत सिंह, कोच प्रतिमा बरवा, असुंता लकड़ा, सुमराय टेटे, प्रशांत मुखर्जी सहित हॉकी झारखंड और खेल विभाग के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई और शुभकामनाए दी है।

## नगर निकाय नहीं कराने के पीछे राज्य सरकार की मंशा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना : अमर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने राज्य सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव नहीं कराने के पीछे राज्य सरकार की मंशा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना है। राज्य सरकार की मंशा साफ नहीं है। नेता प्रतिपक्ष बाउरी ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि आज पूरे प्रदेश में निकाय चुनाव लंबित हैं। विगत दिनों रोशनी खलखो की जनहित याचिका पर कोर्ट ने तीन हफ्ते के भीतर चुनाव कराने के निर्देश दिए थे लेकिन राज्य सरकार ने उल्टे ट्रिपल टेस्ट के बहाने समय पार करते हुए याचिका खारिज करने की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा साफ नहीं है। यह सरकार नगर निकायों के माध्यम से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना चाहती है। सरकार को पता है कि बिना ट्रिपल टेस्ट के चुनाव नहीं कराए जा सकते। यह सरकार ट्रिपल टेस्ट कराने की दिशा में भी शांत बैठी है। पिछड़ा वर्ग आयोग भी पूरी तरह से गठित नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अन्य संवैधानिक संस्थाओं का भी गठन नहीं कर रही है। सिर्फ गलत बयानबाजी कर जनता को




दिग्भ्रमित कर रही है। सूचना आयुक्त के संबंध में भी गलत सूचनाएं दी जा रही है। आयोगों के गठन नहीं करने के पीछे भी भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की ही मंशा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की दुहाई देने वाले रोज लोकतंत्र की हत्या करते हैं। इनका इतिहास पुराना है। चाहे आपातकाल हो या निकाय चुनावों को टालना, सब लोकतंत्र को कमजोर करने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि अर्जुन मुंडा के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने 30 वर्षों से लंबित पंचायत चुनाव कराकर लोकतंत्र को मजबूत करते हुए जनभागीदारी सुनिश्चित कराई थी। रघुवर सरकार ने निकाय चुनाव संपन्न कराए थे।

उन्होंने कहा कि आज भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी पार्टियां और नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। एक-दूसरे को कंधा दे रहे। जनता आगामी लोकसभा चुनाव में 14 लोकसभा सीट एवं गांडेय सीट पर एनडीए को जीत दिलाकर विपक्षी गठबंधन को सबक सिखाएगी।

## फर्जी डीड बनाने वाले मोहम्मद सद्दाम गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले मामले में पूर्व से 4.55 एकड़ सेना जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद मोहम्मद सद्दाम को पुलिस रिमांड पर लेकर ईडी चार दिनों तक पूछताछ करेगी। ईडी ने 7 दिनों की पुलिस रिमांड का आवेदन ईडी कोर्ट में दिया था। सुनवाई पश्चात अदालत ने चार दिन की पूछताछ की इजाजत दी। पूछताछ की अवधि 12 अप्रैल को पूरी हो रही है। उस दिन आरोपी को कोर्ट में पुनः पेश किया जाएगा। मोहम्मद सद्दाम को ईडी ने पहली बार सेना जमीन घोटाले में 13 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। ईडी ने बड़गाई अंचल जमीन घोटाला मामले में भी रिमांड पर मंगलवार को लिया। साथ ही हेमंत सोरेन और निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद की भी



मुश्किल बढ़ सकती है। पूछताछ में ईडी को अहम जानकारी हाथ लग सकता है। आरोपी सद्दाम को इससे पूर्व ईडी कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से जेल से लाकर पेश किया गया। पेशी के बाद उसे ईडी अपने साथ पूछताछ के लिए ले गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व हिंदू परिषद कार्यालय में राम महोत्सव मनाया गया



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कार्यालय खूंटी में राम महोत्सव मनाया गया। साथ ही संगठन विस्तार हेतु नए सदस्य को जोड़ा गया जिसमें- चलागी पंचायत के मदन गोस्वामी को चालागी पंचायत अध्यक्ष मंत्री सुनील साहू उपाध्याय सुमन कुमार सोनी सह मंत्री राकेश सोनी कार्तिक मुंडा को सदस्य नियुक्त किया गया द्य साथ ही बेलवा दाग पंचायत का भी संगठन विस्तार किया गया। जिसमें जिला संयोजक नीरज कुमार सहसंयोजक अनुराग कुमार गौ रक्षा प्रमुख ऋषभ कुमार सह गौरक्षा प्रमुख राहुल नाग सत्संग प्रमुख सुभाष राम कृष्ण कुमार द्य साथ ही बजरंग दल खूंटी नगर संयोजक निखिल कुमार साहू बजरंग दल सहसंयोजक अंकित कुमार। इस अवसर पर खूंटी जिला अध्यक्ष विनोद कुमार जायसवाल तोरपा अध्यक्ष एमपी सिंह खूंटी जिला उपाध्यक्ष विकास मिश्रा खूंटी नगर विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष मुकेश जायसवाल विश्व हिंदू परिषद सदस्य विजय लहरी आदि उपस्थित।

### विभिन्न दलों के कार्यकर्ता कांग्रेस में हुए शामिल



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अड़की प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष बसंत सेठ की अध्यक्षता में अड़की प्रखंड के सिंदरी में एक विशेष बैठक रखी गई ।जिसमें दुसरे राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली ।जिससे मुख्य रूप से खूंटी जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रवि मिश्रा उपस्थित हुए और उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किए कार्यकर्ताओं को माला पहनाकर स्वागत किया साथ ही उन्होंने ने कहा कि आज जितने भी कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हुए वे कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर सभी शामिल हुए और रवि मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें जाति धर्म को लेकर कोई राजनीतिक नहीं की जाती सभी को समान नजरों से देखने वाली पार्टी है उन्होंने कहा इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को बढ चढ कर जिताने का काम करे । मौके पर विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल,जिला प्रवक्ता रविकांत मिश्रा, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, जिला सचिव संजय साहु,रामा पुरण मुण्डा, अनमोल होरो आदि मौजूद रहे।

### बुढ़मू थाना प्रभारी ने दो अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेजा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना प्रभारी रामजी कुमार बुढ़मू को दुरभाष से सुचना मिली कि ग्राम उमेडंडा का राम भरत नायक, पिता- स्व0 अर्जुन नायक, सा0 उमेडण्डा, थाना बुढमू, जिला- राँची के द्वारा अपने वाट्सएप से साम्प्रादियक/धार्मिक सौहार्द को बिगाड़ने के उद्देश्य से वाट्सएप के माध्यम से आपत्तिजनक टिप्पणी से संबंधित मैसेज कई लोगों को भेजा गया है, जिससे एक धर्म विशेष के लोगों की भावना आहत हुई है। उक्त सूचना के आलोक में पुलिस उपाधीक्षक खलारी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर सूचना का सत्यापन थाना प्रभारी रामजी कुमार बुढ़मू द्वारा किया गया। सत्यापन के कम में राम भरत नायक, पिता- स्व0 अर्जुन नायक, सा0- उमेडण्डा, थाना बुढमू, जिला- राँची से पुछताछ एवं जाँच पडताल किया तो उसने उक्त अपराध को स्वीकार किया तथा अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताये कि मेरे वाट्सएप पर चलने वाले ग्रुप में इंद्रदीप नायक नामक व्यक्ति ने उक्त आपत्तिजनक मैसेज को भेजा था जिसे कुछ देर बाद मैंने आठ (08) अलग- अलग लोगों को फारवर्ड कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी बुढ़मू द्वारा सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी बुढ़मू थाना कांड सं0- 22/24 दिनांक 08.04.2024 धारा 295 (ए)/201/34 भा0द0वि0 अंकित कर कांड में संलिप्त अभियुक्त 1. राम भरत नायक, पिता- स्व0 अर्जुन नायक, सा0- उमेडण्डा, थाना- बुढ़मू, जिला- राँची को गिरफ्तार किया गया, साथ हीं इस ग्रुप से जुड़े 2. इंद्रदीप नायक को भी विधिवत गिरफ्तार किया गया। उक्त दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में धूमधाम से मनाया गया आर्य समाज का स्थापना दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मंगलवार को आर्य समाज का स्थापना दिवस और हिंदु नववर्ष धुमधाम के साथ मनाया गया।इस मौके पर स्कूल प्रागंण मे हवन यज्ञ का आयोजन किया गया।विद्यालय के प्राचार्य आरबी प्रसाद के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन का आयोजन किया गया।हवन यज्ञ मे स्कूल के शिक्षक सीएस



सिंह,एसके पांडेय, ओपी.यादव और कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राऐ शामिल हुए।विद्यालय के प्राचार्य आरबी प्रसाद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आर्य समाज की स्थापना,पंचांग द्वारा बच्चों को नवसंवत्सर के विषय में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष यह भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाया जाता हैं।उन्होंने नव वर्ष एवं नवरात्री की शुभकामना भी अभिभावकों, छात्रों और सभी शिक्षकों को दी।इस मौके पर विद्यालय के सभी अध्यापक और अध्यापिका सहित बच्चे मौजुद थे।

## धर्मशाला में वर्ष प्रतिपदा उत्सव का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सिल्ली खंड की ओर से मंगलवार को सिल्ली धर्मशाला में वर्ष प्रतिपदा उत्सव का आयोजन किया गया।आरएसएस के सर्व प्रथम संघचालक डा केशव राम बलिराम के जन्म दिन के मौके पर आद्य सर संघचालक प्रणाम के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। खण्ड के बौद्धिक प्रमुख चंदन विश्वकर्मा ने भारतीय हिंदू नव वर्ष के महत्व पर जानकारी दी। कहा कि इसी दिन ब्रम्हा जी ने सृष्टि की शुरुआत की थी। इसी दिन भगवान राम का राज्याभिषेक किया गया था।

इसी पावन दिन को आरएसएस के आद्य सरसंघ चालक डा केशव राम बलिराम हेडगेवार का भी जन्म हुआ था इसलिए यह दिन अपने भारतीय संस्कृति के लिए काफी महत्वपूर्ण है. हमें पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण नहीं करके अपनी पुरातन संस्कृति को आत्मसात करना चाहिए। इससे समृद्धि आती है. मौके पर पंडित गुड्डु मिश्रा ने भी विचार रखे। सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहनों ने गीत की प्रस्तुति की। इस मौके पर जिला सह प्रचार प्रमुख विष्णु गिरि, खंड कार्यकारिणी समिति के प्रकाश अग्रवाल, सुशोभन लाहा, करुणामय चक्रवर्ती, योगेंद्र कोइरी, बी प्रसाद, भोला नाथ मांझी, दशरथ महतो समेत शिशु मंदिर के सभी आचार्य एवं कई स्व्यंसेवक उपस्थित थे।

## सिल्ली में सीएनजी गैस उपलब्ध कराने के संबंध में विधायक को ज्ञापन सौंपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली मुरी क्षेत्र के सड़कों पर सीएनजी गैस से अत्यधिक गाड़ियां चलती है । चालकों द्वारा सिल्ली में सीएनजी गैस नहीं मिलने से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय स्तर पर ऑटो चालकों को सीएनजी गैस भरने के लिए टाटीसिलवे या बुंडू जाना पड़ता है। जिसके कारण ऑटो चालकों को समय भी नहीं मिलता है पुरा दिन बहार जाकर गैस भराने में चल जाता है और दिनभर



का कमाई भी चला जाता है।इसको लेकर ऑटो चालकों ने सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए सिल्ली में एक सीएनजी गैस एजेंसी खोलने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

## नामकुम प्रखण्ड के कई पंचायत में जनसंपर्क अभियान चला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखंड के कई पंचायत में गाँव गाँव जनसंपर्क अभियान कर ग्राम प्रभारी होवांगहातु पंचायत एवं सिदरौल पंचायत में आजसू पार्टी की बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष रतनलाल सिंह होण्डा के अध्यक्षता में किया गया और ग्राम प्रभारी और चुल्हा प्रमुख का चुनाव किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने अपने संबोधन में दोनों पंचायतों के



ग्राम प्रभारीयों को आजसू पार्टी की नीति और सिद्धांतों को बताते हुए 15 तारिख तक चूल्हा प्रमुख बना कर सूची पत्र उपल्ब्ध कराने को निर्देशित करते हुए, कहा कि आजसू पार्टी सरकार में रहें या बाहर रहे झारखण्ड के जनभावनावों को मुखरता पूर्वक रखते आ रही है अगर राज्य की जनता आजसू पार्टी को मौक़ा देती है तो निश्चित राज्य का विकास होगा। बैठक में मुख्य रूप से आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र सिंह,राँची जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमति वीणा कुमारी,नामकोम प्रखण्ड प्रवक्ता विवेक कुमार गोप,प्रखण्ड उपाध्यक्ष दिलिप कुमार महतो,संजय बैठा,शिबू मुण्डा,राकेश सिंह मुण्डा,मूर्तमणी देवी,अनुराधा बिजिंया,एतवारी देवी,बेला देवी,सिता देवी,सरस्वती देवी,मनिता देवी,कुसुम देवी,रिंकू देवी आदि दर्जनो ग्राम प्रभारी उपस्थित थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा हिंदू नव वर्ष संवत 2081 उत्सव आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा संवत 2081 के उपलक्ष में एक एक विशेष सभा आयोजित की गई। सभा का शुभारंभ दुर्गा स्तोत्र पाठ और शारदीय गीत के साथ प्रारंभ हुआ। विद्यालय द्वार तोरण और बंदनवार से सुसज्जित किया गया। बच्चों को हिंदू नव वर्ष के महत्व के बारे में बताया गया और उन्हें मां के स्वरूप के वर्णन को वीडियो के




माध्यम से दिखाया गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2081 के आगमन पर छात्रों को शुभकामनाएं दी तथा उन्हें प्रकृति की हरितिमा की भांति अपने नवजीवन को सर्वस्व गुणों से आह्लादित करने और संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़े रहने की प्रेरणा दी।

## बेड़ो पुलिस ने तीन लाल सहित चार वारंटियों को गिरफ्तार किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** थाना क्षेत्र के अलग अलग जगहो से थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों की टीम ने छापामारी अभियान चलाकर फरार चल रहे तीन लाल सहित चार वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार वारंटियों में थाना क्षेत्र के केशा गांव निवासी वसीम खान उर्फ कादिर उर्फ बोना,टेरो गांव निवासी संजय उरांव उर्फ चरकु उरांव चचकोपी गांव निवासी राजेंद्र मिंज तथा जरिया गांव निवासी संतोष उरांव का नाम शामिल है। थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि पांच थानों के वारंटी वसीम खान के विरुद्ध पिठोरिया थाना में दो, तमाड़ थाना में दो,डेली मार्केट थाना में दो,चान्हो थाना में एक व बेड़ो थाना में एक मामला दर्ज है?। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी नकुल साह, आरक्षी अवर निरीक्षक रौशन कुमार, आरक्षी अवर निरिक्षक अनिल



टोप्पो व एएसआई लाल मोहर पाण्डेय सहित सशत्र पुलिस बल के जवान टीन में शामिल थे।

## ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली थाना परिसर में आगामी होने वाले सरहुल, ईद एवं रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई ! बैठक की अध्यक्षता सिल्ली डीएसपी रणवीर सिंह के नेतृत्व में किया गया ! शांति समिति की बैठक में सभी समुदाय के लोग मौजूद रहे ! सभी लोगों ने त्योहारों को लेकर अपने-अपने विचारों को रखा।

सिल्ली डीएसपी ने पर्वो को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा की किसी भी प्रकार का अश्लील एवं भड़काऊ भाषण एवं गाना ना बजाए किसी भी राजनीतिक पार्टी से जुड़े झंडे को लेकर जुलूस में शामिल न हो अगर इस तरह का करते हुए पकड़ा जाए तो प्रशासन उसपर कानूनी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगी ! त्योहारों को आपसी भाईचारा के साथ मिलजुल कर शांतिपूर्वक मनाये। जुलूस में शराब पीकर दंगाई ना करें। त्योहारों को देखते हुए सिल्ली डीएसपी ने 11/04/2024 को जुलूस को लेकर बुंडू चौक पर बड़ी वाहनों का प्रवेश बंद करने क निर्देश दिया गया जिससे जुलूसों को निकालने में किसी तरह का कठिनाई का सामना न करना पड़े। सिल्ली प्रशासन हमेशा क्षेत्र में भ्रमण करते रहेंगे ! बैठक का संचालन मोहम्मद फारूक ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक ने किया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रेनू बाला, जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, लुपुंग मुखिया सीमा गोंझु, टुटकी मुखिया प्रमिला, बासांरुली मुखिया लालूराम उराव, बड़ा चांगडु मुखिया सरिता सिंह मुंडा, नागेंद्र नाथ गोस्वामी, गोपाल केडिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद साहू, मुरी ओ पी प्रभारी कुंदन सिंह, सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार समेत शांति समिति के सदस्यगण मौजूद थे।

## मुखिया रीना देवी ने राय रेलवे स्टेशन अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने मंगलवार को राय रेलवे स्टेशन के स्टेशन अधीक्षक क्रिस्टोफर एक्का को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से बचरा पेट्रोल पंप के पास अंडरपास रेलवे पुल के दोनों छोर का प्रवेश सड़क टुट जाने के कारण लोगों को हो रही परेशानियों से स्टेशन अधीक्षक को अवगत कराया गया।मुखिया रीना देवी ने कहा कि अंडरपास के दोनों छोर पर सड़क काफी जर्जर हो चुकी है,जिसके कारण वाहन चालकों सहित राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जर्जर सड़क और गड्ढे के कारण मोटरसाइकिल वाले गिरकर घायल हो रहे हैं। मुखिया रीना देवी ने स्टेशन प्रबंधन को इन समस्याओं से अवगत कराते हुए यथाशीघ्र पुल का प्रवेश स्थान का मरम्मत कराने का आग्रह किया है।वही स्टेशन अधीक्षक ने भी समस्या का समाधान करने के लिए सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया।इस अवसर पर व्यवसायी संघ के सचिव रविन्द्र सिंह उपस्थित थे।

## बूथ जीता चुनाव जीता इस नीति से हमें कार्य करना है : जितेंद्र सिंह पटेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी सिल्ली मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष विनोद साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मंडल पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, सह संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में दर्जनों कार्यकर्ता भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। सभी को प्रभारी जितेन्द्र सिंह पटेल एवं संयोजक विनय महतो धीरज ने पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल कराया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा प्रभारी जितेन्द्र सिंह पटेल शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते जितेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि बूथ जीता चुनाव जीता इस नीति पर हमें



कार्य करना है।उन्होंने कहा कि पूरे मंडल में बूथ स्तर तक संगठनात्मक ढांचे को एक सप्ताह के अंदर दुरुस्त करना है, वहीं कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता घर- घर जाकर लाभार्थीयों से संपर्क करें।विधानसभा संयोजक विनय महतो धीरज ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता ही हमारी ताकत है हम बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के बल पर यहां तक पहुंचे हैं।अबकी बार 400 पार के संकल्प के साथ कार्य करना है। इसके लिए प्रत्येक बूथ पर बूथ कमेटी को सक्रिय करना है।केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है।मौके पर भाजयुमो जिला महामंत्री उमेश महतो, महामंत्री शिवलाल महतो,हरिहर महतो , विश्वनाथ महतो, रघुवीर महतो, राजेन्द्र प्रसाद सांई, कंचन सोनार, अमित कुमार महतो, भोलानाथ मांझी, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नौ रामचरित्रमानस पाठ महायज्ञ का 75वां अधिवेशन शुरु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** स्थानीय श्री जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में मंगलवार को नौ दिवसीय श्रीरामचरितमानस पाठ महायज्ञ का 75वाँ अधिवेशन शुरू हुआ। महावीरी झंडा व कलश स्थापना के अलावा पूजा अर्चना के साथ रामायण का सस्वर पाठ पंडित शत्रुघ्न पांडेय के नेतृत्व में शुरू किया गया। शाम में भजन कीर्तन के अलावा पंडित मुकेश शास्त्री द्वारा राम कथा की गयी। रामायण पाठ व राम कथा 17 अप्रैल तक जारी रहेगा। महायज्ञ



का समापन 18 अप्रैल को पूर्णाहुति व प्रतिमा विसर्जन के साथ होगा। महायज्ञ स्थल पर भगवान राम, सीता, लक्ष्मण व वीर हनुमान की प्रतिमा स्थापित की गयी है। रामायण पाठ में मुख्य पुजारी गोविंद सोनी, राजकरण, निष्ठा कुमारी, सोनल, चंचल कुमारी, आरती कुमारी, सुशील कुमार, अंकित कुमार, संजय कुमार सहित दर्जनों पाठकर्ता भाग ले रहे हैं।

राम कथा की शुरुआत महायज्ञ संचालन समिति व केंद्रीय महावीर मंडल के पदाधिकारियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर की गयी। राम कथा के प्रथम दिन कथावाचक द्वारा रामायण की महत्ता व इसके पात्रों की चर्चा की गई।

## हिंदू नववर्ष पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पिपरवार द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2081 के अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पिपरवार के द्वारा घोष दल के साथ प्रभात फेरी निकाल कर नगर भ्रमण किया गया।यह कार्यक्रम बचरा चार नंबर मैदान से इंडियन कॉलोनी, शिव मंदिर,माइनस कॉलोनी होते हुए पुनः शिव मंदिर में समापन किया गया।बजरंग दल बचरा की ओर से सभी आचार्य को अंग वस्त्र से सम्मानित किया,साथ ही इस अवसर पर गुड़ चना एवं शरबत का वितरण किया गया।इस अवसर पर सुरेंद्र पांडे,सरोज राय,तरुण कुमार देव,विष्णुकांत पाठक,रोहित गुप्ता,आदर्श गुप्ता,रेखा गुप्ता,बिंदु यादव,वंदना बुंदेला,अंशु कुमारी,धनंजय भारती,लक्ष्मण मंडल,शंकर चेरो,सुनील प्रसाद,दीपक केसरी,राजा प्रसाद,लाल बहादुर,पप्पू सोनी,नवीन साहू,मुरारी मोदी,कुंदन कुमार,आकाश कुमार, विकास कुमार,श्रेष्ठ पाठक, अर्श कुमार,हर्ष कुमार, रणवीर कुमार,साक्षी कुमारी, प्राची कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## भायली महिला मण्डल ने धूमधाम से मनाया गणगौर सिंधारा उत्सव

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर की सामाजिक और धार्मिक संस्था भायली महिला मण्डल द्वारा मारवाड़ी समाज की महिलाओं के लिए 11 वां गणगौर सिंधारा उत्सव राजस्थान भवन सोनारी में धूमधाम से मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि मंत्री बन्ना गुप्ता की पत्नी समाजसेविका सुधा गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी महिलाओं को गणगौर पूजन और सिंधारा की बधाई दी। संस्था अध्यक्ष कविता अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में इस वर्ष भी सोनारी की 6 बुजुर्ग महिला क्रमशः शंकुतला दीवान, ज्ञानधारा बाहेती, गिन्नी बाई, शंकुतला देवी, संतोषी देवी, और बिमला देवी को साल और वरिष्ठ श्रीसम्मान से सम्मानित किया गया।



## प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत एएनसी जांच शिविर का आयोजन

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत जिले में मंगलवार को अप्रैल माह के एएनसी जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसके तहत सदर अस्पताल में 83 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच करते हुए 8 महिलाओं का अल्ट्रासाउंड किया गया। सीनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 60 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई है। सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ नकुल प्रसाद चौधरी ने बताया जिले में सदर अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिमाह 9 तारीख को एएनसी जांच शिविर आयोजित कर गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की जाती है। इधर सीनी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को आयोजित अप्रैल महीने के एएनसी जांच शिविर में डॉ कुमारी माधुरी ने सीएचओ निशा कुमारी, संगीता कुमारी एवं अन्य युवकों सहयोगी मेडिकल टीम के साथ गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की।



## चांडिल एसडीओ ने ईद, रामनवमी को लेकर शांति समिति हुई बैठक

**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चांडिल अनुमंडल कार्यालय परिसर में चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी शुभ्रा रानी की अध्यक्षता में ईद एवं रामनवमी पूजा को लेकर शांति समिति कि बैठक हुई. बैठक में चांडिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुनील राजवार, बिजली विभाग के सहायक अभियंता लालजी महतो, एल आर डीसी विकास कुमार राय, ईचागढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी किकु महतो, चांडिल प्रखण्ड विकास पदाधिकारी तालेश्वर रोहिदास, एवं ईचागढ़, चांडिल, कुकुड़ू, नीमडीह के अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के गण्यमान लोग उपस्थित थे. अनुमंडल पदाधिकारी शुभ्रा रानी ने कहा कि ईद एवं रामनवमी पूजा आपस का भाईचारे का प्रतीक है. यदि कोई व्यक्ति पर्व पर अशांति फैलाते हैं तो तुरंत प्रशासन को खबर किजिए.



## बारीडीह मोहरदा गौड़ बस्ती में हरिनाम संकीर्तन का आयोजन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर बारीडीह मोहरदा गौड़ बस्ती में आज श्रीश्री सार्वजनिक राधा कृष्ण अखण्ड हरिनाम संकीर्तन समिति में झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता महाबीर मुर्मू शामिल होकर समस्त झारखंड वासियों के लिए सुख समृद्धि का कामना किये। इस अवसर पर मुख्य रूप ग्राम प्रधान त्रिलोकनाथ प्रधान, महावीर गौड़,सानतनु गौड़, बुद्धेश्वर गौड़,रामजीवन गौड़, काशीनाथ प्रधान रोहित गौड़, विशाल नायक, विक्रम गौड़, प्रवीण गौड़, पवन गौड़, आकाश गौड़, प्रवेश गौड़ मनोज तांती सागर कानूनगो रॉकी सिंह करण कालिंदी आदि उपस्थित थे।

## राधे कृष्णा ड्रेसेज ने टांगराईन स्कूल को दिया उपहार

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिवम शिल्प कला एवं राधे कृष्णा ड्रेसेज ,सोनारी के संयुक्त तत्वावधान में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, टांगराईन, पोटका में विद्यालय को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उपयोग के लिए फैंसी वस्त्र उपहार में दिया एवं बच्चों के बीच शीतल पेय व खाद्य सामग्री का वितरण किया । शिवम शिल्प कला की अध्यक्ष मधु सिंह ने कहा कि एक स्वस्थ विद्यार्थी को अच्छे और स्वच्छ वस्त्र के साथ साथ हाइजेनिक खाना अति आवश्यक होता है। हिना फिचाडिया ने कहा कि अच्छे वस्त्र पहनना हर बच्चे का अधिकार है। देवेंद्र फिचाड़िया ने भी बच्चों के बीच वस्त्र का वितरण किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी ने शिवम शिल्प कला और और राधे कृष्णा ड्रेसेज, सोनारी को इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया।

## राजकुमार सिंह आगुईडांगरा व पाथरडीह में आयोजित हरिनाम संकीर्तन में हुए शामिल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सह भाजपा नेता राजकुमार सिंह ने मंगलवार को पटमदा के आगुईडांगरा आखड़ा हरि मंदिर में आयोजित 24 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन के अंतिम रात्रि शामिल होकर मत्था टेका। इस दौरान उन्होंने भगवान श्रीहरि से क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर ग्राम प्रधान बाघाम्बर सिंह, निरंजन रजक, पेलाराम सिंह, महानंद महतो, खगेन महतो, भीष्मदेव सिंह, वीरेन्द्र नाथ महतो, हरेंद्र नाथ महतो, सुनील रजक, धृतराष्ट्र सिंह आदि मौजूद थे। मौके पर ग्राम प्रधान धरणीधर महतो, सनातन सिंह, भागवत महतो, लखींदर महतो, प्रेमानंद महतो, वीरेन्द्र नाथ महतो आदि मौजूद थे।



# झारखंड-ओडिशा तिरिंग बोर्डर पर जमशेदपुर पुलिस ने 11.16 लाख रुपये किये बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिले के बोर्डर एरिया ओडिशा के पास तिरिंग सीमा पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान 11 लाख 16 हजार रुपये नगद बरामद किया है. जमशेदपुर के एसएसपी किशोर कौशल ने इसकी पुष्टि की है. बताया जाता है कि करीब छह बाइक पर लोग सवार होकर जा रहे थे. सभी की गाड़ी में रंग का डब्बा था. बाइक सवार सामान्य तौर पर जा रहे थे कि पुलिस ने चेकिंग के दौरान उनको रोक लिया. सारे लोग रंग का डब्बा बताने लगे. लेकिन पुलिस ने सारे डब्बे को खुलवाया, जिसके बाद पुलिस ने देखा कि डब्बा में काफी कैश रखा हुआ था. सभी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और पूछताछ शुरू कर दी. सभी की गिनती की गयी, जिसमें पाया गया कि उनके पास 11.16 लाख रुपये है. इसके बाद पुलिस आगे के आदेश का इंतजार कर रही है. इस संबंध में एक एफआइआर दायर किया गया है. पकड़े गये लोगों ने बताया है कि वे लोग बेड बेचते है और उसकी कमाई को लेकर ओडिशा जा रहे थे. वे लोग यहां ब्रेड का कारोबार करते है. सारे लोग एक साथ जा रहे थे. सारे लोगों का पैसा उसी में था, जिसको प्रशासन ने पकड़ा है. गौरतलब है कि सारे सीमावर्ती इलाके में कैश के ट्रांजैक्शन को लेकर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

## ईद व रामनवमी को लेकर तिरुलडीह थाना में शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** मंगलवार को तिरुलडीह थाना परिसर में ईद, रामनवमी का त्यौहार एवं लोकसभा चुनाव को सुचारू रूप से संपन्न कराने को लेकर कुकड़ू प्रखंड के प्रभारी बीडीओ कीकू महतो की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में शांति समिति के सदस्य, अंजुमन कमिटी एवं अखाड़ा कमिटी से जुड़े लोग समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए. बैठक में शांतिपूर्ण तरीके से ईद एवं रामनवमी के त्यौहार मनाने की अपील की गई. साथ ही लोकसभा चुनाव की मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लोगों को जागरूक करने की अपील भी की गई. मौके पर कुकड़ू के प्रभारी सीओ दीपक प्रसाद, सब इंस्पेक्टर कमल यादव, पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साव, सब इंस्पेक्टर सोमा उरांव, सहायक सब इंस्पेक्टर रंजीत प्रसाद, तिरुलडीह के सदर असगर अली अंसारी, चौड़ा के सदर रफीक अंसारी, तिरुलडीह अखाड़ा लाइसेंसी अध्यक्ष दधि प्रसाद, अब्दुल रशीद अंसारी, सफाई अंसारी, ईचाडीह मुखिया चित्तारंजन सिंह मुंडा, चौड़ा मुखिया प्रतिनिधि रामलाल सिंह मुंडा, मनोज मछुआ आदि उपस्थित थे।

## बालीगुमा के समीप क्लासिक मोटर्स के गोदाम में लगी आग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मंगलवार की अहले सुबह एमजीएम थाना अंतर्गत बालीगुमा के समीप स्थित क्लासिक मोटर्स के गोदाम में अचानक आग लग गई. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 7 गाड़ियां मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. वैसे इस अगलगी में लाखों के नुकसान का आंकलन किया जा रहा है. बताया जाता है कि गोलमुरी निवासी फ़ैज़ अहमद का यह गैराज है. आग लगने की सूचना पर वे यहां पहुंचे. आग कैसे लगी फिलहाल इसका कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं मिल सका है. संभावना जताई जा रही है कि गैराज के पीछे झाड़ियों में लगे आग की चिंगारी से यह हादसा हुआ है।

## झामुमो नेता आस्तिक महतो पाथरडीह में आयोजित हरिनाम संकीर्तन में हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झामुमो नेता सह समाजसेवी आस्तिक महतो ने मंगलवार को पटमदा के पाथरडीह स्थित सार्वजनिक हरि मंदिर में आयोजित 24 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन के पहले दिन शामिल होकर मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने भगवान से क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य स्वपन कुमार महतो, नकुल महतो, मनोज महतो, ग्राम प्रधान धरणीधर महतो, सनातन सिंह, भागवत महतो, लखींदर महतो, प्रेमानंद महतो, वीरेन्द्र नाथ महतो आदि मौजूद थे। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने हरिनाम का श्रवण किया।

# सिद्धू कान्हु के स्थापना बोर्ड उखाड़ फेंकने का ग्रामीणों ने किया उग्र विरोध

### - पूर्व में भी दो बार इस तरह का घटना घट चुका है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड के पंचायत पारगामा के हाइतीरुल गांव में सोमवार की देर रात को असामाजिक तत्वों द्वारा सिद्धू कान्हु चौक हाइतीरुल में लगा हुआ स्थापना बोर्ड तथा सारना झंडा को उखाड़ फेक दिया गया। सुबह घटना की जानकारी होते ही ग्रामीण अक्रोशित होकर सिद्धू कान्हु चौक में सैकड़ों की संख्या में इकट्ठा होकर घटना का विरोध प्रदर्शन करने लगे। आदिवासी समुदाय के लोग पारम्परिक हथियार फरसा, तीर धनुष, कुल्हाड़ी आदि लेकर उग्र आंदोलन के लिए चौक किनारे प्रदर्शन करने लगे। घटना की सुचना मिलते ही नीमडीह थाना के एएसआई गौतम दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत कर उग्र ग्रामीणों को शांत कराया। ग्रामीणों के द्वारा लिखित रूप से घटना स्थल पर ही एएसआई ए गौतम को घटना से संबंधित आवेदन सौपा गया। एएसआई के द्वारा यथा शीघ्र घटना में संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके ऊपर कानूनी कारवाई करने का आश्वासन दिया, जिससे ग्रामीण शांत हुए। एएसआई से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि इसके पूर्व भी दो बार इस तरह का घटना घट चुका है, यह तीसरा बार हुआ। उन्होंने कहा कि यह जांच का विषय है और असमाजिक व्यक्तियों को चिन्हित कर कार्रवाई किया जाएगा।



**अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ने वालों का सम्मान हो- मुखिया**

पारगामा पंचायत के मुखिया लालु माझी ने कहा कि इस तरह की घटना समाज के लिए बहुत ही निंदनीय है। कोई भी स्वतंत्रता सेनानी हो सभी का समान एवं उचित आदर सम्मान करना हमारा फर्ज है।

**शख्त कारवाई नहीं हुई तो होगा आंदोलन : नव किशोर**

प्रखंड 20 सुत्री उपाध्यक्ष नव किशोर हांसदा ने कहा की इस तरह से आजादी आंदोलन के स्वतंत्रता सेनानीयो के ऊपर अपमान किसी भी सुरत में बर्दाश्त नही किया जायेगा। उन्होंने कहा कि घटना को अंजाम देने वाले के ऊपर कठोर कारवाई हो।

## जमशेदपुर की जीएसटी टीम ने 5000 करोड़ रुपये के घोटाले में दो भाइयों को किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** 5000 करोड़ रुपये के जीएसटी घोटाले के दो आरोपियों अमित गुप्ता और सुमित गुप्ता को कोलकाता से गिरफ्तार कर जमशेदपुर जीएसटी की टीम मंगलवार को शहर पहुंची. जिन्हें पहले एमजीएम अस्पताल में जांच के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया. बताया जा रहा है कि दोनों सगे भाई हैं. बता दे कि इससे पूर्व जीएसटी चोरी के आरोप में दो लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है. इन दोनों की गिरफ्तारी कोलकाता से की गयी. कोलकाता के साल्ट लेक में ये दोनों भाई रहते है और जुड़वा भाई है. सीबीडीटी के अधीन काम करने वाली जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने उनको आवास से पकड़ा. बताया जाता है कि कुल घोटाला पांच हजार करोड़ का है, जिसमें से तीन हजार का घोटाला इन लोगों ने किया है और करीब 300 करोड़ के घोटाले की बात इन लोगों ने स्वीकार किया है. जीएसटी इंटेलिजेंस विभाग के अधिकारी ने बताया कि दोनों चीन भागने की तैयारी में थे. इससे पहले ही विभागीय टीम ने उनको पकड़ लिया. इससे पहले इसी तरह के घोटाले में शिव कुमार देवड़ा को गिरफ्तार किया गया था, जिससे पूछताछ के दौरान इन दोनों जुड़वा भाईयों का नाम सामने आया. ये दोनों भाई एक ही फ्लैट में रहते थे और अलग-अलग फ्लोर में ही रहकर अपना सिंडिकेट चलाते थे।



# चैनपुर गांव में गला रेतकर युवक की नृशंस हत्या

### - चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में अब तक महिला समेत 6 लोगों की हत्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** 6 मार्च को युवक करण महतो एवं वृद्ध महिला बिमला महतो हत्याकांड का पुलिस अब तक गुत्थी सुलझाने में ही लगी हुई थी, वहीं चांडिल थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव में 18 वर्षीय युवक विनय मुर्मू की गला रेतकर नृशंस हत्या कर देने से क्षेत्र में फिर से सनसनी फैल गई। युवक का शव उसके घर से करीब आधा किलोमीटर दूर खून से लथपथ खेत में मिला। मंगलवार की सुबह गाय चराने गये युवक की शव ग्रामीणों ने खेत में देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद चांडिल थाना प्रभारी वरुण यादव घटनास्थल पहुंचे तथा मामले की छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के घरवालों ने बताया कि विनय मुर्मू सोमवार की देर शाम से घर से निकला था। देर तक नहीं आने पर उसकी खोजबीन की गई परंतु उसका कोई अता-पता नहीं चल सका। मृतक घर का इकलौता चिराग था। वह टेंट हाउस में काम करता था। इस घटना के बाद चैनपुर गांव में मातम पसर गया, तथा परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हुआ। पूर्व मुखिया ज्योतिलाल महाली चैनपुर पहुंचे तथा मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। थाना प्रभारी वरूण यादव ने बताया कि पुलिस प्रेम प्रसंग समेत अन्य सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।



## जेसीआई जमशेदपुर पहचान की अध्यक्ष बनी बीना देबुका, संभाला पदभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान की छठे सत्र की नयी कमिटी ने मंगलवार को पदभार संभाला। मंगलवार की शाम को बिष्टुपुर स्थित एक होटल में बतौर मुख्य अतिथि जेसीआई जोन उपाध्यक्ष देवेश नागोरी के नेतृत्व में शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ। नयी कमिटी की अध्यक्ष बीना देबुका, सचिव मोनिका बाकरेवाल, कोषाध्यक्ष पूजा मोदी हैं। संस्थापक अध्यक्ष कविता धूत ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही कमिटी का विस्तार किया जायेगा। शपथ ग्रहण के बाद अध्यक्ष बीना देबुका ने बताया कि संस्था का आगामी कार्यक्रम तीन दिवसीय पहचान लाइफस्टाइल फैशन प्रदर्शनी तुलसी भवन में 2, 3 और 4 मई को होने जा रहा हैं। मौके पर मुख्य अतिथि देवेश नागोरी द्वारा विकास और प्रबंधन प्रशिक्षण भी दिया गया। अंत में मोनिका बाकरेवाल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में नयी टीम सहित संस्था से जुड़ी अन्य महिला सदस्य क्रमशः कविता धूत, किरण अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, सुजीता अग्रवाल, संगीता गुप्ता, नीमा आदि मौजूद मौजूद थी।



### रामनवमी व चैती छठ को लेकर डीसी, एसएसपी ने किया विभिन्न घाटों का निरीक्षण

# सुरक्षा व्यवस्था का रहेगा पुख्ता इंतजाम : एसएसपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रामनवमी विसर्जन जुलूस के दिन झंडा को ठंडा किये जाने और चैती छठ को लेकर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल व वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा स्वर्णरेखा व खरकई नदी के घाटों का निरीक्षण किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत, परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार समेत अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान जिला के वरीय पदाधिकारियों ने सोनारी में दोमुहानी छठ घाट, कदमा सती घाट व बिष्टुपुर में बेली बोधन वाला घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर निकाय अधिकारियों व जुस्को के प्रतिनिधि को छठ घाटों को दुरुस्त करने, साफ सफाई कार्य, डेंजर जोन को चिह्नित कर आवश्यकतानुसार बेरिकेडिंग संबंधित कार्यो की तैयारियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि त्योहार के मद्देनजर सभी छठ घाट, सार्वजनिक स्थल व संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। जिले में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। मौके पर डीटीओ, जेएनएसी के उप नगर आयुक्त, एसडीएम धालभूम, आरसीडी के कार्यपालक अभियंता, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, जुस्को के पदाधिकारी, सम्बन्धित डीएसपी, थाना प्रभारी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## भीषण गर्मी में को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज में ऑनलाइन क्लास की मांग

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोल्हान विश्वविद्यालय के अधीन संचालित जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज में भीषण गर्मी के कारण विद्यार्थी काफी परेशान हैं. इस वजह से उपस्थिति भी काफी कम दर्ज की जा रही है. इसके साथ ही अन्य कॉलेजों का भी कमोबेश यही हाल है. इसे लेकर कॉलेज के पूर्व छात्र अमर तिवारी ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग से जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज समेत अन्य कॉलेजों में जून माह तक ऑनलाइन क्लास की व्यवस्था करने की मांग की है.उन्होंने कहा है कि पिछले वर्ष भी मांग करने पर गर्मी छुट्टी के दौरान ऑनलाइन क्लास हुई थी. इस वर्ष गर्मी पहले ही आ गई है और चुनाव आयोग द्वारा भी कॉलेज को कब्जे में लिया जायेगा. इससे पढ़ाई बाधित होगी. इसीलिए विश्वविद्यालय को जल्द ऑनलाइन क्लास की व्यवस्था करनी चाहिए.

## पति- पत्नी विवाद में पति ने पत्नी को मारी गोली, एमजीएम अस्पताल में भर्ती

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोलमुरी थाना अंतर्गत रामदेव बगान निवासी अमनदीप कौर उर्फ कोमल को उसके पति करन सिंह ने मंगलवार देर शाम विवाद के बाद गोली मार दी. घटना के बाद परिजनों ने अमनदीप को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है. अमनदीप के पैर में गोली लगी है. इधर, सूचना पाकर डीएसपी सिटी सुधीर कुमार मौके पर पहुंचे पर अमनदीप से पूछताछ की.अमनदीप ने बताया कि उसने करन के साथ साल 2017 में प्रेम विवाह किया था. करन अपराधिक प्रवृत्ति का है जिस कारण वह अपने मायके में रहती है. करन पड़ोस में ही रहता है, अक्सर किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहा है. आज वह अपने तीन साल की बेटी के साथ मनसा पूजा के लिए बाजार जा रही थी. तभी रास्ते में ही करन ने रोका और मारपीट शुरू कर दी. इसी बीच उसने बंदूक निकालकर गोली चला दी. फिलहाल करन फरार चल रहा है।

# एनएसई का आईएफसी और जलवायु बांड पहल के साथ सहयोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने भारतीय उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई अपनी उद्घाटन कार्यशालाओं को पूरा किया है। ये महत्वपूर्ण कार्यक्रम अलग-अलग स्थानों पर दो दिनों में पहला मुंबई और दूसरा नई दिल्ली में आयोजित किया गया। डीप डाइव इन ग्रीन, सोशल एंड सस्टेनेबिलिटी (जीएसएस) बॉन्ड्स इश्यूएंस प्रोसेस शीर्षक वाली ये दिनभर चलने वाली कार्यशालाएं आईएफसी रेजियो तकनीकी सहायता सुविधा के तहत एचएसबीसी और द किंगडम ऑफ द नीदरलैंड्स द्वारा प्रायोजित इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन (आईएफसी), क्लाइमेट बॉन्ड इनिशिएटिव (सीबीआई) के साथ एक संयुक्त प्रयास था। एक कार्यशाला से अधिक, इस पहल ने हमारे बाजारों और समाज के लिए एक स्थायी भविष्य बनाने के लिए जीएसएस बांड की शक्ति का लाभ उठाने के लिए उद्योग के लीडरों और नीति निर्माताओं के लिए एक रैली बिंदु के रूप में कार्य किया। जीएसएस बांड के बढ़ते क्षेत्र के बारे में ज्ञान बढ़ाने और चर्चा को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया यह कार्यक्रम भारत में जलवायु वित्तपोषण अंतर को पाटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति है। इसने विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों को संवाद में शामिल होने, अंतर्दृष्टि साझा करने और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से नवीन वित्तीय तंत्र का पता लगाने के लिए एक व्यापक मंच प्रदान किया। इस संबंध में आईएफएससीए के चेयरमैन के राजारमन ने जीएसएस बांड के महत्व पर अपने व्यावहारिक संबोधन में जोर देकर कहा, ष्जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौती का समाधान करना सर्वोपरि है, और भारत में, इसके लिए हरित, सामाजिक और स्थिरता से जुड़े वित्तीय यंत्र को एक मजबूत अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि आज का प्रशिक्षण कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पहल का प्रतिनिधित्व करता है, जो इस परिदृश्य को प्रभावी ढंग से नेविगेट करने के लिए व्यक्तियों और संगठनों के बीच जागरूकता और तैयारियों को बढ़ाता है।




## चित्तरंजन मुखर्जी के स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रेड क्रॉस सोसाइटी ईस्ट सिंहभूम और अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा समिति के संयुक्त पहल पर मतदान जागरूक कार्यक्रम पूर्व सैनिक स्वर्गीय चित्तरंजन मुखर्जी के स्मृति में आयोजित रक्त दान शिविर में रक्तदाताओ के बीच तथा रेड क्रॉस के सदस्यो, डॉक्टर, वॉलंटियर में किया गया। सचिव विजय कुमार और पूर्व सैनिक सेवा समिति के सचिव सुशील कुमार ,पूर्व सैनिक तिवारी,प्रभुनाथ सिंह,पूरबी घोष ने लोगो को मतदान के लिएद्र जागरूक किए।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




संपादकीय

## मोदी बनाम सुक्खू

**हिमाचल** में चुनावी बिसात पर इस बार नए दांव पेंच के अलावा केंद्र बनाम राज्य की सीधी टक्कर होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगर शतरंज के माहिर खिलाड़ी हैं, तो मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू भी सियासी खेल के उस्ताद तो तसदीक हो चुके हैं। उनके प्रशंसक तथा आलाकमान तक उनके समर्थक यह मानते हैं कि इस बंदे में इतना दम तो है कि यह वीरभद्र सिंह द्वारा बिछाई तमाम सुरंगों तथा दीवारों को लांघ कर स्वीकार्य नेता साबित हुए। सत्ता से पहले संगठन की ताकत में सुक्खू ने अपना जौहर दिखाकर कई किले छीने हैं, लेकिन अब सरकार के दुर्ग को बचाने का इम्तिहान है। बहरहाल हिमाचल में लोकसभा के साथ उपचुनावों का जुडऩा, कहीं तो प्रदेश सरकार की नीति और नीयत को अखाड़े तक ले आया है। हमने इन्हीं कालमों में मुख्यमंत्री के प्रदर्शन का सदैव दो पहलुओं में विश£षण किया है। वह राजनीति के माहिर रहे हैं। वह राजनीति को चलाने का माद्दा व इरादा भी बेहतर रखते हैं, लेकिन सरकार के बीच राजनीति और राजनीति के बीच सरकार को पूर्ण सुरक्षित सांचे में रखने के लिए संतुलन नहीं बना सके। जब सुक्खू सरकार बनी तो मुख्यमंत्री के पक्ष में आस्था के 43 दीप जले थे, जो अब घटकर 34 हो चुके हैं। इसमें दो राय नहीं कि 34 की संख्या को आसानी से 36 या 37 विधायकों तक पहुंचाया जा सकता है, लेकिन बतौर मुख्यमंत्री ऐसी परिस्थिति तक पहुंचना प्रदेश की पूरी राजनीति के लिए घातक है। यहां उनके सवा साल के सफर में मुख्यमंत्री का पद, प्रदेश का शासन तंत्र, प्रशासनिक पकड़, चुनौतियों की राह और पहाड़ी प्रदेश की दुश्वारियों का उल्लेख भी हो रहा है। जाहिर तौर पर सरकार का कद विभिन्न मोर्चों पर दिखाई दिया और व्यवस्था परिवर्तन के मार्गदर्शन पर हिमाचल का नजरिया बदलता हुआ महसूस हुआ। ऐसे में चुनावी दौड़ में हिमाचल अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इतिहास से प्रभावित रहेगा, तो सुक्खू के व्यक्तित्व की धार से भी संबोधित होगा। कम से कम हिमाचल में मोदी को सीधे सुक्खू से टकराना पड़ेगा। इसे हम एक दृष्टि से सुक्खू की बतौर मुख्यमंत्री उपलब्धि तो मान ही सकते हैं, लेकिन दूसरी ओर राजनीतिक घटनाक्रम के अवांछित अध्याय अशांत और रूठे हुए बैठे हैं। कुछ दरारें अब दीवारें बन गईं, लेकिन जमीन का धंसना नहीं रुका। इसमें कोई दो राय नहीं कि सवा साल के परिश्रम में सुक्खू सरकार का आपदा प्रबंधन पूरे देश ने देखा है और जहां केंद्र बनाम हिमाचल के बीच अधिकारों का आमना-सामना भी मुख्यमंत्री को सशक्त बनाता रहा। प्रशासनिक तौर पर कई फैसले सही होंगे, तो कई अन्य नापसंद भी किए गए, लेकिन भूराजस्व महकमे के नजरिए में परिवर्तन लाकर मुख्यमंत्री का रुतबा लोगों का दिल जीत लेता है। जमीनी दस्तावेजों में लंबित इंतकाल और तकसीम मामलों को सुलझाने का रिकार्ड कायम करके साबित कर दिया कि सरकार अगर चाहे तो व्यवस्था परिवर्तन ला सकती है। सुक्खू ने सरकार में अपने हस्ताक्षर प्रशासनिक तौर पर तो सशक्त किए, लेकिन राजनीतिक तौर पर इसकी कीमत तय है। कुछ चुकानी पड़ी, लेकिन कसरतों में अगर वह सफल होते हैं, तो इतिहास उनके साथ खड़ा होगा। कम से कम यह तो आज ही कहा जा सकता है कि हिमाचल में लोकसभा से उपचुनावों तक सुक्खू बनाम मोदी होने जा रहा है। अगर डबल इंजन सरकार का नारा लगा, तो हिमाचली अधिकार तथा आपदा में केंद्र की बेरुखी पर सवाल उठेंगे और अगर केंद्रीय योजनाएं सामने रखी गईं, तो ओपीएस लागू करके सुक्खू आगे खड़े हो जाएंगे। मुकाबले फोरलेन व रेलवे विस्तार की आंखों में आंखें डाल कर वंदे भारत की यात्रा कराएंगे, तब सुक्खू के पैमाने कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार तथा पर्यटन राजधानी तक उतर आएंगे। जो भी हो, मोदी के प्रचार का सामना करने के लिए सुक्खू के पास अपनी सरकार के बचाव के तमाम हथियार मौजूद हैं, लेकिन सत्ता की सेंधमारी में गंवाए छह विधायकों की कचहरी का सामना मुश्किलें पैदा जरूर करेगा।

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगर शतरंज के माहिर खिलाड़ी हैं, तो मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू भी सियासी खेल के उस्ताद तो तसदीक हो चुके हैं। उनके प्रशंसक तथा आलाकमान तक उनके समर्थक यह मानते हैं कि इस बंदे में इतना दम तो है कि यह वीरभद्र सिंह द्वारा बिछाई तमाम सुरंगों तथा दीवारों को लांघ कर स्वीकार्य नेता साबित हुए। सत्ता से पहले संगठन की ताकत में सुक्खू ने अपना जौहर दिखाकर कई किले छीने हैं, लेकिन अब सरकार के दुर्ग को बचाने का इम्तिहान है। बहरहाल हिमाचल में लोकसभा के साथ उपचुनावों का जुडऩा, कहीं तो प्रदेश सरकार की नीति और नीयत को अखाड़े तक ले आया है। हमने इन्हीं कालमों में मुख्यमंत्री के प्रदर्शन का सदैव दो पहलुओं में विश£षण किया है। वह राजनीति के माहिर रहे हैं। वह राजनीति को चलाने का माद्दा व इरादा भी बेहतर रखते हैं, लेकिन सरकार के बीच राजनीति और राजनीति के बीच सरकार को पूर्ण सुरक्षित सांचे में रखने के लिए संतुलन नहीं बना सके।

प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात प्रत्येक दिन औसतन 2 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे

## भारतीय अर्थव्यवस्था लम्बी छलांग लगाने को तैयार

प्रह्लाद सबनानी

**वित्तीय** वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही (अक्टोबर-दिसम्बर 2023) में भारत में आर्थिक विकास की दर 8.4 प्रतिशत रही है। कुछ विदेशी अर्थशास्त्री भारत की आर्थिक विकास दर को कमतर आंकते हुए दिखाई दे रहे हैं जबकि यह लगातार तिमाही दर तिमाही आगे बढ़ती ही जा रही है। अब तो विश्व की कई आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों ने भी वर्ष 2024 के लिए भारत की आर्थिक विकास दर के सम्बंध में अपने अनुमानों को बेहतर किया है, परंतु अभी भी इन संस्थानों के यह अनुमान वास्तविक आर्थिक विकास दर की तुलना में बहुत कम हैं। दरअसल, विदेशी आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों द्वारा विशेष रूप से भारत की आर्थिक विकास दर को आंके जाने के सम्बंध में उपयोग किए जा रहे मॉडल अब बोथरे साबित हो रहे हैं। हाल ही के समय में भारत के नागरिकों में "स्व" का भाव विकसित होने के चलते देश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से बढ़ा है। उदाहरण के लिए अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात प्रत्येक दिन औसतन 2 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह तो केवल अयोध्या की कहानी है इसके साथ ही काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक, जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री जैसे कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी के बदौलत रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं, जो देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं। परंतु, यह तथ्य विदेशी आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों को दिखाई नहीं दे रहा है, जो कि केवल भारत की ही विशेषता है। उक्त तथ्यों के अतिरिक्त अन्य कई कारक भी भारत की आर्थिक विकास दर को अब 9 से 10 प्रतिशत की सीमा में ले जाने को तैयार दिखाई दे रहे हैं। आज भारतीय अर्थव्यवस्था की तुलना में भारत से आगे चल रही विश्व के अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर में ठहराव आ गया है। जैसे अमेरिका एवं यूरोप की अर्थव्यवस्थाएं आगे आने वाले समय में प्रतिवर्ष केवल 2 अथवा 3 प्रतिशत की दर से ही आगे बढ़ पाएंगी। इसी प्रकार चीन की अर्थव्यवस्था भी अब ढलान पर दिखाई दे रही है। जापान एवं जर्मनी की अर्थव्यवस्थाओं में तो आर्थिक मंदी देखी जा रही है। इस प्रकार



विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत के अमृत काल में केवल भारतीय अर्थव्यवस्था ही तेज गति आगे बढ़ती दिखाई दे रही है। वैसे भी भारत में अमृत काल तो अभी शुरू ही हुआ है एवं यह अगले 23 वर्षों अर्थात वर्ष 2047 तक यह खंडकाल जारी रहेगा। कुछ अर्थशास्त्री तो भारत के अमृत काल के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था के इसी तरह तेज गति से आगे बढ़ते रहने की संभावनाएं व्यक्त कर रहे हैं क्योंकि भारत में वर्ष 1991-92 में प्रारम्भ किए आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्र के सुधार कार्यक्रम को अब 32 वर्ष पूर्ण हो गए हैं, हालांकि वर्ष 1991-92 के बाद भी भारत में आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्रों में सुधार कार्यक्रम लगातार जारी रहे हैं। अतः स्थिर हो चुके इन सुधार कार्यक्रमों के फल खाने का समय अब आ गया है। भारत द्वारा वर्ष 1947 में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात, पिछले 77 वर्षों के दौरान भारत में लोकतंत्र लगातार मजबूत हुआ है एवं आज पूरे विश्व में भारत इस दृष्टि से प्रथम पायदान पर खड़ा है। भारत में लोकतंत्र के लगातार मजबूत होते जाने से विदेशी निवेशकों का भारत में विश्वास बढ़ा है जिसके चलते भारत में उद्योग जगत को पूंजी की कमी नहीं के बराबर रही है। पर्याप्त पूंजी की उपलब्धता के चलते भारत में आर्थिक विकास को गति ही मिली है। भारत में लगातार तेज हो रही आर्थिक विकास की दर के कारण भारत में बिलिनियर (100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सम्पत्ति वाले नागरिक) की संख्या में सुधार हुआ है। पिछले वर्ष भारत में 94 नए बिलिनियर बने हैं। जबकि चीन में 115 बिलिनियर कम हुए हैं। विश्व में बिलिनियर की संख्या के मामले में भारत चीन एवं अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर आ गया है। भारत में आज 271 बिलिनियर हैं जबकि चीन में 814 एवं अमेरिका में 800 बिलिनियर हैं। मुंबई महानगर में तो अब 92 बिलिनियर निवास कर रहे हैं, जो चीन के बीजिंग महानगर के 91 बिलिनियर से अधिक है। इस प्रकार अब एशिया के किसी भी महानगर में सबसे अधिक बिलिनियर भारत के मुंबई महानगर में निवास कर रहे हैं। पूरे विश्व भारत के मुंबई महानगर से आगे अब केवल अमेरिका का न्यूयॉर्क महानगर (119 बिलिनियर) एवं ब्रिटेन का लंदन महानगर (97 बिलिनियर) ही है। वर्ष 2022-23 में चीन में बिलिनियर की संख्या घटी है। चीन में बिलिनियर की सम्पत्ति 15 प्रतिशत से कम हुई है। जबकि भारत में बिलिनियर की सम्पत्ति में वृद्धि दर्ज हुई है। यह भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास दर के चलते सम्भव हो सका है। एक और कारक जो आगे आने वाले समय में भारत की आर्थिक विकास दर को लगातार उच्च स्तर पर बनाए रखने में सहायक हो सकता है वह है भारत में प्रति व्यक्ति वार्षिक औसत आय का लगभग 2500 अमेरिकी डॉलर का होना है जो चीन में 13,000 से 14,000 अमेरिकी डॉलर के एवं दक्षिणी कोरीया में 32,000 से 33,000 अमेरिकी डॉलर के बीच की तुलना में बहुत कम है। इस दृष्टि से भारत को अभी बहुत आगे तक जाना है और यह केवल आर्थिक विकास की औसत दर को 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष के आसपास बनाए रखने से ही सम्भव होगा। इस प्रकार भारतीय नागरिकों में अपनी औसत आय को विकसित देशों की तुलना में बेहतर करने की अभी बहुत गुंजाइश है और यह भावना भारत की आर्थिक विकास दर को बढ़ाए रखने में सहायक होगी। दूसरे, भारत में तकनीकी क्षेत्र विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास की दर बहुत प्रभावकारी है, डिजिटल क्षेत्र में तो भारत आज पूरे विश्व को ही राह दिखाता नजर आ रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास के चलते भारत में विभिन्न क्षेत्रों में श्रमिकों, व्यवसाइयों, प्रबंधकों, कृषकों आदि की उत्पादकता में भी सुधार दृष्टिगोचर है जो निश्चित ही भारत में आर्थिक विकास की गति को तेज करने में सहायक होगा। आज अमेरिका एवं कनाडा में निवासरत एवं सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य कर रहे भारतीय मूल के नागरिक वापिस भारत आकर बसने के बारे में गम्भीरता से विचार कर रहे हैं क्योंकि अब अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों की तुलना में भारत में लगातार तेज हो रही आर्थिक विकास की दर उन्हें आकर्षित कर रही है।

> वित्तीय संस्थानों ने भी वर्ष 2024 के लिए भारत की आर्थिक विकास दर के सम्बंध में अपने अनुमानों को बेहतर किया है, परंतु अभी भी इन संस्थानों के यह अनुमान वास्तविक आर्थिक विकास दर की तुलना में बहुत कम हैं। दरअसल, विदेशी आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों द्वारा विशेष रूप से भारत की आर्थिक विकास दर को आंके जाने के सम्बंध में उपयोग किए जा रहे मॉडल अब बोथरे साबित हो रहे हैं।

दृष्टि कोण

## विद्यार्थियों के लिए फिटनेस कार्यक्रम जरूरी

**वर्षों** से स्कूली स्तर पर फिटनेस कार्यक्रम शुरू करने की बात इस कॉलम के माध्यम से हो रही है, मगर हिमाचल प्रदेश का कोई भी सरकारी या निजी स्कूल अपने यहां फिटनेस कार्यक्रम लागू करने में नाकाम रहा है। कई बार नए शिक्षा सत्र शुरू होकर खत्म हो गए, मगर फिटनेस कार्यक्रम कहीं भी शुरू नहीं हो पाया है। मगर इस वर्ष हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के विद्यालयों में विद्यार्थियों की सामान्य फिटनेस के लिए पहले की तरह अनिवार्य रूप से ड्रिल के पीरियड का प्रावधान किया है। शिक्षण विषयों के रिपोर्ट कार्ड की तरह स्वास्थ्य के मानकों का रिपोर्ट कार्ड भी प्रत्येक विद्यार्थी का हर स्कूल में अनिवार्य रूप से हो, क्योंकि भाषा व अन्य शिक्षण विषयों की तरह ही स्वास्थ्य के मूल स्तंभ स्पीड, सट्रेंथ, इडोरैंस व लचक आदि का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी उसी उम्र में शुरू करना होता है। शिक्षण विषयों के लिए तो स्कूलों के पास शिक्षक सहित पूरा प्रबंध है, मगर स्वास्थ्य के घटकों को विकसित करके उनका मूल्यांकन करने की कोई भी सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। इस कॉलम के माध्यम से कई बार इस विषय पर स्कूलों व अभिभावकों को चेताया जा चुका है, मगर कोई भी समझने के लिए तैयार नहीं है। किसी भी देश को इतनी क्षति युद्ध या महामारी से नहीं होती है, जितनी तबाही नशे के कारण हो सकती है। आज जब देश के अन्य राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश में भी नशा युवा वर्ग पर ही नहीं किशोरों तक चरस, अफीम, स्मैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार के माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है, इसलिए सरकार, स्कूल प्रबंधन व अभिभावकों को इस विषय पर जरूरी कदम जल्दी ही उठा लेने चाहिएं। यदि विद्यार्थी किशोरावस्था में नशे से बच जाता है तो वह फिर युवावस्था आते-आते समझदार हो गया होता है। माध्यमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विधाओं में व्यस्त रखने के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस की तरफ मोडऩा बेहद जरूरी हो जाता है। मानव का सर्वांगीण विकास शिक्षा के बिना अधूरा है। शिक्षा की परिभाषा में साफ-साफ लिखा है कि यहां शारीरिक व मानसिक दोनों तरह से बराबर विद्यार्थियों का विकास करना है जिससे वे आगे चलकर जीवन को सफलतापूर्वक खुशहाल जी सकें। शारीरिक विकास के लिए खेलों के माध्यम से फिटनेस कार्यक्रम बहुत जरूरी हो जाता है। खेल ही वह माध्यम है जिसके द्वारा विद्यार्थी को नशे से दूर रखा जा सकता है। पड़ोसी राज्य पंजाब एक समय



तरक्की में देश का अग्रणी राज्य रहा है। खेलों में उत्कृष्टता उस प्रदेश की तरक्की व खुशहाली का भी पैमाना होती है। पंजाब में हजारों प्रशिक्षक विभिन्न खेलों में खेल प्रशिक्षण के लिए नियुक्त होने के साथ-साथ खेल प्रशिक्षण के लिए आधारभूत ढांचा होना वहां के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रमुख कारण रहा था। बाद में जब पंजाब धीरे-धीरे खेलों से दूर हुआ तो पहले वहां आतंकवाद और फिर आजकल पंजाब नशे का अड्डा बना हुआ है। यही कारण है कि हर क्षेत्र में आज हरियाणा पंजाब से काफी आगे निकल गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एशियाई, राष्ट्रमंडल व ओलंपिक खेलों में पदक विजेता होने पर खिलाडियों को करोड़ों रुपए के नगद ईनाम व सम्मानजनक नौकरी देकर हरियाणा में खेलों के लिए बहुत ही उपयुक्त वातावरण तैयार किया है। उसी का नतीजा है कि आज हरियाणा का हर किशोर व युवा किसी न किसी खेल के मैदान में नजर आता है। हिमाचल प्रदेश में भी पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने प्रदेश की खेलों के लिए अपने पहले कार्यकाल से ही कई महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हिमाचल प्रदेश में कई खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड, सरकारी नौकरियों में तीन प्रतिशत आरक्षण तथा देश में प्रशिक्षक कैडर डाईंग हो जाने के बाद पहली बार प्रशिक्षकों की भर्ती जैसे बहुत बड़े खेल सुधार किए। हिमाचल प्रदेश की खेल सुविधाओं का प्रयोग राज्य में स्वास्थ्य व खेलों के लिए बड़े स्तर पर करना चाहिए। हिमाचल प्रदेश इस समय शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है। पिछले कुछ दशकों से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों की फिटनेस में बहुत कमी आई है। इसका प्रमुख कारण विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम का न होना है। रट्टे वाली पढ़ाई की होड़ में हम विद्यार्थियों की फिटनेस को ही भूल गए हैं। हिमाचल प्रदेश की अधिकांश आबादी गांव में रहती थी।

### ईद खुशियों और भाईचारे का त्योहार

## सद्भाव की भावना से ओत प्रोत ईद का त्योहार हमें शांतिपूर्ण और समृद्ध समाज बनाने के लिए प्रेरित करता है



आरिफ वकार @ प्रभात मंत्र

ईद मुस्लिम समुदाय के लिए सबसे अहम त्योहार है। इसे ईद-उल-फितर या मीठी ईद के नाम से भी जाना जाता है। ईद का पर्व रमजान के पवित्र महीने के अंत का प्रतीक है। रमजान महीने के खत्म होते ही ईद मनाई जाती है। लेकिन ईद की तारीख अर्धचंद्र के दीदार के बाद ही तय होती है। अरबी के दसवें महीने यानी सववाल महीने के चांद के दीदार के बाद ईद का त्योहार मनाया जाता है। दरअसल अलग-अलग देशों में अलग-अलग तारीखों पर शव्वाल का चांद देखा जाता है। ऐसे में ईद की तारीख भी अलग-अलग देशों में अलग-अलग हो सकती है। बात करें भारत की तो भारत में 9 अप्रैल को रमजान का 29वां रोजा रखा जाएगा। यदि इस दिन आसमान में अर्धचंद्र का दीदार होता है तो अगले दिन यानी 10 अप्रैल को ईद मनाई जाएगी और अगर 29वें रोजे पर चांद नजर नहीं आता है तो रमजान का 30 रोजा पूरा करने के बाद 11 अप्रैल को भारत में ईद मनाई जाएगी।

**ईद से पहले क्यों देखा जाता है चांद**

इस्लामिक कैलेंडर चंद्रमा पर आधारित होता है और सभी पर्व-त्योहार भी चंद्रमा पर निर्भर करते हैं। अर्धचंद्र को देखना एक धार्मिक प्रकिया है। नया चांद दिखने पर नया महीना शुरू होता है, और रमजान के आखिर दिन इसी नए चांद को देखने के बाद शव्वाल महीना शुरू होता है और फिर ईद मनाई जाती है।

**ईद की शुरुआत कैसे हुई**

इस्लाम के इतिहास के मुताबिक ईद उल फितर की शुरुआत जंग-ए-बदर के बाद हुई थी। इस युद्ध में मुसलमानों की जीत हुई थी। युद्ध का नेतृत्व स्वयं पैगंबर मोहम्मद साहब ने किया। युद्ध में जीत के बाद लोगों ने ईद मना कर अपनी खुशी जाहिर की थी। ईद के मायने खुशी के होते हैं इस लिए ईद खुशियों का त्योहार है।

**बख्शीश और इनाम का दिन है ईद का त्योहार**

रमजान माह के रोजे को फर्ज करार दिया गया है, ताकि इंसानों को भूख-प्यास का महत्व पता चले। भौतिक वासनाएं और लालच इंसान के वजूद से जुदा हो जाए और इंसान कुरआन के अनुसार अपने को ढाल लें। रमजान के पवित्र महीने में इस्लाम धर्म के अनुयायी पूरे 1 महीने रोजा यानी उपवास रखते हैं। रमजान महीने में मुसलमानों को रोजा रखना अनिवार्य है। हर वह मुसलमान जो सेहतमंद और बालिग है उसके लिए रोजा अनिवार्य है। पैगंबरे मोहम्मद साहब ने कहा कि जब अहले ईमान रमजान के पवित्र महीने के एहतेरामों से फारिग हो जाते हैं और रोजों-नमाजों तथा उसके तमाम कामों को पूरा कर लेते हैं, तो अल्लाह एक दिन अपने उक्त इबादत करने वाले बंदों को बख्शीश व इनाम से नवाजता है। इसलिए इस दिन को ईद कहते हैं और इसी बख्शीश व इनाम के दिन को ईद-उल फितर का नाम देते हैं।

**ईद का त्योहार हमें क्या संदेश देता है**

ईद रमजान के पवित्र महीने के अंत का प्रतीक है। यह प्रेम, करुणा और स्नेह की भावनाओं के विस्तार का त्योहार है। ईद हमें एकता और आपसी सौहार्द का संदेश देता है। यह त्योहार सद्भाव की भावना से ओत-प्रोत है और हमें एक शांतिपूर्ण और समृद्ध समाज बनाने के लिए प्रेरित करता है। ईद का पर्व त्याग और धर्म के प्रति समर्पण को दर्शाता है। यह बताता है कि इंसानियत के लिए अपनी इच्छाओं का त्याग करना चाहिए जिससे कि एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके।

देश दुनीया से

## वोट में तब्दील होने वाले मुद्दों की तलाश बड़ी चुनौती

**18वीं** लोकसभा के चुनावों का बिगुल बज चुका हैं वहीं पहले चरण की 102 सीटों के लिए नामांकन का कार्य पूरा होने के साथ ही एनडीए ने 31 मार्च को मेरठ और इंडी गठबंधन ने नई दिल्ली से चुनावी कंपेन का आगाज कर दिया है। लोकसभा के सातों चरणों के मतदान तक राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव रैलियों, रोड़ शो सहित विभिन्न मंचों से एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहेगा। सौ टके का सवाल यह है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनावों में चुनाव अभियान के दौरान आखिर मुख्य मुद्दे क्या बनेंगे ? हाल ही पांच विधान सभा चुनावों के दौरान गांरटियों की खूब चर्चाएं रही। एक तरफ गांरटियां थी तो दूसरी और बीजेपी ने मोदी को ही गारंटी बताकर प्रचारित किया। दरअसल देखा जाएं तो पिछले कुछ चुनावों से चाहे वे लोकसभा के हो या विधानसभाओं के चुनाव हो, सीधे जनता से जुड़े मुद्दें तो कहीं नेपथ्य में ही रह जाते हैं। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि जनता से जुड़े मुद्दों को आमजनता भी अब मुद्दे या चुनावी एजेंडा नहीं मानने लगी है। इसका कारण भी कुछ और ही होता जा रहा है। किसी जमाने में गरीबी हटाओं या भ्रष्टाचार मिटाओं या महंगाई या बेरोजगारी तो सकारात्मक प्रचार अभियान में विकास की बात आदि मुद्दे महत्वपूर्ण होते थे पर अब देखा जाए तो यह मुद्दे वोट में तब्दील नहीं हो पा रहे हैं। पिछले चुनावों के अनुभव हमारे सामने हैं। दर असल अब नकारात्मक प्रचार राजनीतिक दलों पर उलटा पड़ने लगा है। पिछले दो लोकसभा के चुनावों में चौकीदार, सेना के साक्ष्य, चाय वाला आदि ऐसे वक्तव्य रहे जिसका जितना अधिक उपयोग हुआ वह भाजपा और नरेन्द्र मोदी के पक्ष में ही गया। दरअसल अब वोट विश्वसनीयता यानी की भरोसे और वोल्डनेस पर पड़ने लगे हैं। एक बात यह भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि आजादी के 75 साल बाद भी किसी दल का वोट प्रतिषत 50 प्रतिशत का आंकड़ा छू नहीं पाया है। दूसरी और चुनाव आयोग द्वारा लाख प्रयासों के बाद भी 100 में से 33 प्रतिशत मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर मतदान के लिए ले जाने में हम सफल नहीं हो पा रहे हैं। खैर यह अलग विचारणीय मुद्दे हैं। विपक्ष के प्रयास है कि सत्तारुढ़ द्वारा संबैधानिक संस्थाओं यथा ईडी, आईटी आदि जांच एजेंसियों का हथियार के रुप में उपयोग, चुनावी बॉण्ड, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार आदि को प्रभावी तरीके से चुनावी मुद्दा बनाया जाये पर अभी तक जो दिखाई दे रहा है उसमें साफ है कि यह मतदाताओं को प्रभावित करने वाले मुद्दे बन नहीं पा रहे हैं। इसका एक प्रमुख कारण तो विपक्षी खासतौर से इंडी के दलों का जुड़ना बिखरना जारी है। एक तरफ ममता पं.बगांल में कांग्रेस द्वारा वामपंथी दलों के साथ तालमेल कर चुनाव लड़ने को खुले आम भाजपा को लाभ बताने वाला निर्णय बता रही हैं वहीं बिहार, महाराष्ट्र, दिल्ली में कांग्रेस का छोटे पार्टनर के रुप में सामने आने, पंजाब में आप से सीटों के बंटवारें को लेकर समझौता ही नहीं होने, बसपा का अलग रुख, अजित जनता दल का बीजेपी के साथ आना, ओडीसा में बीजद सहित विरोधाभास सामने आ रहे हैं। वहीं दिल्ली की रैली से साफ हो जाता है कि विपक्ष का जो पैनापन होना चाहिए था वह लगभग असरदार नहीं दिखा। चुनावी बॉण्ड का मुद्दा जिस तरह से उछला वह अपनी धार नहीं दिखा पाया क्योंकि चुनावी चंदा सभी ने लिया चाहे वो कम हो या ज्यादा। दूसरी बात आमजन का यह सोच माना जा सकता है कि सभी राजनीतिक दल चुनावी चंदा लेते हैं और साफ है कि इसका फायदा सत्तारुढ़ दल को अधिक ही मिलता है। चंदा देने वाला अपने निहितार्थ देखता है और यही कारण है कि वह सत्तारुढ़ दल को अधिक चंदा देता है। इसलिए जिस तरह से यह बड़ा मुद्दा बनने की संभावना देखी जा रही थी वह कहीं पीछे ही रह गई। इसी तरह से केजरीवाल सहित आप नेताओं पर ईडी छापों और जेल का मुद्दा भी अधिक असर दिखाता नहीं लग रहा। इसका कारण भी साफ है कि केजरीवाल जो भ्रष्टाचार के खिलाफ ही सत्ता में आये थे पहलीबात तो उनके नेताओं पर शराब ठेकों में भ्रष्टाचार के आरोप लगे, दूसरी और बार बार सम्मन आने पर भी रेस्पांस नहीं करने और गिरफ्तारी के बाद भी पद पर बने रहने का आमजन में अभी तो नकारात्मक असर ही दिखाई दे रहा है। इस मामलें में लोग लालू की बड़ाई करने लगे हैं कि लालू ने गिरफ्तार होते ही अपना पद त्याग दिया और भले ही राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाया पर पद की गरिमा को तो बनाये रखा। केजरीवाल द्वारा बार बार सम्मन की अवहेलना करने और त्यागपत्र नहीं देने से लोगों में केजरीवाल के पदलोलुपता का संदेश गया अन्यथा निश्चित रुप से केजरीवाल के प्रति सहानुभूति होती और इसका लाभ समस्त विपक्ष को मिलता पर लगता है एक अच्छा अवसर खो दिया गया है।



> लोकसभा के सातों चरणों के मतदान तक राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव रैलियों, रोड़ शो सहित विभिन्न मंचों से एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहेगा। सौ टके का सवाल यह है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनावों में चुनाव अभियान के दौरान आखिर मुख्य मुद्दे क्या बनेंगे ? हाल ही पांच विधान सभा चुनावों के दौरान गांरटियों की खूब चर्चाएं रही। एक तरफ गांरटियां थी तो दूसरी और बीजेपी ने मोदी को ही गारंटी बताकर प्रचारित किया। दरअसल देखा जाएं तो पिछले कुछ चुनावों से चाहे वे लोकसभा के हो या विधानसभाओं के चुनाव हो, सीधे जनता से जुड़े मुद्दें तो कहीं नेपथ्य में ही रह जाते हैं। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि जनता से जुड़े मुद्दों को आमजनता भी अब मुद्दे या चुनावी एजेंडा नहीं मानने लगी है।

आप का नजरीया

## बाबा 'एलोपैथी' विरोधी क्यों?

**बाबा** रामदेव कई मायनों में श्रद्धेय हैं। कमोबेश इस दौर के 'योग-पुरुष' हैं, जिन्होंने एक कड़ी साधना को इतना आसान बना दिया है कि औसत पार्क या सभा-स्थलों पर असंख्य लोग योगासन करते देखे जा सकते हैं। नतीजतन स्वास्थ्य में भी सुधार हो रहा है। ऐसे 'योग-साधक' को सर्वोच्च अदालत में माफीनामा देना पड़े और न्यायिक पीठ उसे स्वीकार करने के बजाय महज 'जुबानी जमा खर्च' करार दे, तो शीर्ष अदालत की इस कड़ी चेतावनी को समझना बेहद जरूरी है। बाबा की कंपनी 'पतंजलि आयुर्वेद' एक लंबे समय से भ्रामक प्रचार करती रही है कि उसके पास ग्लूकोमा, मधुमेह, रक्तचाप, अर्थराइटिस और अस्थमा सरीखी घातक बीमारियों के स्थायी इलाज हैं। दरअसल बाबा रामदेव ही पतंजलि के उत्पादों के सार्वजनिक चेहरा हैं। विज्ञापनों में वह दावे करते देखे जा सकते हैं कि उनकी औषधियां साक्ष्य आधारित, शोधपरक और लोगों पर परखी जा चुकी हैं। इन विज्ञापनों के व्यापक प्रभाव भी होते हैं, क्योंकि करोड़ों लोगों की बाबा में आस्था है। बाबा के दावों को सच मानते हुए असंख्य लोग पतंजलि की दवाएं खरीदते और इस्तेमाल करते हैं। नतीजतन आज बाबा की कंपनियों का टर्नओवर हजारों करोड़ रुपए है। पतंजलि दवाओं के प्रचार करने के साथ-साथ बाबा रामदेव आधुनिक चिकित्सा प्रणाली 'एलोपैथी' के खिलाफ विष-वमन भी करते रहे हैं। बाबा ऐसा क्यों करते हैं ? पतंजलि के अलावा, झंडु, बैद्यनाथ, हमदर्द, डाबर आदि प्रख्यात कंपनियां भी आयुर्वेद औषधियों का व्यापक स्तर पर उत्पादन करती हैं। उन्होंने तो कभी भी 'एलोपैथी' के खिलाफ जहर नहीं उगला। सर्वोच्च अदालत ने इस भ्रामक और गलत प्रचार के लिए बाबा रामदेव को मना भी किया था, लेकिन बाबा और पतंजलि समूह के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण देश की शीर्ष अदालत के निर्देशों का ही उल्लंघन करते रहे हैं। बाबा के आयुर्वेद बनाम एलोपैथी की यह लड़ाई, 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' के जरिए, बीते दो सालों से सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। अब बात बाबा के माफीनामे से भी आगे निकल चुकी है। मौजूदा दौर जीवन-शैली के रोगों का है, लिहाजा योग, आयुर्वेद, शरीर को विष-मुक्त करना और हर्बल थेरेपी आदि ज्यादा लोकप्रिय हैं। लोग उनके जरिए स्वास्थ्य-लाभ पा रहे हैं। देश की मोदी सरकार ने भी आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग और सिद्ध आदि चिकित्सा प्रणालियों का एक ही मंत्रालय-आयुष-में विलय कर दिया है। 'जन औषधि केंद्रों' के जरिए जेनरिक दवाएं भी लोगों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। बेशक स्वास्थ्य की देखभाल में इन प्राचीन चिकित्सा प्रणालियों की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, लेकिन बाबा जैसे पैरोकार आधुनिक चिकित्सा प्रणाली 'एलोपैथी' को गालियां देते हुए अथवा जहर बेचने वाले करार देकर अपने 'आयुर्वेद' को नहीं बेच सकते। जिस देश में नीमहकीमी और विज्ञान-विरोधी मानसिकता अनियंत्रित हो, उसमें नियामक प्रोटोकॉल से कोई भी समझौता नहीं किया जा सकता। नियामक संस्थाएं पतंजलि की औषधियों की जांच करें। यह उनका संवैधानिक अधिकार भी है। जांच की प्रक्रिया के बाद अपने निष्कर्ष देश के सामने रखें कि पतंजलि की दवाओं का सच क्या है ? बाबा रामदेव देश, उसके संविधान और कानून से ऊपर नहीं हो सकते।

# लोकसभा चुनाव को लेकर भाजयुमो की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भाजपा जिला कार्यालय में भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव संबंधित भाजपा युवा मोर्चा की संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता और भाजपा जिला महामंत्री डॉ मृत्युंजय सिंह उपस्थित रहे। बैठक का संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री दीपक शर्मा ने की। आज कि बैठक में जिले के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री सहित अपेक्षित युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता ने कहा युवा मोर्चा पार्टी का रीढ़ है। पार्टी अगर झंडा है तो युवा मोर्चा उसका डंडा है। युवा मोर्चा को दोगुनी चौगुनी ऊर्जा और ताकत के साथ लगना है और लोकसभा चुनाव में विजय प्राप्त करना है। युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक केसरी ने कहा अबकी बार 400 पर का यह जो नारा है निश्चित रूप से इस लक्ष्य को युवा मोर्चा पूरा करेगी। युवा मोर्चा लोकसभा चुनाव में विजय प्राप्त करने के लिए जिला की बैठक के साथ-साथ मंडल की बैठक, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक की बैठक करेगी। और जिले के सभी शक्ति केंद्र पर युवा चौपाल लगाने का काम करेगी।साथ ही केशरी ने कहा युवा मोर्चा का जो नारा है यूथ चला बूथ इस नारे के साथ संकल्पित होते हुवे युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर घर-घर जाकर जनसंपर्क करने का काम करेंगे। लोकसभा चुनाव के पहले युवा मोर्चा के द्वारा जिला स्तर पर 5000 की संख्या में युवा सम्मेलन करवाएगी और जिला स्तर पर भव्य बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा। भाजपा जिला महामंत्री डॉ मृत्युंजय सिंह ने संबोधित करते हुए मोदी जी के जन कल्याणकारी योजनाओं को बताये साथ ही उन्होंने कहा युवा मोर्चा जिले के सभी पंचायत में पंचायत प्रभारी बनाएंगे और पार्टी के साथ समन्वय बनाकर पार्टी को सहयोग करेंगे।बैठक में प्रदेश मंत्री अमित साहू, प्रदेश कार्य समिति सदस्य वीरेंद्र सिंह मुन्ना, लोकसभा विस्तारक सक्षम सिंह युवाओं को संबोधित किये। धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री विकास मालाकार ने किया। आज के बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार, जिला मंत्री अविनाश मिश्रा, मनीष सिंह, शत्रुघ्न ठाकुर जितेंद्र पांडे, सत्यवान सिंह, महेंद्र सिंह, मारुती नंदन, विजय यादव, आशुतोष कुमार, जितेंद्र कुमार यादव, बालेश्वर कुमार, मंडल अध्यक्ष गौतम सिंह, संतोष साहू, राजेश यादव, घनश्याम यादव, नीरज सोनी, बबलू सिंह, विवेक केसरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# हाईवा ने बरपाया कहर मोटरसाइकिल सवार दो युवक घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत तिलैया व चिरैया मोड़ के बीच कोलवाहन हाइवा के चपेट में आने से बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल हो गया। घायल युवक गांगपुर गांव निवासी आबिद अली का पुत्र हसनैन अली व राहत अली का पुत्र अमन आलम बताया जा रहा है। घायल युवकों को राहगीरों की मदद से सड़क दुर्घटना की सूचना पुलिस को दीया गया।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता स्थल पर पहुंचे। और दोनों युवकों को इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई है।बताया गया कि दोनों युवक एक ही बाइक से गांगपुर अपने घर से हजारीबाग की ओर जा रहा था। युवकों को गंभीर चोट लगी है। जबकि मौके से कोलवाहन भागने में सफल रहा है।

## फरार अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना मैं दर्द मामला में फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोप मो.अरशद(25) वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को न्याय हिरासत भेज दिया है।आरोपी हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के परसवां गांव निवासी मो.इसराइल का पुत्र है। आरोपी के विरुद्ध गिद्धौर थाना में दुष्कर्म के कांड संख्या 61/23 के नाम जद अभियुक्त था। आरोपी की गिरफ्तारी उसके घर से किया गया।गिरफ्तारी थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता व पुलिस अवर निरीक्षक अशोक कुमार पांडेय द्वारा किया गया।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल, रेफर

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया हजारीबाग एन एच 100 पथ स्थित तेतरमोड़ के पास सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों में सिकरी गांव के अशोक कुमार और विक्रांत कुमार का नाम शामिल है। दोनो घायलों को लोगो की मदद से रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया है। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार दोनो युवक सिमरिया चौक से काम कर एक बाइक पर सवार होकर अपने घर सिकरी लौट रहे थे। इसी दौरान तेतरमोड समीप छर्री लदा ट्रैक्टर ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में अशोक का पैर टूट गया, जबकि विक्रांत का माथा में गंभीर चोट लगी है।

## विभिन्न अखबारों में खबर प्रकाशित होने के बाद अवैध बालू के प्रति पुलिसिया कार्रवाई शुरू




**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के नोनगांव नदी से बालू उठाव किया जा रहा था जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। जप्त होने की सूचना से प्रखंड क्षेत्र के ट्रैक्टर मालिकों मैं हड़कंप मची हुई है। विभिन्न अखबारों में खबर प्रकाशित होने के बाद यह कार्रवाई की गई है। गुप्त सूचना मिलने पर बालू लदे ट्रैक्टर को पत्थलगड़ा पुलिस अवर निरीक्षक अरविंद रविदास के नेतृत्व में छापामारी कर ट्रैक्टर को जब्त कर पत्थलगड़ा थाना लाया गया है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर नोनगांव निवासी सौरभ कुमार का है। वहीं पत्थलगड़ा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी व अवर निरीक्षक अरविंद रविदास ने बताया कि ट्रैक्टर जब्त कर थाना में मामला दर्ज किया गया है जो अग्रसर कार्रवाई के लिए उचला अधिकारी के पास प्रतिवेदन भेजा गया है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जेएसएलपीएस के तहत एफपीओ संचालन को लेकर बिओडी मेंबर के साथ हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर में बीएमएमयू ऑफिस में मंगलवार को जेएसएलपीएस के तहत संचालन होने जा रहे एफपीओ को लेकर बिओडी मेंबर के साथ बीपीएम केदार प्रजापति ने बैठक किया। जहां उपस्थित सभी मेंबर को अधिक से अधिक सदस्य जोड़ने को लेकर बताया गया। तथा जेएसएलपीएस के सभी कर्मियों को जल्द से जल्द एफपीओ को चालू करने की बात कही है। एवं सदस्यों की संख्या बढ़ाने की बात कही है। साथ ही साथ सदस्यता शुल्क भी जमा करवाने की बात कही है। मौके पर उपस्थित एफटिसी अनिल प्रजापति सीसी सुनील पासवान निशांत कुमार रंजीत यादव सरदार जितेंद्र सिंह सुमित्री देवी आईपीआर सुनीता देवी अजय कुमार एल एच सीआरपी सुमन कुमारी बीआरपी विजय रजक युगेश्वर कुमार बोड ऑफ डायरेक्टर एवं मेंबर प्रतिमा देवी सचिन नीलम कुमारी कोषाध्यक्ष उषा देवी सदस्य सरिता देवी पूजा देवी अंजू देवी कंचन देवी एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# श्री रुद्र चंडी महायज्ञ को लेकर ग्राम सोपारम में किया गया ध्वजारोहण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोपारम में श्री रूद्र चंडी महायज्ञ आयोजन को लेकर मंगलवार को ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम की शुरूवात सुबह 7 बजे, शिव मंदिर प्रांगण से हाथो में ध्वज लिए हुए समस्त ग्रामीण शोभा यात्रा के रूप में नगर भ्रमण के लिए निकले। इस दौरान विभिन्न जगहो पर स्थापित मंदिरों में जाकर सभी देवी देवताओं को श्री रूद्र चंडी महायज्ञ में आने के लिए आमंत्रण दिए तथा महायज्ञ की सफलता को लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात आचार्य नंदकुमार पाठक के द्वारा पूरे विधि विधान से ध्वजारोहण करवाया गया। बताते चले की दिनांक 24 अप्रैल से 2 मई तक श्री रूद्र चंडी महायज्ञ का महाआयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। ध्वजारोहण के उपरांत यज्ञ समिति ने समस्त ग्रामीणों से अपील किया है कि, कोई भी व्यक्ति मांस, मदिरा का सेवन नहीं करेंगे सभी ग्रामीण शुद्ध भोजन करेंगे एवम् सात्विक विचार रखेंगे।

## आजसू पार्टी का मिलन समारोह पेशरार में संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के पेसरार पंचायत में बड़ी संख्या में युवाओं ने आजसू पार्टी का दामन थामा। कार्यक्रम का नेतृत्व युवा आजसू के प्रदेश संयोजक अमित कुमार ने किया।नए सदस्यों में मुख्य रूप से पेसरार पंचायत के युवा मुखिया अमित बारला, हिण्डाल्को बाक्साइट मज़दूर संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, और समाजसेवी नीलकंठ प्रसाद साहू शामिल थे। मौके पर मुखिया अमित बारला ने कहा कि आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के दूरदर्शी सोच और कुशल नेतृत्व क्षमता से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थामा है पार्टी के शीर्ष नेतृत्व जो दायित्व देगी उस पर खरा उतरूंगा।वहीं बॉक्साइट मजदूर संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा कि आजसू पार्टी मजदूरों के हक में हमेशा आवाज उठाते रही है लातेहार जिले में आजसू पार्टी जनता के हक में आंदोलनों का नेतृत्व करते रहती है इसी से प्रभावित होकर हमने आजसू में अपना योगदान दिया है। मौके पर बिजय भुईयां, उमेश राम, रबीन्द्र साहु, आसिफ अंसारी, अहद अंसारी, अजय सिंह, गगंदेव पासवान, मारूफ अंसारी, मनीलाल उराव, मुमताज अंसारी, बिरेंद ओराव, स्मालाल उराँव, सतार अनसारी, अफरोज अंसारी, मनजर अंसारी, जहान अंसारी, ईलयास अंसारी, सरीफ पृवाज आलम आदि लोग उपस्थित थे।

# चैत्र नवरात्र के पहले दिन वैष्णव दुर्गा मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चैत्र नवरात्र मंगलवार से प्रारंभ हो गया है। चैत्र नवरात्र के पहले दिन शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता देखा गया। अहले सुबह से ही श्रद्धालु यहां आना प्रारंभ हो गये थे।पुजारी परमेश्वर पाठक व राजेश्वर पाठक के सानिध्य में पूजा अर्चना संपन्न करायी गयी। नवरात्र के पहले दिन मंदिर में नारियल बलि देने वालों की भीड़ देखी गयी।मंदिर परिसर में भव्य मंडप बना कर कलशों की स्थापना कर नौ दुर्गा का पाठ किया जा रहा है। संध्या में वैष्णव दुर्गा मंदिर में महाआरती के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। अशोक कुमार महलका व भुनेश्वर प्रसाद साहु मंडली के द्वारा भजन कीर्तन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति के संरक्षक विनोद कुमार साहु, अभिनंदन प्रसाद, महेंद्र प्रसाद गुप्ता व अमरेश प्रसाद गुप्ता, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, बद्री प्रसाद, कन्हाई अग्रवाल, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रविंद्र प्रजापति, रंजीत कुमार, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, राजीव कुमार, दीपक विश्वकर्मा, ओमप्रकाश प्रसाद, संतोष प्रसाद, आकाश आदि सक्रिय हैं अलावा शहर के मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर में पुजारी त्रिभुवन पांडेय के सानिध्य में कलशों की स्थापना की गयी और सुंदरकांड का पाठ किया गया। अंबाकोठी के देवी मंडप, महावीर मंदिर ठाकुरबाड़ी, बाजारटांड़ प्राचीन शिव मंदिर, सोमेश्वर शिव मंदिर डुरूआ व लघु सिंचाई विभाग परिसर तथा थाना चौक देवी मंडप में भी श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी।

## चैती छठ, रामनवमी व सरहुल पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर थाना परिसर में बैठक की गई



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना परिसर में चैती छठ, रामनवमीं व सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें सीओ श्री टोप्पो ने चैती छठ,रामनवमी व सरहुल पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने रामनवमी जुलूस में शांतिपूर्ण तरीके से भाग लेने व सांउड सिस्टम को नियंत्रित रखने की बात कही। वहीं थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जायेगी। कहा कि पर्व के दौरान निकाले जाने वाले जुलूस में ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। साथ ही सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी। मौके पर उप प्रमुख राजकुमार प्रसाद, सरयु प्रसाद सिंह, ललित पांडेय, सुदामा प्रसाद, राजन तिवारी, गोपाल सिंह, हरिओम प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, श्रवण पासवान, कन्हाई पासवान, मनोज प्रसाद, विरेंद्र प्रसाद व मोहर सिंह यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

# सरहुल, ईद व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न, असमाजिक तत्वों पर रहेगी नजर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** थाना परिसर मे सरहुल, ईद और रामनवमी को शांतिपूर्ण वातावरण मे मनाने लेकर शांति समिति की बैठक की गई, बैठक कि अध्यक्षता अंचलाधिकारी सह बीडीओ नंदकुमार राम ने व संचालन थाना प्रभारी राजा दिलावार ने की.बैठक मे सर्वप्रथम थाना प्रभारी ने सरहुल ईद व रामनवमी के कार्यक्रम की जानकारी देने को कहा। सरहुल पुजा समिति के तरफ से धनेश्वर उरांव ने सरहुल पुजा के कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया, अरसद आजमी ने ईद के कार्यक्रम के बारे में बताया, तत्पशचात थाना प्रभारी ने रामनवमी से संबंधीत जानकारी ली. संबोधन करते हुए कहा कि पर्व त्यौहार मे अति उत्साह के कारण कुछ अनहोनी घटनाए होने जाती है, जिसको लेकर पुलीस प्रशासन की सक्रियता बढ जाती है। ऐसे मे सबके सहयोग जरुरी है। उन्होंने तय दिशानिर्देश के तहत पर्व मनाने व शोभा यात्रा निकालने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि डीजे का प्रयोग ना करें, भ्रामक वाट्स अप पोस्ट के प्रति सजग रहे, ऐसे पोस्ट पर कोइ प्रतिक्रिया ना दे.अफवाह पर ध्यान ना दे.किसी भी प्रकार के अनैतिक तत्व संबधी सुचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दे,थाना अपने स्तर पर मोनिटरिंग करने की बात कही ड्रोन कैमरा के माध्यम से निगरानी करने की बात कही .असमाजिक तत्वों की सुचना पाकर पुलिस दोसी व्यक्ति को चिन्हित कर कारवाई करेगी। उन्होने ने अभिभावको को बाइक ना देने की अपील की ताकि संभावित दुर्घटनाओं पर रोक लगे. वही अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने सरहुल, ईद व रामनवमी पुजा को हर्षोल्लास के साथ शांति पूर्ण वातावरण में सद्भावना के साथ मनाने की अपील की. मौके पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाज सेवी, व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बगैर राशन दिए कार्ड में अंकित कर दिया राशन की मात्रा, कार्डधारियों का आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में जिप सदस्य कन्हाई सिंह के अगुवाई में आदिम जनजाति परिवार के सैंकड़ों कार्डधारियों ने दो महीने का राशन नहीं मिलने पर हंगामा खड़ा कर दिया। जहां कार्डधारियों ने प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद रवि को ज्ञापन देते हुए दो महीने का राशन वितरण कराने की मांग की। मांगपत्र के माध्यम से कार्डधारियों ने राशन वितरण करने वाले पर आरोप लगाया है कि फरवरी माह का राशन दिए बगैर राशनकार्ड में राशन की मात्रा चढ़ा दिया गया है और हम सबों से अंगुठे भी लगवा लिए हैं।हम पढ़े-लिखे नहीं होने का फायदा उठाकर हमें दिग्भ्रमित करते हस्ताक्षर व अंगुठे का निशान लिया गया। वहीं राशन कार्डधारियों ने राशन वितरण करने वाले पर कार्रवाई करते हमलोगों को माह फरवरी का राशन दिलाया जाए। मांग करने वालों में सविता देवी, रेखा देवी, सरिता देवी, मनोज कोरवा, फूलमतिया देवी, सुकनी देवी, सोहराई मसोमात, एतवरिया देवी, उर्मिला देवी मनीता देवी समेत कई कार्डधारी हैं। वहीं इस संबंध में प्रभारी एमओ ने कहा कि बोरा नहीं रहने के कारण राशन वितरण में देरी हुई है हालांकि शुक्रवार से ही राशन वितरण कार्य शुरू हो गया है। बताते चलें कि आदिम जनजाति परिवार के कुल 1155 कार्डधारी हैं जिसका प्रत्येक माह एमओ द्वारा पुरे कार्डधारियों के राशन आवंटन की पर्ची निकाल ली जाती है जबकि सुत्र बताते हैं कि दर्जनों कार्डधारी के नहीं रहने पर उनके हिस्से का खाद्यान्न वितरण करने वाले डीलर द्वारा हज़म कर लिया जाता है।

## आशीष टैगोर को जिला आइकन के रूप में नामित किया गया



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कला एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में विशिष्ट पहचान रखने के लिए जिले के वरीय पत्रकार आशीष टैगोर को पर्सन विथ डिसेब्लिटिज (पीडब्ल्यूडी) आइकन के रूप में नामित किया गया है। इस संबंध में उपायुक्त गरिमा सिंह ने मुख्य निवार्चन पदाधिकारी को प्रस्ताव प्रेषित किया है। इससे पहले भी वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में श्री टैगोर को जिला की ओर आइकन मनोनित किया गया था।टैगोर ने इसके लिए उपायुक्त गरिमा सिंह एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने आम मतदाताओं से आसन्न लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।कहा कि एक सशक्त लोकतंत्र के लिए शत प्रतिशत मतदान जरूरी है। सरकार शत प्रतिशत मतदान के लिए हर स्तर से प्रयास कर रही है।लेकिन सामुहिक सहयोग के बिना यह संभव नहीं है। टैगोर को जिला आइकन मनोनित करने पर वरीय अधिवक्ता सुनील कुमार, पत्रकार चंद्रप्रकाश सिंह, मनीष उपाध्याय, संजीत गुप्ता, पंकज प्रसाद, राजेश प्रसाद, रूपेश कुमार, योगेश प्रसाद, नीरज सिन्हा, विवेक सिन्हा, रूपेश अग्रवाल, सिन्हा, संजय प्रजापति, रामकुमार, राहुल पांडेय, संजीत पांडेय व अमीत दास के अलावा समाजसेवी असीम कुमार बाग, विनोद कुमार साहु, राजेश कुमार गुप्ता उर्फ भोला, शशिभूषण पांडेय, प्रो संजय सिन्हा, बीमा अभिकर्ता बद्री प्रसाद व देवाशीष कुमार, राजू रंजन सिंह, ओमप्रकाश प्रसाद, रविंद्र प्रजापति, पंकज कुमार व रंजीत कुमार आदि ने बधाई दी है।

## छड़वा काली मंदिर में पूजा अर्चना कर जय प्रकाश भाई पटेल ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आईएनडीआईए गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी जेपी पटेल का प्रखंड कटकमसांडी में चुनावी दौरा एवं जनसंपर्क अभियान चलाया। श्री पटेल ने कहा कि वर्तमान में भाजपा कैंडिडेट ने जनता को लूटने और ठगने का काम किया है।वे झूठ बोलकर वोट लेते हैं। और अपना व्यापार चलाते हैं। वहीं सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने कहा कि यह लड़ाई देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने की है। जेपी पटेल धरतीपुत्र टेकलाल बाबू के सुपुत्र हैं। उन्हे कांग्रेस पार्टी लोकसभा उम्मीदवार बनाया है। इनकी जीत सुनिश्चित है, इन्हे आप सभी जनता का आशीर्वाद चाहिए। इसके साथ पूरे देश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी और देश से बेरोजगारी मिटेगी। जनसंपर्क अभियान में गठबंधन के दर्जनों नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह,चरका यादव, विनोद कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति, रेणु देवी समेत सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# ज़िला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** आगामी रामनवमी व ईद के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बनी रहे,भाईचारा के साथ व्यवस्थित तरीके से गरिमामय माहौल में आयोजन के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक मगंलवार को नगर भवन सभागार में संपन्न हुई। उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक में जिला भर के शांति समिति के सदस्य शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा पर्व त्योहारों के मौसम के बीच राज्य में लोक सभा निर्वाचन 2024 को लेकर आदर्श आचार संहिता भी प्रभावी है इस दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो साथ ही विधि व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनी रहे इसके लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग आवश्यक है। शोभा यात्रा



एवं पर्व के दौरान नागरिकों को निरंतर मूलभूत सुविधाएं, सेवा मिले इसके लिए प्रशासन संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया है, सभी विभागों के स्तर से सर्वेक्षण का कार्य एवं चीजों को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया गया है। वरीय अधिकारियों के द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा शांतिपूर्ण,भक्ति भाव तरीके से रामनवमी संपन्न हो इसके लिए ज़िला प्रशासन पिछले साल की तरह लोगों से सहयोग की अपेक्षा रखती है। उन्होंने कहा शोभा यात्रा में लाउडस्पीकर पर सादगी और भक्ति गाने बजाने, पारंपरिक ढोल ताशे की धुन, संगीत पर कोई रोक नहीं है। भड़काऊ और सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वाले गाने और चलंत डीजे केप्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।प्रशासन द्वारा असामाजिक तत्वों, हिस्ट्रीशीटर लोगों पर निगरानी रखी जा रही है, एतिहातन पुलिस निषेधात्मक उपायों के तहत् कुछ लोगों को नोटिस जारी कर नियंत्रण रखने की कारवाई किया गया है। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि शांति समिति के सदस्यों की सक्रियता एवं प्रशासनिक मुस्तैदी से पर्व त्योहारों में किसी प्रकार की विधि व्यवस्था की समस्या ना हो इसके लिए प्रशासनिक तैयारियां की जा रही। पुलिस प्रशासन सभी पर्व त्यौहार को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण तरीके से सभी समुदाय की भावना, नागरिक सुविधाओं को दिलाने के लिए कृतसंकल्पित है। पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था और असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। असामाजिक तत्वों के गतिविधियों पर निगरानी रख रही है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया चैत्र शुक्ल प्रतिपदा उत्सव



**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली में भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत 2081 को उत्सव हर्षोल्लास मनाया गया। कार्यक्रम का श्रीगणेश दीप प्रज्वलन एवं भारत माता, सम्राट विक्रमादित्य और डॉ केशव बलिराम हेडगेवार के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण किया गया।तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने पूरे विद्यालय परिवार को भारतीय नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि भारत प्रारंभ से ही विश्व गुरु रहा हैद्य भारत संस्कृति, धर्म एवं विज्ञान का देश हैद्य उन्होंने कहा - भारतीय कालगणना एवं ज्योतिष पूरे विश्व में सबसे अधिक वैज्ञानिक है।भारत ने पूरे विश्व को सभी क्षेत्र में ज्ञान ज्योति से प्रकाशित कियाद्य उन्होंने कहा आज चैत्र नवरात्र का पहला दिन हैद्य सृष्टि की रचना आज के दिन ही ब्रह्मा जी ने की थी।विक्रम संवत का शुभारंभ आज के दिन से ही शुरू हुआ था ।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार जी का जन्म दिवस आज ही के दिन हैद्य चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर विद्यालय के भैया- बहनों के द्वारा प्रभात फेरी एवं झांकी निकाली गईद्य विद्यालय में पढ़ने वाले भैया- बहन भारत माता, श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण लव, कुश, बजरंगबली, सम्राट विक्रमादित्य एवं डॉ केशव बलिराम हेडगेवार का मनमोहक रूप धारण कर नगर भ्रमण करते हुए नगर वासियों को हिंदू नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी द्यमौके पर कार्यक्रम प्रमुख आचार्य दिनेश कुमार शर्मा एवं राजकुमारी दीदी, पूनम सिंह दीदी,आचार्य अनिल कुमार, आचार्य तारकेश्वर राय, आचार्य संतोष कुमार राय,भैया- बहन तथा आचार्य बंधु- भगिनी उपस्थित थें।

## बरही के विभिन्न क्षेत्रों में कलश यात्रा के साथ महायज्ञ की हुई शुरुवात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** मंगलवार को बरही प्रखंड के पांच जगहों पर महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा केदारुत पंचायत के खेरोन गांव, गौरियाकर्मा, दुलमाहा पंचायत के लखना गांव, मलकोको पंचायत के बुंडू गांव में निकाली गई। जहा वैदिक मंत्रोचारण के बीच कलश में जल भरने के बाद कलश को मंदिर व यज्ञशाला में स्थापित किया गया। मौके पर अतिथियों ने कहा की यज्ञ के आयोजन से क्षेत्र का ही नहीं बल्कि आसपास का भी वातावरण शुद्ध होता है, वहीं लोगों का मनोभाव में भी शुद्धता आती है, सनातन धर्म वालियों के द्वारा इस तरह के आयोजन हर जगह किया जाना चाहिए। कलश यात्रा में विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, टीएसएस केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू जिप जिला उपाध्यक्ष किसुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा नेता अर्जुन साहू, महेश ठाकुर, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व जिप प्रतिनिधि मो. क्युम, मुखिया विजय यादव, रीना देवी, छोटन ठाकुर, नरायण यादव, सरिता देवी, कुमारी मीरा, प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, रंजन यादव, सकलदेव यादव, पंसस जितेंद्र गिरी, जीतू ठाकुर, विकास सिंह, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, बंधन यादव, अवधेश सिंह, वीरेंद्र साहू, सिबल सिंह, बिहारी सिंह, अशोक सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा, बबलू साहू, राजू मेहता, मनोज पांडे, संजय साहू, जितेंद्र कुमार, रवि सिंह, अशोक राम, शिवम कुमार सहित अन्य श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय हनुमंत एवं विश्वकर्मा महायज्ञ शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागाँव :** प्रखंड के सांढ़-छपेरवा में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 हनुमंत एवं विश्वकर्मा महायज्ञ कलश स्थापना के साथ शुरु हुआ। कलश यात्रा में 2100 महिलाएं शामिल हुई। सभी श्रद्धालुओं माथे पर कलश लेकर सांढ़-छपेरवा, होरम मोड़, ब्लॉक मोड़, गुरुचट्टी, थाना रॉड होते हुए सिरमा छवनिया, खैरातरी का भ्रमण करते हुवे बुढ़वा महादेव के प्रांगण स्थित डूमारो नदी पहुंच कर श्रद्धालुओं ने जल उठा जय श्री राम, जय बाबा विश्वकर्मा का जयकारा लगाते हुवे कांडतरी ,मिर्जापुर, सोनपुरा, शिवाडीह होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे। यज्ञ मंडप पहुंचते ही मुख्य पुजारी मनोहर प्रसाद, सहित अन्य के उपस्थिति में यज्ञाचार्य जय नंदन मिश्रा, आचार्य पंडित ऋषि राज वेदव्यास मिश्र ने विधिवत रूप से यज्ञ में पूजन शुरू किया। यज्ञ मंडप में मंत्रों उच्चारण से सांढ़-छवेरवा का वातावरण भक्ति मय हो गया है। इस



दौरान विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि यज्ञ से लोगों में धार्मिक चेतना में जागृत होती है। लोगों में धार्मिक आस्था प्रबल होती है।यज्ञ से आध्यात्मिकउन्नति का मार्ग प्रशस्त होता हैं। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने कहा कि यज्ञ से लोगों में सामाजिक और धार्मिक जागृति आती है एंव यज्ञ होने से यज्ञ का धुआं जितने दूर - दूर तक जाता हैं पूरा वातावरण शुद्ध और पवित्र होता है। गांव- क्षेत्र में सुख शांति धन-धान्य की वृद्धि होती है, लोगों की मन्नतें पूरी होती है। मौके पर जीप सदस्य सुनीता देवी, प्रमुख फुलवा देवी, उपप्रमुख बचनदेव कुमार, यज्ञ समिति अध्यक्ष हरि शंकर प्रसाद, सचिव पूरन महतो, कोषाध्यक्ष कृतियानंद महतो, सोहनलाल मेहता, मुखिया संघ जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ प्रसाद, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया सुलेखा कुमारी, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद, पूर्व जीप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, झमन प्रसाद, सुरेश महतो, आजसू पार्टी के केंद्रीय संदीप कुशवाह, भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

## एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने दर्जनों पंचायतों में जनसंपर्क कर मांगा समर्थन



**हजारीबाग :** एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने मंगलवार को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड स्थित भुरकुंडा क्षेत्र के एक दर्जन पंचायतों के करीब 22 गांवों में जनसंपर्क कर भाजपा के लिए वोट मांगा।उन्होंने सुंदरनगर, पटेलनगर, चोरघारा, जवाहरनगर, भुरकुंडा, दोतल्ला, इमलीगाछ, चिप हाउस, दत्तो, सेंट्रल सौंदा, सयाल दक्षिणी और सयाल उत्तरी पंचायत क्षेत्र के 22 गांवों में जनसंपर्क किया।इस दौरान बड़कागांव विस क्षेत्र की निर्दलीय प्रत्याशी रही अंजू देवी सहित कई लोगों ने भाजपा का दामन थामा। वहीं श्री जायसवाल ने भुरकुंडा में मंगला जुलूस में शामिल होकर रामभक्तों का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने क्षेत्र के लोगों से कमल खिलाकर विकास और सेवा को मौका देने की अपील की। मौके पर रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीन मेहता,आजसू के केंद्रीय महासचिव विजय साहू, रामगढ़ जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, केंद्रीय सदस्य मनोज राम, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, भाजपा नेता अखिलेश प्रसाद , जिला मंत्री संजीव कुमार बावला, सोशल मीडिया प्रभारी संतोष कुमार शर्मा, पंकज गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, उपाध्यक्ष जगतार सिंह अमरेश सिंह, महामंत्री अशोक सोनी, महेंद्र सिंह, जुगल नायक, संतान सिंह, ज्योति सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमितेश सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, खुशबू देवी, योगेश दांगी, बालेश्वर साव, बालेश्वर कुमार, जयनारायण प्रसाद, कन्हैया यादव, अजय पासवान,काला बाबू , बाबूलाल नायक, आजसू नेता विश्वरंजन सिन्हा, प्रदीप मांझी, प्रखंड कोषाध्यक्ष सह मुखिया ब्यास पांडेय, केंद्रीय सदस्य इमरोज खान, प्रखंड उपाध्यक्ष नंदकिशोर ठाकुर, पंसस रोहित सोनी, राज नायक, दिलीप महतो, जिला उपाध्यक्ष अनिल सोनी, वरिष्ठ नेता सूरज करमाली, जितेंद्र वर्मा, विश्वनाथ भुइयां, बबलू कुमार, संतोष मिश्रा, कामेश्वर मेहता, सुनील साव,जिला सह सचिव विक्रांत साहू, राजू कुमार, अशोक पाठक, राकेश कुमार, रंजन चौधरी सहित कई अन्य मौजूद रहें ।

## हिन्दू नववर्ष के आगमन पर विष्णुगढ़ बरनवाल महिला समिति ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंददास ने भारतीय जनता पार्टी के नेता और समाजसेवी टोनी जैन को गत वर्ष की सामाजिक सेवा को देखते हुए पुनः इस वर्ष भी श्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया है। महंत विजयानंद दास ने कहा कि पिछले वर्ष टोनी जैन ने रामनवमी के शुभ अवसर पर यहां की जनता एवं रामनवमी अखाड़ा के राम भक्तों का बड़े ही गर्मजोशी से उनका अभिनंदन एवं स्वागत किया था। भाजपा जिला महामंत्री सुमन कुमार ने टोनी जैन को स्वागत समिति का अध्यक्ष बनाए जाने पर अपनी शुभकामनाएं दी। मौके पर टोनी जैन ने कहा कि हमारी टीम राम भक्तों की सेवा में कोई कोताही नहीं बरतेगी।कहा कि स्वागत समिति का विस्तार भी किया जा रहा है स्वागत समिति में 31 सदस्यों को रखा गया है ।

## अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के उपाध्यक्ष के पिता की श्राद्ध समारोह में हुई समूहिक श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया ।** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष हजारीबाग जिला आचार्य नगवा निवासी बीरेंद्र कुमार पांडेय के पिता स्व.जगदीश पांडेय की लौकिक द्वादशा श्राद्ध क्रम में झारखंड प्रदेश वा जिला के पदाधिकारीगण एक साथ पैतृक निवास पहुंचें । श्राद्ध स्थल में जाकर स्व. पांडेय के छाया चित्र पर सबों ने संयुक्त रूप से श्रद्धांजलि अर्पित किया और मृतक प्राणी के आत्मा की शांति सद्गत्ती मोक्ष प्राप्ति हेतु परमपिता परमेश्वर से कोटि कोटि नमन कर वन्दना किया । श्राद्ध कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय प्रदेश कोषाध्यक्ष मास्टर झब्बू पांडेय , प्रदेश उपाध्यक्ष अनुज तिवारी ,प्रदेश पदाधिकारी रौशन पांडेय ,प्रदेश मीडिया प्रभारी संदीप पांडेय, जिला अध्यक्ष प्रवेश पांडेय , समाज सेवी रविशंकर पांडेय मंडई , नगर अध्यक्ष शैलेश पांडेय , जिला युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष नीलकमल पांडेय ,महेंद्र पांडेय,शिबू पांडेय,संतोष, रूपेश, मुकेश, शंकर, जिवलाल पांडेय, नीरज, धीरज, गोपाल, समेत अन्य सैकड़ों विप्र गण संग कुटुंब परिवार मौजूद थे।

## टोनी जैन बनें चैत्र रामनवमी स्वागत समिति के अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंददास ने भारतीय जनता पार्टी के नेता और समाजसेवी टोनी जैन को गत वर्ष की सामाजिक सेवा को देखते हुए पुनः इस वर्ष भी श्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया है। महंत विजयानंद दास ने कहा कि पिछले वर्ष टोनी जैन ने रामनवमी के शुभ अवसर पर यहां की जनता एवं रामनवमी अखाड़ा के राम भक्तों का बड़े ही गर्मजोशी से उनका अभिनंदन एवं स्वागत किया था। भाजपा जिला महामंत्री सुमन कुमार ने टोनी जैन को स्वागत समिति का अध्यक्ष बनाए जाने पर अपनी शुभकामनाएं दी। मौके पर टोनी जैन ने कहा कि हमारी टीम राम भक्तों की सेवा में कोई कोताही नहीं बरतेगी।कहा कि स्वागत समिति का विस्तार भी किया जा रहा है स्वागत समिति में 31 सदस्यों को रखा गया है ।

## कटकमसांडी प्रखंड में खुला सहयोग सेवा समिति का कार्यालय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के द्वारा के द्वारा कटकमसांडी प्रखंड में सेवा सहयोग समिति कार्यालय खोला गया है। जिसका उद्घाटन मंगलवार को बद्री ठाकुर, शिव कुमार शर्मा, प्रणेश कुमार सरिया एवं मनोज अग्रवाल के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर क्षेत्र के बुजुर्ग,महिला एवं पुरुषों की भी बड़ी संख्या मौजूद रही। मौके पर श्री अजमेरा के हवाले से बताया गया कि कार्यालय में सभी प्रकार की समस्याओं का निवारण किया जाएगा। लोगों को अब अपनी समस्याओं को लेकर दर-दर भटकने की आवश्यकता नहीं है,क्योंकि उनकी समस्याओं का निवारण सेवा सहयोग समिति के कार्यालय में पूरा होगा। इस कार्यालय में ब्लॉक, बिजली,पानी जैसी अन्य समस्याओं का सीधा निवारण किया जाएगा। जनता जनार्दन की सेवा के लिए इस कार्यालय को खोला गया है। मौके पर अतिथियों ने समाजसेवी हर्ष अजमेरा के इस कदम की प्रशंसा भी की। मौके पर ललिता कुमारी, सबिया कुमारी, सीमा देवी, मरियम चंचला देवी, शहनाज खातून,सुनीता देवी, प्रवीण गुप्ता,बबलू शाह,लखन सिंह, शिवकुमार यादव,खुशबू कुमारी, नरेश सिंह,संजय साहू,साजन सिंह, संदीप केसरी,मुकेश शाह,शिवकुमार यादव,रीना कुमारी,पूजा देवी, कुलदीप कुमार,सबिया कुमारी,कृष्ण सिंह गुप्ता,निखिल अग्रवाल,भोला कुमार दास,मोहन कुमार पासवान, दीपू कुमार,पंकज कुमार मेहता,उदय यादव,रुकदेश यादव, शशिकांत यादव, रवि सिंह सहित कई अन्य मौजूद थे।

## गाल्होबार में इफ्तार पार्टी का किया गया आयोजन



**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के गाल्होबार पंचायत के साजिद अंसारी के द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया था जिसमें इलाके के सभी गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया था।इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिंदू समुदाय के लोगों ने भी हिस्सा लिया और एक साथ बैठकर दोनों समुदाय के लोगों ने इफ्तार किया। साथ ही क्षेत्र में तथा राज्य और देश में अमन चैन कायम रहे इसकी दुआएं भी मांगी गई। इफ्तार के पश्चात आयोजन करता साजिद अंसारी ने कहा कि इफ्तार के बहाने हम भाइयों को एक साथ मिलने का अवसर प्राप्त होता है जिससे इलाके में एक संदेश देने की कोशिश होती है कि हम सभी भाई मिलजुल कर यहां रहते हैं हम लोगों के बीच किसी भी प्रकार का मतभेद नहीं है।इस मौके पर मुख्य रूप से मो.बेलाल,सरयू पटेल,छोटी शर्मा,चेतलाल महतो,डॉ. छोटेलाल,महेंद्र प्रसाद, नुनूचंद महतो, राजेन्द्र मंडल, मो.शाहबान, मो.मुख्तार आलम,मो.शकील अंसारी,मास्टर सनाउल्लाह,मो.आरिफ अंसारी के अलावे सैकड़ो की सँख्या में दोनों समुदाय से भाईचारगी की मिसाल पेश करते हुए इफ्तार पार्टी में शामिल थे।

## जाने रमजान की इबादत का महत्व : समाजसेवी नियामत अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया।** प्रखंड के डहभंगा पंचायत के घुघुलिया गांव निवासी नियामत अंसारी ने रमजान इबादत महत्व की प्रमुख विशेषता पूछे जाने पर कहा कि रमजान मुस्लिम समुदायों के लिए एक बहुत ही पावन पवित्र त्यौहार है शाल के शाल के बारह महीनों में रमजान का महीना मुश्लमानो के लिए खास मायने रखता है। जो की चांद दिखने के बाद ही मनाया जाता है । इसे ईद पर्व भी कहा जाता है जो की इसी माह के 10 या 11 तारीख को मनाया जा सकता है। यह महीना संयम और समर्पण के साथ खुदा की इबादत का महीना माना जाता है। जिसमे हर आदमी रूह को पवित्र करने के साथ अपनी दुनियादारी की हर हरकत को पूरी तत्परता के साथ वश में रखते हुए केवल अल्लाह की इबादत में समर्पित हो जाता है।इस्लाम के पांच बुनियादी स्तंभों में रमजान एक स्तंभ है रमजान इस्लामी कैलेंडर 9 वा महीना है रमजान महीने के 27 वी रात शब्र-ए-कद्र को कुरआन का अवतरण था।रमजान की तरावीह की नमाज पढ़ने कुरान पढ़ने अपनी तथा समाज वा देश की उन्नति के लिए अल्लाह से दुआ करने दान देने धार्मिक काम करने का बहुत महत्व है। कुरआन में लिखा है तुम पर रोज अनिवार्य किए गए है जिस प्रकार तुमसे पहले के लोगो पर अनिवार्य किए गए थे। ताकि तुम डर रखने वाले बन जाओ ताकि तुम परहेजगारी पैदा हो ।इसके साथ ही रोजा न रखने में बीमार और यात्रा करने वाले को छूट दी गई है। हालांकि उन्होंने यह भी अपील करते हुए टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के कई गांवो के मुस्लिम भाइयों से गुजारिश की है कि इस्लाम धर्म के कुरआन अनुसार रमजान के पवित्र महीने में रोजा रख अल्लाह का इबादत करे। बताते चले कि रोजा रखने वाले के लिए उन्होंने यह संदेश दिया है की रमजान यह विश्वास का महत्व है नाबालिक,अल्पायु ,मानसिक रूप से विकृत न हो,तीसरा रोजा रखने की क्षमता हो ,वह यात्रा पर निकला न हो,परेशानियों में नही हो,मासिक धर्म वाली महिलाओ के लिए भी रोजा नही रखनी चाहिए।रमजान प्रत्येक मुसलमान को विलासिता पूर्ण जीवन से दूर होने का संदेश देता है। रमजान कहता है की भूखे, प्यासे, बिमार, लाचार, अजरूरतमंद व्यक्तियों की मदद करो। रमजान लोभ, लालच, अहंकार, मदिरापान, व्यभिचार, अंधविश्वास से दूर होकर भाईचारे के रूप में सौहद्र पूर्ण रहने की सिख देता है।

## रामदेव खरिका में 8 वर्षों से लगातार हो रही है चैती दुर्गा पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारु।** प्रखंड अंतर्गत रामदेव खरिका मे 8 वर्षों से लगातार चैती दुर्गा पूजा की जा रही है। बताते चलें कि सन 2017 में दुर्गा मंदिर की स्थापना की गई थी , उसके बाद से लगातार पूजा अर्चना की जा रही है इस बार भी आचार्य सुबोध पंडित ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करवा रहे हैं। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की गई काफी संख्या में श्रद्धालुओं उपस्थित रहे मां दुर्गा का अलग-अलग रूपों कि 9 दिन तक पूजा अर्चना कि जाएगी। प्रत्येक दिन संध्या में आरती का कार्यक्रम होगा । इस पूजा को सफल बनाने में अध्यक्ष केदार नारायण, कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार, सचिव गिरधारी प्रसाद, उपसचिव उदय राणा, युगल प्रसाद ,कामेश्वर नारायण, संजय कुमार ,प्रकाश सोनी, संदीप कुमार, उपेंद्र कुमार ,बबलू कुमार ,प्रमोद राणा, एवं समस्त ग्रामवासी शामिल है।

## ज्ञान ज्योति मेमोरियल कॉलेज में कृषि उत्पादन पर सेमिनार का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पीडबल्यूडी चौक स्थित ज्ञान ज्योति मेमोरियल कॉलेज में 12वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा कृषि उत्पादन पर सेमिनार का आयोजन मंगलवार को किया गया द्य कार्यक्रम भूगोल के विभागाध्यक्ष दीपेंद्र कुमार के निर्देशन में आयोजित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के निदेशक विनय कुमार महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक रंजन कुमार साथ ही साथ विभिन्न विभाग के शिक्षक उपस्थित थे द्य इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के निदेशक विनय कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में कृषि उत्पादन में वृद्धि हो रही है परंतु गुणवत्ता पूरी तरह से समाप्त होती जा रही है।अतः आवश्यकता इस बात की है कि समय रहते ऑर्गेनिक कृषि की ओर ध्यान दिया जाए स्वच्छ भोजन से ही समाज को स्वस्थ रखा जा सकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार ने कहा कि आज का वर्तमान समाज कृषि क्षेत्र से विमुख हो रहा है।

## रंगोली प्रतियोगिता के प्रतिभागीयों को पुरस्कृत किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जल दिवस के अवसर पर रामगढ़ कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-एक और इकाई दो ने मिलकर एक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया था। रंगोली का थीम था जल ही जीवन है। प्रतिभागी में अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए कई सुंदर, कलात्मक उद्देश्यपूर्ण रंगोली बनाई। प्राचार्या डॉ रत्ना पांडे , कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कामना राय,डॉ अनामिका तथा डॉ नीतू मिंज,डॉ राहुल कुमार ने प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। साथ ही अन्य प्रतिभागियों को भी हौसला अफजाई के लिए एक-एक कलम भेंट की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के बहुत सारे स्वयंसेवक उपस्थित थे।



## अरगड्डा महाप्रबंधक से मिले पर्यावरण मंच के प्रदेश संयोजक

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महाप्रबंधक कार्यालय में अरगड्डा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार झा से पर्यावरण मंच के प्रदेश संयोजक प्रशांत बेल्थरिया ने महाप्रबंधक को अरगड्डा क्षेत्र के बढ़ते उत्पादन तथा लक्ष्य को पार कर क्षेत्र के प्रगति ओर बढ़ाने के लिए उन्हें ढेर सारी बधाई तथा शुभकामनाएं दी। क्षेत्र को अतुलनीय बनाने के लिए तथा अरगड्डा क्षेत्र को स्वर्णिक काल की ओर अग्रसर होने के लिए उनके नेतृत्व के लिए आभार प्रकट किया । उत्पादन को सुरक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए महाप्रबंधक को उनके पर्यावरण के प्रति के कृतसंकल्पित प्रमाण के लिए भी उन्हें साधुवाद दिया । अरगड्डा क्षेत्र में सभी परियोजनाओं में पेयजल को लेकर विशेष अभियान चलाया है उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में सभी के सहयोग से एक बेहतर तथा स्वच्छ भविष्य बनाएंगे । प्रशांत ने उन्हें गंगा नामक की पत्रिका भेंट की।



## पुलिस महानिरीक्षक ने रामगढ़ पुलिस पदाधिकारी के साथ पुलिस कार्यालय रामगढ़ में बैठक की

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** माईकल राज एस, पुलिस महानिरीक्षक उ0छो0 प्रक्षेत्र बोकारो, सुनील भास्कर पुलिस उप महानिरीक्षक उ0छो0 क्षेत्र हजारीबाग एवं डॉ0 बिमल कुमार, पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा संयुक्त रूप से आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024, रामनवमी, ईद एवं सरहुल त्योहार के मद्देनजर जिला के पुलिस उपाधीक्षक (मु0), सभी अनु0पु0पदा0, पु0नि0, थाना/ओ0पी0 प्रभारी एवं चुनाव कार्य में लगे पुलिस पदाधिकारी के साथ पुलिस कार्यालय रामगढ़ में बैठक किया गया । साथ ही चुनाव कार्य में लगे सभी पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।



## अनियंत्रित हाइवा सड़क के बीचोंबीच पलटी,कोई हताहत नहीं

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सौन्दा बस्ती से सयाल आने वाले रास्ते पर मंगलवार सुबह एक अनियंत्रित हाइवा सड़क के बीचोंबीच पलट गई। बताया जाता है कि यह हाइवा सयाल से ही कोयला लोड कर साइडिंग कि ओर जा रहा था। राहगीरों के अनुसार ड्राइवर व खलासी नशे कि हालत में थे। हाइवा पलटने के बाद काफी देर तक ड्राइवर व खलासी के बीच हाथापाई भी हुई। इसके बाद दोनों अलग अलग रास्ते निकल गये। वहीं यह हाइवा भुरकुंडा का बताया गया।



## पतरातू थाना में ईद सरहुल और रामनवमी पूजा को लेकर शान्ति समिति की हुई बैठक

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातू थाना परिसर में ईद,सरहुल और रामनवमी पूजा को लेकर शान्ति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एसीडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम ने किया। इस बैठक में पुलिस पदाधिकारी और क्षेत्र के समाज सेवी व जनप्रतिनिधि शामिल हुए। वहीं बैठक में सर्वसम्मति से आगामी त्योहार को शान्ति पूर्ण तथा आपसी भाई-चारगी के साथ मनाने और सफलता पूर्वक संपन्न करने का निर्णय लिया गया। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया गिरिजेश कुमार, वीरेंद्र झा,राहुल रंजन,अनीता जैन, रानी देवी,ज्योति गुप्ता,विजय लक्ष्मी सिंह,जयप्रकाश सिंह ननकी,सुजीत कुमार पटेल,चंदन कुमार,जयप्रकाश सिंह बड़े,अमित सिंह,रंजीत बेसरा,कयूम अंसारी,देवंती देवी,मो. हामिद अंसारी,शशि पाठक,पंचम मुंडा,मो यासीन,आशिक अंसारी सहित पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता,एसआई प्रदीप कुमार रजक व एस आई शिव कच्छप आदि उपस्थित थे।



## बरकाकाना ओ.पी में ईद,सरहुल और रामनवमी को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरकाकाना ओपी मे ईद, रामनवमी और सरहुल को लेकर सोमवार को बरकाकाना ओ.पी परिसर में शांति समिति की बैठक किया गया। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक के अलावा पूजा कमिटी के लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने किया। इस दौरान बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि पुराने रूट से ही जुलूस निकाले। रामनवमी , सरहुल पर्व पर आयोजित जुलूस में शांति बहाल करने पर चर्चा किया गया। सभी को अपने अपने त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से धूमधाम से मनाने का की अपील की गई । शांति समिति के दौरान प्रशासन द्वारा निर्देश दिया गया है कि सभी अखाड़ा समिति एक टीम बनाए जो जुलूस के दौरान शांति बहाल कर अश्लील गाने को बजने में रोक लगाए। शांति समिति की बैठक में शामिल लोगो ने उक्त तीनों पर्व पर प्रशासन से शांति बहाल करने की मांग किया। बरकाकाना ओपी प्रभारी मो अख्तर अली ने कहा ईद, रामनवमी एवं सरहुल, पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन तत्पर है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अफवाह पर ध्यान नहीं देने एवं संदिग्ध परिस्थितियों की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन को सूचित करने को कहा। ताकि किसी अप्रिय घटना घटने से पूर्व प्रशासन उस पर अंकुश लगा सके।

### कुमार मैरिज हॉल के ए.सी. को लेकर भागने की कोशिश में पकड़ा गया चोर

**कुजू :** रामगढ़ जिला के कुजू ओ पी क्षेत्र के सांडी स्थित कुमार मैरिज हॉल में दिनदहाड़े दिन में कुमार मैरिज हॉल के दीवाल में लगी ए सी को चोरी करते देख कुमार मैरिज हॉल के स्टाफ निरासो देवी ने जब देखा कि कोई अनजान व्यक्ति ए.सी को खोल रहा है तो उसने अपने मालिक मंटू कुमार को फोन कर घटना की जानकारी दी मंटू कुमार फौरन अपने घर से मैरिज हॉल पहुंचे और कुछ स्टाफ की मदद से चोर को पकड़ने की कोशिस की इतने में चोर भागने लगा रास्ता ना देख दो मंजिला छत से नीचे चलांग लगाकर भागने की कोशिश करने लगा मैरिज हॉल के स्टाफ ने दौड़कर चोर को पकड़ने में कामयाब रहे ।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: टीआरडी-आरएनसी-24-25-01, दिनांक 08.04.2024;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** (i) नामकोम में मौजूदा गुड्स शेड की अवसंरचना के उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए ओएचई का सुधार। (ii) लोहरदगा में मौजूदा गुड्स शेड की अवसंरचना के उन्नयन/आधुनिकीकरण के संबंध में ओएचई का सुधार। (iii) टटीसिलवे में मौजूदा गुड्स शेड की अवसंरचना के उन्नयन आधुनिकीकरण के लिए ओएचई का सुधार। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 62,63,969.52। **ईएमडी/बोली सुरक्षा:** रु. 1,25,300; **बंद होने की तारीख एवं समय:** 30.04.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्य होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। (PR-17)

# रामगढ़ में धूमधाम से निकला मंगला जुलूस





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मंगलवार को पूर्वनियोजित मंगला जुलूस एवं शोभायात्रा रामगढ़ के सिद्धू कान्हु मैदान से निकलकर चट्टी रोड थाना चौक होते हुए सुभाष चौक से छावनी फुटबॉल ग्राउंड में आकर समापन हुआ। शोभा यात्रा निकालने से पहले हीं महासमिति के पदाधिकारियों ने पूरे रामगढ़ को भगवा पताके से भगवामय कर दिया था और रही सही कसर को ताशा और बैंड से निकलने वाले राम धुन ने पूरी कर दी थी। रामभक्तों की हजारों की भीड़ का नेतृत्व करने वाले पूजा महासमिति के अध्यक्ष दीपक मिश्रा के साथ मौके पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद प्रो.यदुनाथ पांडे,पूर्व विधायक ममता देवी,पूर्व प्रत्यासी भाजपा रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू व्यवसाई नंदू गुप्ता,सरदार अनमोल सिंह इत्यादि गन्यमान व्यक्ति भी शोभा यात्रा में सम्मिलित होकर राम धुन पर थिरकते हुए लोगों का उत्साह बढ़ाया। शोभा यात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र अयोध्या में विराजमान रामलला की मूर्ति का प्रारूर और बजरंग बली जी रहें जिसे लोगों ने खूब सराहा। इस जुलूस में महिलाओं की संख्या भी अच्छी खासी रही। इस शोभा यात्रा में मुख्य रूप से संरक्षक राजेश ठाकुर महासचिव संतोष नायक, तुलेश पासवान, मीडिया प्रमुख सत्यजीत चौधरी, प्रवीण सोनू, धीरज साहू, वसुद तिवारी, विजय जयसवाल,रोबिन गुप्ता,,बलजीत बेदी, विवेक चक्रवर्ती, शंकर यादव, अरुण महतो, मधु गुप्ता, अमित यादव, रविंद्र यादव, सत्यजीत सिंह, किरण तिवारी, साक्षी चौधरी, मुस्कान कुमारी आदि उपस्थित थे।

## सारूबेडा दुर्गा मंदिर में देवी के नौ रूपों में से प्रथम शैलपुत्री की पूजा संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुजू :** बैंक ऑफ़ इंडिया के पास स्थित सारूबेडा मैं स्थापित दुर्गा मंदिर में, चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन देवी के नौ रूपों में से प्रथम शैलपुत्री की पूजा मंत्र उच्चारण के साथ संपन्न हुईद्य पुरोहित आचार्य मृत्युंजय पांडे वैदिक मन्त्रोंचारण के साथ यजमान बने समाजसेवी कुमार महेश सिंह दुर्गा सप्तशती के संपूर्ण पाठ के साथ संपन्न कियाद्य इस अवसर पर यजमान बने समाजसेवी कुमार महेश सिंह ने कहा कि नवरात्रि के शुभ अवसर पर सभी लोगों का जीवन सुखमय बने, यही प्रार्थना जगत जननी जगदंबा से करता हूंद्य उन्होंने देवी के नौ रूपों की पूजा में सुबह शाम श्रद्धालुओं से पूजा में शामिल होने का अनुरोध किया है द्य उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन देवी की नौ रूपों की पूजा के बाद शाम 7~00 बजे आरती एवं प्रसाद का वितरण होगाद्य पूजा के व्यवस्था सदस्य के रूप में मनोज मिश्रा, प्रकाश सिन्हा, मुखिया रोजे करमाली, तेज प्रताप सिंह, सत्येंद्र सिंह, सुधीर सिंह, संतोष सिंह, नवल महतो, कामता सिंह, इंदल सिंह, मनोज श्रीवास्तव,राजीव सिंह,राकेश सिंह पूजा की व्यवस्था को संभाले हुए हैं।

## रामगढ़ महाविद्यालय में मनाया गया सरहुल महोत्सव

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ महाविद्यालय के सांस्कृतिक समिति एवं खोरठा विभाग द्वारा महाविद्यालय बहुउद्देशीय भवन में सरहुल पर्व के पूर्व सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें खोरठा विभाग के विद्यार्थियों ने लोकनृत्य और लोकगीत से दर्शकों का खूब मनोरंजन कराया। विद्यार्थियों की प्रदर्शन की सराहना की गई। महोत्सव के मुख्य अतिथि प्राचार्या रत्ना पांडेय ने कहा कि विज्ञान और विशेष रूप में पर्यावरण विज्ञान आज हमें पर्यावरण संरक्षण का महत्त्व बताता है लेकिन सरहुल पर्व हमें आदि काल से पर्यावरण से प्रेम करने अर्थात पेड़ पौधा से लगाव रखने, उसकी उपासना करने और उसका संरक्षण करने का संदेश देता है। हम सब ये कर्तव्य निभाएं की पर्यावरण को प्रदूषित न करें क्योंकि पर्यावरण है तो हम मनुष्यों की जीवन है नहीं तो हमारे जीवन में कठिनाइयां बढ़ेगी। महोत्सव के मुख्य वक्ता खोरठा के विद्वान डॉ गजाधर महतो प्रभाकर ने कहा कि प्रकृति के गोद में पलने बढ़ने वालों को प्रकृति से मां बाप की तरह प्यार होता हैं इसलिए मां बाप की पूजा की तरह प्रकृति की पूजा करने की परंपरा है। इसलिए विशेषकर झारखंड में सरहुल, सोहराई और कर्मा जैसा पर्व मनाया जाता है। ये पर्व बसंत का महत्वपूर्ण पर माना जाता है पेड़ पौधे या पेड़ पौधों में नव पल्लव पुष्प वगैरह आ जाता है उसी अवसर पर यह उत्सव मनाया जाता क्योंकि इस महीने में चारों ओर हरियाली रहती है। यहां की विवाह परंपरा यह है कि यहां लड़की या लड़के की शादी पहले वृक्ष के साथ की जाती है। महोत्सव को डॉ प्रीति कमल, डॉ बलवंती मिंज, डॉ साजिद हुसैन, डॉ शाहनवाज खान, जितेन्द्र कुमार राणा, किशुन महतो, बासुदेव प्रसाद ने भी संबोधित किया। महोत्सव में सक्रिय भूमिका निभा रहे छात्र छात्राओं में ईश्वरचंद्र महतो, पुष्पा कुमार, निशा कमरी, मोनिका, सोनिका, हेमंती, अंजू, राखी, संध्या, प्रीति, नीलू कुमारी आदि का नाम शामिल है।

## भुरकुंडा मे भव्य कलश यात्रा के साथ श्री श्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ का हुआ शुभारंभ





प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा छठ मंदिर के निकट मंगलवार को सात दिवसीय सूर्य षष्ठी महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलशयात्रा के साथ हुआ। भगवा ध्वजों और गाजेबाजे के साथ 1001 महिलाएं कलशयात्रा में शामिल हुई। इससे पूर्व यज्ञाचार्य पद्मनाभ जी महाराज के मार्गदर्शन में यजमान अशोक तिवारी, विनोद दूबे और गोपाल करमाली का प्रायश्चित संस्कार और मुंडन संपन्न हुआ। इसके उपरांत यज्ञ स्थल से कलशयात्रा निकाली गई।हर-हर महादेव और जय श्री राम के जयकारे के बीच कलशयात्रा भुरकुंडा थाना से सीएचपी, होते हुए सौंदा दामोदर- नलकारी नदी के संगम दोमुहान पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी कलशों में जल भरा गया।कलशयात्रा पुनः उसी रास्ते से यज्ञ स्थल पहुंची। जहां मंडप में कलश स्थापित किए गये। वहीं यज्ञ समिति की ओर से छठ मंदिर के निकट श्रद्धालुओं के लिए बुंदिया, शरबत और पानी का वितरण गया। जबकि 16 अप्रैल को महा भंडारे का आयोजन किया जाएगा।इस अवसर पर यज्ञ समिति के सभी पदाधिकारी सहित बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह, पीओ मनोज कुमार पाठक, निशी पांडेय,संजीव बेदिया, विंध्याचल बेदिया,मनोज राम, मुखिया अजय पासवान, मुकेश राउत, उपेंद्र शर्मा, डब्लू पांडेय, संतन सिंह, राजकिशोर पांडेय, चंदन साव, राम गोपाल अग्रवाल, अशोक गुप्ता, केसी दास, दशरथ कुर्मी, अशोक शर्मा, अनिल सिंह, रमाकांत दूबे, गुरुदयाल ठाकुर, हरिलाल बेदिया, वीरेंद्र यादव, जग्गू घांसी, सुरेश पासवान, महेश, विक्की पासवान, अमृत सागर, रेणुका देवी, समेत सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## आंबेडकर जयंती मनाने को लेकर सयाल आंबेडकर ग्राउंड में हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सयाल उतरी पंचायत के आंबेडकर ग्राउंड स्थित आंबेडकर स्टेज पर मंगलवार को सयाल आंबेडकर समिति कि बैठक हुई। वहीं इस बैठक की अध्यक्षता विरेन्द्र पासवान एवं संचालन संजय शर्मा ने किया। वहीं आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 133वी जंयती धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं सयाल आंबेडकर समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्यो ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता सतेंद्र यादव को चुना एवं सचिव कृष्णा साव संरक्षक संरक्षक खजांची राम,सतीश सिन्हा,संजय शर्मा,अर्जुन सिंह,वीरेंद्र पासवान, रामविलास यादव,सुभाष रजक आदि लोगो को चुना गया??। बता दें कि इस बार सयाल आंबेडकर समिति के द्वारा निर्णय लिया गया कि 14 अप्रैल दिन रविवार को आंबेडकर ग्राउंड में भव्य तरीके से बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वी जयंती मनाई जाएगी जिसमें मुख्य अतिथि बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह और विशिष्ट अतिथि पुर्व सांसद रमेन्द्र कुमार होंगे। वहीं इस मौके पर सुनील कुमार राम, दीप नारायण राम,विसर्जन राम, रामकरण राम, विनोद कुमार, मोहम्मद इरफान, रामजी राम, इंद्रदेव राम, अनूप कुमार सिंह, प्रभु पासवान, विमलेश कुमार, बजरंग राम,सूचित राम, उदय कुमार मेहता, कृष्णा कुमार, जसीम अंसारी, आर के चौधरी, अमरनाथ पासवान, अक्षय कुमार सिंह, सरविंद कुमार, रामनाथ हरिजन, सूरज कुमार, प्रेम पासवान ,भोलानाथ राम, बालचंद राम, अजय पासवान, मंजूलता कुमारी, गीता कुमारी, पूनम देवी, विशाल कुमार, संगीता देवी आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## बासल थाना में रामनवमी, सरहुल एवं ईद को लेकर की गई शांति समिति की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** पतरातू प्रखंड के बासल थाना में आगामी रामनवमी, सरहुल एवं ईद जैसे तीन बड़े महापर्वो को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता, इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह एवं थाना प्रभारी कैलाश कुमार की अगुवाई में क्षेत्र वासियों के साथ एक शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें इन सभी त्योहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर सरकारी गाइडलाइंस से अवगत कराया गया। साथ ही क्षेत्र वासियों ने अपनी कई मांगों को भी प्रशासन के समक्ष रखा जिसमें एम्बुलेंस की व्यवस्था तथा जुलूस के दौरान प्रशासन की सजग उपस्थित एवं अन्य कई मांगों को भी रखा गया। जिसे प्रशासन की ओर से सहजता के साथ स्वीकार किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह ने कहा कि हम आपके त्योहारों को शांतिपूर्वक आपके साथ मनाना चाहते हैं। शांति व्यवस्था बनाए रखने में आप लोग भी हमारी सहायता करें और अपने त्यौहार को बड़े प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं। इस मौके पर बासल थाना के एस आई जॉनी कुमार, निमिर हेस तथा ए एस आई विनोद कुमार भी उपस्थित रहे। क्षेत्र वासियों में जिला पार्षद राजाराम प्रजापति पूर्व जिला पार्षद डॉली देवी बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा हरिहरपुर पंचायत की मुखिया गीता देवी लबगा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि लालू महतो लबगा पंचायत के पूर्व मुखिया शिवप्रसाद मुंडा कुमेल उरांव योगेंद्र सिंह भुवनेश्वर सिंह आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रंजीत यादव, झामुमो नेता योगेंद्र यादव वीरेंद्र मांझी आशीष शर्मा समसुल हक मोहिउद्दीन अंसारी डोमन महतो किशोर बेदिया राजेंद्र महतो भारत महतो राजेश साहू कयूम अंसारी शहरात अंसारी सहित दर्जनों क्षेत्रवासीय एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कलश स्थापना के साथ बासंती नवरात्र अनुष्ठान शुरू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** बासंती नवरात्र के पहले दिन रामगढ़ जिला के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ दिखीद्य शहर के प्रतिष्ठित मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना आरंभ हो गया थाद्य शहर के कई मंदिरों में कलश स्थापना के साथ पूजा अर्चना आरंभ हो गई हैद्यशहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में मंगलवार को बासंती नवरात्र के पहले दिन ही श्रद्धालु भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर के पुजारी पंडित लीलाधर शर्मा ने बासंती नवरात्र पूजन के यजमान संजीव चड्डा व उनकी पत्नी अंजू चड्डा से कलश स्थापना कराने के बाद विधिवत पूजन आरंभ किया। नौ दिवसीय इस बासंती नवरात्र अनुष्ठान के अवसर पर माता वैष्णों देवी मंदिर सहित पूरे मंदिर परिसर को फूलों एवं विद्युत सज्जा कर आकर्षक बनाया गया है। मंगलवार की सुबह पांच बजे से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा मंदिर परिसर भक्तों के जयकारे से गुंजायमान होता रहा। माता के भक्तों की भीड़ को देखते हुए पंजाबी हिन्दू बिरादरी के तत्वावधान में माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट ने भक्तों की सुविधा हेतु व्यापक प्रबंध किए हैं। पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव के अलावे बिरादरी के सभी सदस्य बासंती नवरात्र के अवसर पर आगामी 15 अप्रैल को माता की चौकी एवं 17 अप्रैल को होने वाले भंडारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रयासरत हैं। शहर के थाना चौक में स्थित श्री संकट मोचन मंदिर में नवरात्र के पहले दिन श्रद्धालुओं की भीड़ दिखीद्य सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का आना-जाना आरंभ हो गया था। आज से चैत्र नवरात्र आरंभ होने के बाद मंदिरों में पूजा पाठ आरंभ हो गई हैद्य संकट मोचन मंदिर में भी विशेष पूजा पाठ हो रही है।

## मारवाड़ी महिला समिति ने किया पनशाला का शुभारंभ




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** जिले की अग्रणी सेवाभावी संस्था मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा द्वारा बढ़ती गर्मी के मद्देनजर राहगीरों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था करते हुए पनशाला का शुभारंभ किया गया पनशाला की व्यवस्था शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ शरद जैन के आवास के प्रांगण में की गई पनशाला का शुभारंभ समिति के अध्यक्षा निशा जैन ने किया ।समिति के अध्यक्षा ने बताया समिति का उद्देश्य गर्मी से तप्त राहगीरों को शीतल एवं शुद्ध जल पिलाना है, जिससे राहगीरों को पीने की पानी की कमी का एहसास न हो आगे उन्होंने कहा कि हमारी शाखा अपने पूर्व के सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए जनकल्याण के कार्यों में अपनी भागीदारी प्रदान करती रहेगी । समिति के उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्षा के अलावा सचिव रिद्धि जैन, संरक्षिका अरुणा जैन तथा पुष्पा अग्रवाल आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया।

## रामगढ़ गौशाला में गौसेवा के तहत गुड़ और लपसी का हुआ वितरण




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** हिन्दू नववर्ष को अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा द्वारा नए सत्र 2024-25 की शुरुआत राष्ट्रीय कार्यक्रम ÷जीव मित्रता दिवस के उपलक्ष्य में रामगढ़ गौशाला में गोसेवा के तहत गुड़ और लपसी का वितरण कर किया गया। कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच (अध्यक्ष )आशीष अग्रवाल, (सचिव) धीरज बंसल, (कोषाध्यक्ष) श्रींजय मेवाड़, (उपाध्यक्ष) विजय खंडेलवाल (मीडिया प्रभारी) राहुल अग्रवाल, नीलींद अग्रवाल, अमित अग्रवाल, , प्रतीक पोद्दार, पंकज अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, राहुल जैन, अभिषेक अग्रवाल, संतोष गोकुलका, निखिल अग्रवाल, आयुष बजाज, अरचित अग्रवाल, एवं मंच के अन्य सदस्यगण भी मौजूद थे, मारवाड़ी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा को रांची में आयोजित झारखंड प्रांत वार्षिक सम्मेलन में अपने उत्कृष्ट कार्य के लिए सत्र 23-24 का श्रेष्ठ शाखा एवं तीन अन्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, मौके पर मौजूद नवनिर्वाचित उर्जावान युवा अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया मारवाड़ी युवा मंच समय - समय पर समाज सेवा के लिए कार्य करता रहता है एवं आगे भी बहोत सारे बेहतर कार्य अनवरत करता रहेगा।

## रामगढ़ कॉलेज के विद्यार्थियों का हुआ शैक्षणिक भ्रमण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ कॉलेज इतिहास और हिंदी विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण पर बड़का गांव ले जाया गया। विद्यार्थी बरसों पानी नाम की जगह गए, जहां ताली बजाने से पानी बरसने दृश्य देखकर चमत्कृत और अभिभूत हुए। यह अनूठापन सामान्य जन के लिए ईश्वर और प्रकृति का चमत्कार है।कहा जाता है कि वैज्ञानिक इसकी खोज में है कि इन पत्थरों में पानी कहां से आता है। इस यात्रा में विद्यार्थियों ने कैनेरी हिल के ऐतिहासिक महत्व को समझा। 30 विद्यार्थियों की टीम ने हजारीबाग झील और वहीं पर स्थित सेंट्रल जेल को भी उन्होंने देखा। टीम का नेतृत्व राष्ट्रीय योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कामना राय और डॉ अनामिका ने किया।

# समय सारिणी : नमाज ए ईद-उल-फितर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रेलवे ग्राउंड 8:00 बजे, नया बाजार ईदगाह मस्जिद 7:30, टी सी कंपाउंड मस्जिद 8:15, हैदरी मस्जिद लोहा मार्केट 7:45, मनईटांड़ मस्जिद 8:30, नूरी मस्जिद वासेपुर 7:45, अब्दुल जब्बार बड़ी मस्जिद 7:30, शमशेर नगर ईदगाह 7:30, इस्लामपुर ईदगाह 7:30, नई मस्जिद वासेपुर 8:00, मदरसा तेगीया राहमतगंज 8:00, रहमतगंज मस्जिद 7:00, सी ब्लॉक मदरसा इस्लामिया भूली 8:45, डी ब्लॉक टाउनशिप ईदगाह 8:15, अहसान आलम मस्जिद मारूफगंज 7:15, मदीना मस्जिद कुसुंडा स्टेशन 8:45, कोयला नगर मस्जिद 8:30, रजा मस्जिद शमशेर नगर 7:15, आएशा मस्जिद भूली रोड 7:45, गौसिया मस्जिद भट्ठा मोहल्ला नया बाजार 7:15, गौसिया मस्जिद मिल्लतगंज 7:00, बगदादी मस्जिद चेक पोस्ट कतरास रोड गोधर 8:30, जोनल ट्रेनिंग स्कूल वासेपुर 8:00, न्यू कॉलोनी मस्जिद वासेपुर 8:00, आज़ाद नगर ईदगाह 7:45, मस्जिद अल्हेरा फ्रेंड्स कॉलोनी 8:00, मिल्लत मस्जिद काम्प्लेक्स मिल्लत कॉलोनी 7:45, मदनी मस्जिद मदनी नगर शमशेर नगर 7:30, जामा मस्जिद पुराना बाजार 9:00, ग़ौसुल आजम मस्जिद आज़ाद नगर इमामबाड़ा-3 7:45, मस्जिद खैरुनिसा ग़फ़्फ़ार कॉलोनी 7:00, अशरफुल मस्जिद अशरफ नगर गुलजारबाग 7:00, सबीली मस्जिद दरगाह शरीफ स्टेशन रोड 8:15, मस्जिद यतीमखाना नया बाजार 7:30, अब्दुल गनी मस्जिद अजिमिया आबाद बाई पास रोड 7:30, याहिया रजा मस्जिद बाई पास रोड 7:15, कोला कुसमा ईदगाह कोराडीह 8:30, मस्जिद ए उमर अमन सोसाइटी गेट नम्बर-3 7:00, मस्जिद ए हुसैन नईमूल हक नगर पांडर पाला 7:00, मोहसिन आज़म मस्जिद जामिया नगर 8:00, मस्जिद अबू बकर सिद्दीक रहमतगंज 7:15, मोहम्मदी मस्जिद बाई पास रोड 7:15, मस्जिद ए यूसुफ नबी नगर वासेपुर 8:15, मक्का मस्जिद कलाली बागान गली नंबर-12 8:00, मस्जिद ए कुबा रमजान मंजिल (मौसम खराब रहने पर) 8:15, सिल्वर डव ग्राउंड आजाद नगर 7:45, जैबुन निशा मस्जिद 7:30, मस्जिद अबू बकर सिद्दीक गेट नंबर-4 8:00, मस्जिद ए खदीजतुल कुबरा न्यू मस्जिद वासेपुर 8ः00 बजे। उपरोक्त दिये गए समय सारिणी के अनुसार सभी मस्जिदों एवं ईदगाहों मे ईद-उल-फितर की नमाज अदा की जाएगी।

# ईद-उल-फितर : 11 अप्रैल सुबह 6:00 बजे से 12 अप्रैल के सुबह 6:00 बजे तक कार्यरत रहेगा जिला नियंत्रण कक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** ईद-उल-फितर को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने के लिए जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन तथा अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) हेमा प्रसाद ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले को 7 जोन में बांटा है। सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा सभी 31 थाना व 23 ओपी में पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही 33 थाना क्षेत्र पर जिला प्रशासन की विशेष निगरानी रहेगी। ईद-उल-फितर के अवसर पर जिले को कतरास, धनबाद, चिरकुंडा, तोपचांची, झरिया, गोविंदपुर एवं टुंडी ज़ोन में बाटा गया है।

**7 जोनल दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति :-** कतरास ज़ोन में कतरास व बाघमारा के लिए डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाघमारा आनंद ज्योति मिंज, धनबाद में अपर समाहर्ता विनोद कुमार तथा डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर दीपक कुमार, चिरकुंडा ज़ोन के निरसा, चिरकुंडा तथा मैथन के लिए निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निरसा रजत मणिक बाखला, तोपचांची ज़ोन के तोपचांची व गोमो में अपर नगर आयुक्त महेश्वर महतो तथा पुलिस निरीक्षक तोपचांची संजय कुमार, झरिया के सिंदरी, झरिया व जोरापोखर में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंदरी भूपेन्द्र राउत, गोविंदपुर व बरवाअड्डा में जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी तथा डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती, टुंडी ज़ोन के टुंडी, मनियाडीह तथा पूर्वी टुंडी के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता संतोष कुमार गुप्ता तथा पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय (द्वितीय) संदीप कुमार गुप्ता प्रभार में रहेंगे।

## 33 थाना क्षेत्र पर रहेगी विशेष निगरानी

**33 थाना क्षेत्र पर रहेगी विशेष निगरानी :-** धनबाद, बैंक मोड़, सरायढेला, भूली ओपी, धनसार, केंदुआडीह, लोयाबाद, जोगता, पुटकी, झरिया, जोरापोखर, तिसरा, सिंदरी, निरसा, कुमारधुबी, सुदामडीह, पाथरडीह, चिरकुंडा, पंचेत ओपी, गोविंदपुर, बरवाअड्डा, टुंडी, बाघमारा, महुदा, तोपचांची, हरिहरपुर, कतरास, राजगंज, तेतुलमारी, बरोरा, बलियापुर, टुंडी, भौंरा व मधुबन थाना क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जाएगी।

**11 अप्रैल सुबह 6:00 बजे से 12 अप्रैल के सुबह 6:00 बजे तक कार्यरत रहेगा जिला नियंत्रण कक्ष :-** ईद-उल-फितर के अवसर पर जिला नियंत्रण कक्ष 11 अप्रैल को सुबह 6ः00 बजे से 12 अप्रैल की सुबह 6ः00 बजे तक कार्यरत रहेगा। अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक जिला नियंत्रण कक्ष के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे। वहीं एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद इसके वरीय प्रभार में रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 0326 - 2311217 व 100 है। जिला नियंत्रण कक्ष में नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी दीपक दुबे तथा श्री नारायण राम सहित 36 पदाधिकारी व 30 कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला नियंत्रण कक्ष 11 अप्रैल के सुबह 6 बजे से 8-8 घंटे की तीन शिफ्ट में कार्यरत रहेगा।

**सभी 31 थाना व 23 ओपी में रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी :-** धनबाद, बैंक मोड़, सरायढेला, धनसार, झरिया, जोरापोखर, सुदामडीह, पाथरडीह, तिसरा, सिंदरी, बलियापुर, केंदुआडीह, पुटकी, लोयाबाद, जोगता, कतरास, राजगंज, महुदा, मधुबन, बरोरा, तेतुलमारी, बाघमारा, तोपचांची, हरिहरपुर, बरवाअड्डा, गोविंदपुर, टुंडी, पुर्वी टुंडी, मनियाडीह, निरसा, चिरकुंडा थाना तथा भूली ओपी, घनुआडीह, बोर्रागढ़, भौंरा, लोदना, अलखडीहा, गौशाला, मुनिडीह, भागाबांध, अंगारपथरा, कपूरिया, रामकनाली, गोंदुडीह, खरखरी, ईस्ट बसुरिया, सोनारडीह, धर्माबांध, कालूबथान, कुमारधुबी, मैथन, गलफरबाड़ी, खरखरी, भाटडीह एवं पंचेत ओपी के लिए पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। संयुक्त आदेश में अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक क्ष, थाना प्रभारी, साइबर थाना को सोशल मीडिया व विभिन्न तरह के व्हाट्सएप ग्रुप इत्यादि पर लगातार नजर रखने का भी निर्देश है। इसके अलावा साफ सफाई व स्वच्छता एवं निर्बाध रूप से विद्युत व पेयजल आपूर्ति करने का आदेश है।

# कुआं से मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

## हत्या हैं या आत्महत्या या फिर मडर की आशंका



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पचंबा थाना क्षेत्र के कुसमाटांड़ के समिप जंगल में मंगलवार के सुबह कुंआ से एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गया. शव की पहचान नहीं हो सका है. इधर जंगल मे स्थित कुंआ से शव मिलने की सूचना के बाद शव देखने के लिए आस ङ्क पास के लोगों की जमघट भीड़ उमड़ पड़ी. वंही स्थानीय लोगों द्वारा घटना कि जानकारी पुलिस को मिलने के बाद पचंबा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से शव को कुंआ से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया। बताया गया कि मंगलवार की सुबह तिलैयाटांड़ के ग्रामीण मंगलवार की सुबह जंगल की ओर घुमाने के लिए गए हुए थे, इसी दौरान जंगल में स्थित एक कुंआ से काफी तेजी से दुर्गंध आने पर लोगों ने कुंआ में झांका तो देखा कि कुंआ में एक शव पानी में तैर रहा था. इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी. इधर घटना को लेकर पचंबा थाना पुलिस ने बताया कि शव तीन ङ्क चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा है और शव से काफी दुर्गंध आ रही है. फिलहाल शव की पहचान नहीं पाई है मृतका का चेहरा पूरी तरह से खराब हो गया है, बताया की यह हत्या है या आत्महत्या इसकी पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# ईद व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेंगाबाद थाना परिसर में रामनवमी व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक मंगलवार को हुई जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने किया।

अंचलाधिकारी प्रियंका प्रियदर्शनी व प्रखंड विकास पदाधिकारी निशा कुमारी ने कहा रामनवमी के दिन अखाड़े के दौरान जुलूस में शराब का सेवन नहीं करें रूट चार्ट में पूर्व से है वही रहेगा साथ ही अफवाह पर ध्यान नहीं दें डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा।

थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने कहा क्षेत्र में कहीं किसी प्रकार की घटनाएं होती है तो तुरंत थाना को सूचना दें। ओर आपस में भाइ आपचारे के साथ रामनवमी पर्व व ईद मनावें। जनप्रतिनिधियों व अखाड़ा लाइसेंसधारियों से अपने अपने पंचायत में मोनेटरिंग कर अखाड़ा शांति माहौल में निकालने की सलाह दी।

सभी बातो को गाइडलाइन का पालन करते हुए पालन करें।

# नौ वर्षीय सानिया ने सभी रोजा रख पेश की मिशाल

## खुदा की इबादत के लिए उम्र नहीं हौसले की होती है जरूरत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** खुदा की इबादत के लिए उम्र नहीं हौसले की ज़रूरत होती है। नौ वर्ष की सानिया मकसूद ने सारे रोजा रख कर पेश की मिसाल। रमजान के प्रत्येक दिन करती रहती है इबादत। नहीं छोड़ी एक भी वक़्त का नमाज़। दिल नहीं लगता है तो करती है कुरान की तिलावत। बाकी समय में अम्मी का काम में हाथ भी बंटाती थी। शाम हो जाने के बाद भी उसके चेहरे पर उदासी नहीं दिखती। बच्ची को देखने के बाद सब हैरत से देखते हैं। घर वालों के मना



करने के बाद एक भी रोज़ा नहीं छोड़ी माँ एवं दादी ने उसकी जिद के आगे हार मान ली।

**भूख लगती है तो कुरान की तिलावत करने बैठ जाती हूँ : सानिया**

सानिया मकसूद ने बताया की रोज़ा रखने के लिए ताकत की ज़रूरत नहीं पड़ती बल्कि हौसला होनी चाहिए। जब भूख लगती है तो कुरान की तिलावत करने बैठ जाती हूँ। 27वी रात को मैंने पूरी रात जाग कर अपने मुल्क की खुशहाली एवं सलामती की दुआ अल्लह से मांगी। अल्लह ताला उस रात सब की दुआ कुबूल करता है और मुझे उम्मीद है की मेरी भी दुआ कुबूल होगी। सानिया मक़सूद की माँ ने कहा की अफ्तार के वक़्त दस्तरखान सजाने में मदद करना सानिया को बहुत अच्छा लगता है और पड़ोसियों के घर इफ्तार पहुंचाना भी उसे बहुत पसंद है। सानिया को अगल बगल के लोग और रिश्तेदार खूब दुआएं दे रहें है। जो नहीं आ सकते वो फोन से ही बात कर के बधाई और दुआएं दे रहें हैं। सानिया को रोज़ा रखते देख सभी बच्चेअपनी माँ से रोज़ा रखने की बात कह रहें हैं। सभी बच्चो की माँ ने आने वाले रमजान में रोज़ा रखने का आश्वासन दिया तब जा कर बच्चे शांत हुए।

# गायत्री महायज्ञ में पहुंचे गिरिडीह लोकसभा के सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी

**महुदा( प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा विधानसभा अंतर्गत कतरास के गुहीबांध स्थित ÷माँ गायत्री मंदिर÷ प्रांगण में 24 कुण्डीय राष्ट्र जागरण, गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा तथा विराट दीप यज्ञ में गिरिडीह लोकसभा के एन डी ए प्रत्याशी आदरणीय चन्द्र प्रकाश चौधरी शामिल होकर क्षेत्र वासियों के सुख-समृद्धी हेतू हांथ जोड़ प्रार्थना किया । इस बीच सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी को हरिद्वार से आये पूज्य गुरु जी के द्वारा अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके जिला प्रधान सचिव सह सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी, जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर सिंह, कृष्णा किशोर, श्याम किशोर, प्रभात मिश्रा, भरत शर्मा, नवदीप गुप्ता, आशीष तिवारी, धनेश्वर महतो, राकेश सिंह, पप्पू सिंह, छोटू साहू, पिंटू चौबे, सचिन कुमार, प्रिंस शर्मा, आशीष सिंह, प्रवीन कुमार, शंभू साव, मनोज गुप्ता इत्यादी शामील थे ।

# कलश यात्रा के साथ 9 दिवसीय रामचरित मानस महायज्ञ हुआ आरंभ

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के खैरीडीह पंचायत के ग्राम गोरडीह में मंगलवार को नौ दिवसीय श्री श्री 1008 रामचरित् मानस महायज्ञ सह हनुमान एवं देवी प्राण प्रतिष्ठा की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। गाजे-बाजे और घोड़े के रथ के साथ कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 601 महिलाओं एवं कन्याओं ने माथे पर कलश लेकर तथा इसके साथ हजारों भक्तगण यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा को लेकर लगभग 5 किलोमीटर से अधिक परिक्रमा करते हुए कलश भरने के लिए इरगा नदी पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश भर वापस पैदल यज्ञ स्थल पर लौटे। इस बीच कार्यक्रम का संचालन कर रहे झूपर गोप एवं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मुकेश पासवान ने बताया कि इस यज्ञ का विधि विधान यज्ञाचार्य आचार्य शैलेंद्र आनंद कृष्णा जी महाराज के नेतृत्व संपन्न किया जायेगा वहीं प्रवचन के लिए मुख्य वक्ता के रूप में कथा वाचिका श्री देवी प्रतिभा जी प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक मानस कथा का श्रवण कराएंगी तत्पश्चात अंतिम दिन 17 अप्रैल शाम को भव्य भक्ति जागरण का आयोजन की जाएगी। मौके पर जय माता रानी सेवा समिति के अध्यक्ष द्वारिका महतो, सचिव रामेश्वर यादव , उपसचिव रामचंद्र यादव, उपाध्यक्ष अर्जुन यादव यज्ञ के मुख्य पुजारी प्रो.सुरेंद्र विश्वकर्मा, सहायक पूजारी केदार यादव, अर्जुन चौधरी, दशरथ यादव के अलावे शिवलाल यादव, अनंत यादव, अशोक चौधरी, छत्रधारी प्रसाद, मुकेश पासवान,उद्घोषक सह पेंटर विवेक राज समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# टुंडी थाना में रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी थाना परिसर में आज मंगलवार को रामनवमी एवं ईद त्योहार को लेकर दोनों समुदायों के बीच शांति बनाए रखने के लिए शांति समिति की बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता आरक्षी उपाधीक्षक मुख्यालय दो के संदीप कुमार गुप्ता ने किया जबकि संचालन टुंडी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर असीम कमल टोपनो के द्वारा किया गया। बैठक में शांति समिति के सभी जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पूरे प्रखंड के आयोजकों से आरक्षी उपाधीक्षक संदीप कुमार गुप्ता ने अपील करते हुए कहा कि आचार संहिता को संज्ञान में रखते हुए किसी प्रकार का सोशल मीडिया से जुड़ी अफवाहों पर ध्यान नहीं देने का चर्चाएं की गई। बैठक में मुख्य रूप से सभी शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया जिसमें सर्व श्री भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ज्ञान रंजन सिन्हा, टुंडी मुखिया रेखा देवी, झामुमो नेता इम्तियाज हुसैन, मुखिया बसंत नारायण तिवारी, विजय कुमार मंडल, मुखिया प्रतिनिधि शहादत अंसारी, नित्यानंद पाण्डेय,नीलमोहन मिश्रा, उपमुखिया संतूलाल किस्कू, समाजसेवी नवीन चन्द्र सिंह, नकुल सिंह समेत कई समाज से जुड़े नागरिक उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची

जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु नियंत्रण कक्ष की स्थापना के संबंध में

एतत द्वारा इस प्रमंडल के क्षेत्रान्तर्गत, बुण्डू, सोनाहातु, राहे, ओरमांझी, अनगडा, सिल्ली एवं तमाड प्रखण्ड के आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि आसन्न गर्मी को ध्यान रखकर उक्त क्षेत्रो में पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु प्रमण्डलीय स्तर पर जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसके प्रभारी श्रीमती रूपा वर्मा, है, उनके अधीन सुश्री सोनाली अभिजीत,एवं श्रीमती दिपिका सिंह कार्यरत रहेगे, जो पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के शिकायत कोषांग (Call Center) एवं **https://jharjal.jharkhand.gov.in** पर प्राप्त शिकायतों का शिकायत पुस्तिका में दर्ज एवं संबंधित अभियंता को सूचना तथा शिकायत का निष्पादन होने के उपरांत शिकायत कोषांग (Call Center) एवं **https://jharjal.jharkhand.gov.in** में Update करेगें। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 06513560890 होगा। उक्त दूरभाष पर उक्त क्षेत्रो में नलकूप मरम्मति/ ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओ में त्रुटि के निराकरण हेतु कार्य दिवस के कार्यावधि में शिकायत दर्ज की जा सकती है। शिकायतकर्त्ता अपना नाम, टोला/ग्राम एवं नलकूप के निकटवर्ती व्यक्ति/स्थान का नाम दूरभाष पर सूचित करगें। शिकायत प्राप्त होने के उपरान्त त्वरित कार्यवाई की जायेगी।

चापाकल मरम्मति हेतु शिकायत दर्ज करने के लिए प्रत्येक प्रखण्ड कार्यालय में एवं कनीय अभियंता के प्रशाखा कार्यालय में शिकायत पेटि/शिकायत पुस्तिका की भी व्यवस्था की गई है। चापाकल मरम्मति हेतु प्रत्येक प्रखण्ड में गाडी एवं मजदूरों की व्यवस्था की गई हैं।

विभिन्न प्रखण्डो में पदस्थापित सहायक अभियंता / कनीय अभियंता का नाम एवं दूरभाष नम्बर दिया जा रहा है, जिनसे मरम्मति हेतु सीधे सम्पर्क किया जा सकता है, जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्रमाक | प्रखण्ड का नाम | प्रभारी पदाधिकारी का नाम एवं मोबाईल नं० | सहायक अभियंता का नाम एवं मोबाईल नं० |
|---|---|---|---|
| 1 | बुण्डू | श्री विन्देश्वर प्रसाद, कनीय अभियंता मो० नं० – 7903122357 | श्री तिलेशफर मिज मो०नं०:– 9955274489 |
| 2 | सोनाहातु | श्री अनील कुमार लिंडा, कनीय अभियंता मो० नं० – 9576216018 | |
| 3 | राहे | श्री अनील कुमार लिंडा, कनीय अभियंता मो० नं० – 9576216018 | |
| 4 | तमाड | श्री श्रीराम उरांव, कनीय अभियंता मो० नं० – 7667223582 | |
| 5 | ओरमांझी | सुश्री दिव्या हाँसदा, कनीय अभियंता मो० नं० – 7294186507 | श्री भुपेन्द्र कुमार सिंह, मो०नं०:– 9431424293 |
| 6 | अनगडा | श्री प्रभात कुमार, कनीय अभियंता मो० नं० – 9031000628 | |
| 7 | सिल्ली | श्री जीत मोहन सिंह मुण्डा, कनीय अभियंता मो० नं० – 8210634202 | |

नोट :– पेयजल संबंधित कोई भी परेशानी होने पर संबंधीत प्रखण्ड के कनीय अभियंता/सहायक अभियंता/कार्यालय दूरभाष संख्या 06513560890 या **Toll Free Number** 18003456502 एवं **https://jharjal.jharkhand.gov.in/** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० राँची पूर्व राँची

PR 323701 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

# शाहिद कमर एवं शाहिदा कमर ने किया दावत-ए-इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन

## विधायक राज सिन्हा समेत कई गणमान्य हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के सचिव शाहिद कमर एवं आज़ाद नगर वेल्फेयर ट्रस्ट की सचिव सह कांग्रेस नेत्री शाहिदा कमर के द्वारा एकता और भाईचारा के पैगाम को गति देते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज़ाद नगर स्थित सिल्वर डव स्कूल के प्रांगण मे दावत ए इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों लोगों ने सामुहिक रूप से एकत्रित होकर इफ्तार के स्वादिष्ट व्यंजनो का आनंद लिया। इस दौरान छोटे-बड़े एवं सभी धर्म व समुदाय के लोग इस कार्यक्रम मे



शामिल हुए। वहीं धनबाद विधायक राज सिन्हा, पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, पूर्व सांसद ददई दुबे समेत कई राजनीतिक दल के नेता एवं शहर के अनेकों गणमान्य लोगों ने भी इस कार्यक्रम मे अपनी उपस्थिति दर्ज की। सभी ने देश व दुनिया की भलाई, अमन, शांति, खुशहाली व सौहार्द के लिये रब से दुआएं की। इस मौके पर दावत ए इफ्तार कार्यक्रम के आयोजक शाहिद कमर एवं शहिदा कमर ने सभी अतिथिगण को शॉल ओढ़ा कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। साथ ही उन्होने कोयलांचल सहित समस्त देशवासियों को रमज़ान की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी एवं आगामी ईद का त्योहार सभी के जीवन मे ढेर सारी खुशियों की सौगात लेकर आए, ये कामना भी की।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला
आम सूचना

स्पेशल लोक अदालत
दिनांक 27 अप्रैल 2024 (शनिवार)
स्थान –व्यवहार न्यायालय परिसर, गुमला

नि:शुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झालसा, रांची के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), गुमला के प्रांगण में दिनांक 27.04.2024 को प्रातः 7.30 बजे से स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

उक्त स्पेशल लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामले का निष्पादन किया जायेगा :–

**N.I.Act.U/s 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस) एवं बिजली से संबंधित वाद**

इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 7.00 बजे से दिन के 12:30 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला के कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला

उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला,

प्रधान जिला एवं सत्र जिला न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवाप्राधिकार, गुमला

PR 323677 Law(24-25)#D

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** आज मुख्यालय, हाजीपुर में 03 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाष से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया । महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस



निष्पादन के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे । विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं ।

### जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में चुनाव को लेकर विधानसभा प्रबंधन समिति की हुई बैठक

# भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मूल मंत्र

## कहा, संगठन में कार्यकर्ता का भाव ही महान बनाता है




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला लोहरदगा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव के निमित्त लोहरदगा विधानसभा प्रबंधन समिति की बैठक लोहरदगा जिला भाजपा कार्यालय बख्शीडीपा में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय प्रदेश महामंत्री सह लोकसभा प्रभारी मनोज कुमार सिंह,लोकसभा संयोजक मुनेश्वर साहू, लोकसभा सहसंयोजक सनी टोप्पो, जिला प्रभारी सुनीता सिंह और विधायक रामेश उरांव, सधनु भगत, श्री चंद प्रजापति, पूर्व जिला अध्यक्ष मदन मोहन पाठक, ब्रज बिहारी प्रसाद, राकेश प्रसाद उपस्थित थे। बैठक में अतिथियों का स्वागत किया गया। बैठक का विषय प्रवेश भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने की। कार्यकाजी बैठक का संबोधित करते हुए संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने लोकसभा चुनाव में जीत को सुनिश्चित करने को लेकर दिया मूल मंत्र उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता केवल चुनाव के समय ही नहीं चुनाव के अलावे भी निरंतर अपने संगठन के कार्यों के लिए दिन-रात लगे रहता है परंतु इस समय विशेष रूप से सकारात्मक ऊर्जा के साथ में बूथों पर कार्य करते हैं। कार्यकर्ता का एक ही लक्ष्य होता है वह अपने संगठन का अधिवक्ता के तौर पर कैसे जीत सुनिश्चित हो उसके लिए कार्य करते हैं। पर मुझे पूर्ण विश्वास है जिस प्रकार तीन बार लगातार कार्यकर्ताओं ने कमल छाप को खिलाने का काम किया है उसी प्रकार से इस बार भी बड़े अंतर से जीत को सुनिश्चित करेंगे। संगठन में कार्यकर्ता का भाव ही महान बनाता है। भाजपा संगठन हो या सरकार हर बार अलग-अलग लोगों को अलग-अलग जिम्मेवारी मिलती रहती है। प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं की अपनी-अपनी जिम्मेवारी है प्रबंधन समिति में विशेष जिम्मेवारी निर्धारित होती है सभी कार्यों को करते हुए हमारे विशेष रूप से मिली जिम्मेवारी को प्राथमिकता के तौर पर निर्माण करना है। भाजपा में सभी लोग पहले कार्यकर्ता है उसके बाद भी अन्य पद से शोभित होते हैं। बैठक में सधनु भगत ने कहा कि जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी लोकसभा में तीन-तीन बार इस क्षेत्र से जीत को सुनिश्चित किया है इस बार भी भारी मतों से हम चुनाव जीतेंगे हमारे कार्यकर्ता सभी बाधाओं को पार करने की क्षमता रखते हैं। और उनकी सकारात्मक को होता है हमारे सबसे बड़ी ताकत है। बैठक में सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव दिए। बैठक का मंच संचालन जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा ने की। बैठक में मुख्य रूप से चंद्रशेखर अग्रवाल, बिंदेश्वर उरांव, नवीन कुमार टींकू, नीरज कुमार नलिन, सामेला भगत, सूरजमोहन साहू, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, बजरंग उराँव अजातशत्रु, जगनंदन पौराणिक, छेदी राम, अनिल उरांव, मीना बाखला, अजय पंकज, भारती सिन्हा, सरिता देवी, सरोज प्रजापति, लाल नवल नाथ शाहदेव, देवाशीष कार, तरूण देवघरिया, पशुपति नाथ पारस, सुरेश बैठा, त्रिलोकी सिंह, गोसाई भगत, मनिष शिखर, सजल कुमार, अशोक साहू, जितेंद्र महतो, दीलीप पटनायक, अमित लोहरा, भरत किसान, मुकेश साहू, विवेक सोनी, सूरज दसोंधी, भरत किसान,लखन उरांव, सुदामा प्रसाद, अमरेश भारती, धीरज पाठक, नवीन कुमार साहू, संजय चौधरी, मिथुन तमेड़ा, बेंजामिन लकड़ा, राजू रजक, सूरजू साहू, बबलू महतो, पवन प्रजापति, पंखराज उराँव, मुरलीधर अग्रवाल, अजय प्रसाद, गोविंद महतो, सुखन उराँव, अनिष नारायण आदि उपस्थित थे।

### हिन्दू नववर्ष प्रतिपदा पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया बहनों और आचार्य अचर्याओ ने हिन्दू नव वर्ष प्रतिदा उमंग व हर्षोलाश के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 8:00 बजे से विद्यालय के सभी भैया बहन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, आचार्य आचार्या तथा भैया बहनों द्वारा घोषदल के साथ नगर भ्रमण किया गया। नगर भ्रमण मुख्य पथ से प्रारम्भ होकर शिव मंदिर होते हुए दुर्गा मंदिर प्रांगण पँहुचा। वही दुर्गा मंदिर में प्रसाद ग्रहण करने के उपरांत पुनः विद्यालय पँहुच कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। वही शोभायात्रा में विद्यालय के आचार्य आचार्या तथा भैया बहनों के साथ सैकड़ो ग्रामीण महिलाएं कलश यात्रा के रूप में सामूहिक रूप में शामिल थे। शोभायात्रा व नगर भ्रमण के दौरान राजा विक्रमादित्य के प्रतिरूप में भैया अनिकेत कुमार भारत माता के प्रतिरूप में बहन निलकुशुम और रानी लक्ष्मी बाई के प्रतिरूप में बहन शिवानी कुमारी, माता दुर्गा के प्रतिरूप में बहन आरती कुमारी आकर्षण का केंद्र थे। वही प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी ने आचार्य आचार्या व भैया बहनों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य व पदाधिकारियों सहित अन्य सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन कई अर्थ में महत्वपूर्ण दिवस है। आज ही के दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी,तो भगवान श्री राम जी का राज्याभिषेक भी हुआ था। तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार का जन्मदिवस भी है। साथ ही चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भारत मे प्रचलित सभी समवत्सरों का प्रारंभ भी इसी दिन से माना जाता है। मौके पर केदारनाथ साहु, हर्षनाथ महतो, नवल साहु के अलावे प्रतिभा देवी, सुषमा देवी, मीना देवी, मालती कुमारी, डॉली कविता, संध्या कुमारी, प्रेमशीला उराँव, खुशी सहाय, खुशबू कुमारी, निरूपा कुमारी, राजकिशोर उराँव, जयप्रकाश सिंह सहित सभी आचार्य आचार्या व भैया बहन उपस्थित थे।

## विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हिंदू नववर्ष व डॉ. हेडगेवार की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा में हर्ष उल्लास के साथ हिंदू नववर्ष व डॉक्टर हेडगेवार जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन और वंदना से की गई। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कविता कुमारी द्वारा किया गया। हिंदू नव वर्ष व डॉक्टर हेडगेवार जयंती के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता और शुभकामना पत्र निर्माण प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अटल जी के द्वारा लिखी ÷हिंदू तन मन हिन्दू जीवन÷ कविता का पाठ किया गया। शुभकामना निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पलक कुमारी, द्वितीय स्थान आकांक्षा पांडे व तृतीय स्थान अनिमा कुमारी ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में किरण कुमारी, नितेश उरांव व आकाशदीप मिंज ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य सुनील कुमार सिंह के द्वारा नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गई और नव वर्ष से जुड़ी अतीत की महत्वपूर्ण बातें भी बताई। उन्होंने कहा कि इस दिन की महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसी दिन विक्रम संवत की शुरुआत हुई थी, डॉक्टर हेडगेवार जी व संत झूलेलाल की जयंती व राजा राम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। कार्यक्रम में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर व मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती इंटर कॉलेज के द्वारा महाविद्यालय परिसर में पद संचलन किया गया और भारत माता की जय के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता, रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋ द्धि मिश्रा, कविता कुमारी, चेतना प्रिया, अर्चना कुमारी, सनोज कुमार साहू, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत सहीत शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नव वर्ष हमारे लिए प्रेरणादाई है तथा यह खुशियों का सौगात लेकर आई है : सुरेश चंद्र पांडे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज नव वर्ष महोत्सव विक्रम संवत 2081 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभात फेरी एवं पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ भारत माता की जय एवं नव वर्ष मंगलमय हो तथा वंदे मातरम के गगन भेदी नारों के साथ भैया बहनों का पद संचलन शारदा नगर मुख्य पथ होते हुए मनोहर लाल अग्रवाल इंटर महाविद्यालय प्रांगण के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री महेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा डॉ.केशव बलिराम हेडगेवार के जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए भैया बहनों को नववर्ष की शुभकामना प्रदान किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे ने कहा नव वर्ष हमारे लिए प्रेरणादाई है तथा यह खुशियों के सौगात को लेकर आई है इस अवसर पर हम राजा विक्रमादित्य के महान पराक्रम को याद करते हुए घर-घर में दीप जलते हैं भगवान राम के महान त्याग एवं पराक्रम की गाथा को हम गाते हैं इस अवसर पर हम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार के गुन गाथा को याद करते हैं श्री त्रिलोचन साहू द्वारा भारत माता की जय बोल कविता का सा स्वर पाठ किया गया। कार्यक्रम के पश्चात भैया बहनों एवं सभी आचार्य गण के बीच प्रसाद वितरण किया गया। आज के इस पावन अवसर पर सुश्री सुनीता जी, मीनाक्षी जी, लक्ष्मी जी, दीपिका जी, गणेश साहू, अशोक प्रसाद, प्रमोद, अशोक कु सिंह, रवि रंजन कु.उपाध्याय समेत सभी आचार्य गण उपस्थित रहे।

### चुनाव को लेकर स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा कण्डरा में चलाया गया वाहन जांच अभियान



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा में निर्मित अस्थायी चेक पोस्ट के समीप मंगलवार को स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा चुनाव आयोग के निर्देश पर दण्डाधिकारी की मौजूदगी में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। आगामी लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर आर्दश अचार संहिता लागू होने पर लगातार वाहनों का जांच किया जा रहा है। उसी क्रम में सोमवार को जांच के दौरान ए एस आई रामचन्द मांझी के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान राजनीति पार्टी का पोस्टर झंडा,अवैध हथियार के अलावे गंजा, ब्राउन शुगर, चरस, शराब सहित अन्य नशीला पदार्थ एवं पैसे का जांच किया गया। साथ ही वाहन जांच के दौरान वाहन में रखें बैग थैला सहित अन्य चीजों का भी बारीकी से जांच करते हुए तलाशी लिया गया। तथा सन्देहास्पद व्यक्तियों पर चेक पोस्ट में तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है जिससे अपराध पर अंकुश लगा रहे। साथ ही वाहन जांच के क्रम में अवैध बालू की और ट्रक में ओभर लोड बॉक्साइड परिवहन करने में भी कमी आई है। मौके पर दण्डाधिकारी उमेश कुमार और ए एस आई रामचन्द्र मांझी दल बल के साथ मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में मनाया गया वर्ष प्रतिपदा उत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** मंगलवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,कैरो में वर्ष प्रतिपदा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। हिंदू नव वर्ष यानी विक्रम संवत 2081 की शुरुआत आज ही से होने जा रही है। आज ही के दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी, आज ही के दिन सम्राट विक्रमादित्य ने राज्य की स्थापना की और विक्रम संवत प्रारंभ किया, आज ही के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम एवं महाराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक हुआ था, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार, संत झूलेलाल, सिक्खों के गुरु अंगद देव जी का जन्म भी आज के दिन हुआ था। वर्ष प्रतिपदा से ही नौ दिवसीय शक्ति पर्व भी प्रारंभ हो जाता है, समाज शक्ति की भक्ति में लीन होता है। पंचांग के अनुसार हर साल चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को नववर्ष शुरू हो जाता है। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार व भैया बहनों द्वारा पथ संचलन,घोष व झाँकी का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के बाद भैया-बहनों के बीच चना गुड,सरबत का वितरण किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएँ दी और कहा कि नववर्ष बसंत लेकर आता है, जो उत्साह, उमंग और खुशियों का प्रतीक है। यह नववर्ष सभी के जीवन में खुशियाँ लेकर आए। कार्यक्रम में सभी आचार्य वृंद उपस्थित थें।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत किया गाइड की छात्राओं ने वॉल पेंटिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा चुनाव महापर्व को लेकर भारत स्काउट और गाइड के द्वारा स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का नियमित आयोजन किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधीक्षक के निर्देशानुसार लोहरदगा जिला के कैरो कुडू और भंडरा प्रखंड में वॉल पेंटिंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया गया। भारत स्काउट और गाइड के जिला सचिव शैलेन्द्र कुमार सुमन और जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन की देखरेख में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी स्वीप कार्यक्रम में अपनी महत्ती भूमिका निभाने का काम कर रहे हैं। राजकीय अपग्रेटेड उच्च विधालय सलगी, प्रोजेक्ट उच्च विधालय कुडू, उच्च विधालय हेंजला, केजीवीपी कैरो और कुडू के भारत स्काउट और गाइड के बच्चों के द्वारा पहले जागरूकता रैली और फिर पेंटिंग साथ ही वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वीप के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में बेहतर परिणाम देने वाले भारत स्काउट और गाइड के बच्चों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने इस बार 90त्न मतदान की अपील मतदाताओं से की है। जिसे धरातल में उतारने के लिए स्कूली बच्चें बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं।

## विवेकानन्द शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ में भव्य झाँकी के साथ निकला विशाल जुलूस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड, द्वारा संचालित विवेकानन्द शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत् 2081 नववर्ष के शुभावसर पर भव्य झांकी के साथ विशाल जुलूस निकाला गया।भारत माता की जय, विक्रमसंवत् अमर रहे, वन्देमातरम् ,राजा विक्रमादित्य की जय का गगन भेदी नारा गुंजाएमान था।सिर में कलश लिए बहनों का दल आकर्षण का केन्द्र रहा। जुलूस में चार गाड़ियों में झांकी सज्जी हुई थी जिसमें एकलव्य दल से भारत माता की झांकी, शिवाजी दल से राजा विक्रमादित्य का राजदरबार,भरत दल से वीरांगना झाँसी की रानी, फूलो-झानो, आरुणि दल से प्रभु श्रीराम का राजदरबार झाँकी सुसज्जित थी। जो विद्यालय से मुख्य पथ होते हुए पहान टोली सी आर पी कैंप, प्रिंस चौक से पुनः मुख्य पथ होते हुए विद्यालय पहुँची। बहनों ने लोगों को तिलक - चन्दन,अबीर लगाकर नववर्ष का शुभकामना प्रकट किया। शरबत,

### उप निदेशक ने 10 विद्यालयों का भ्रमण के पश्चात उप विकास आयुक्त के साथ की बैठक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीईआरटी), रांची की ओर से उप निदेशक सुरेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में आज तीन सदस्यीय टीम का लोहरदगा जिला भ्रमण का दूसरा व अंतिम दिन रहा। आज जेसीईआरटी, रांची की टीम ने जिला के 10 विद्यालयों के भ्रमण के पश्चात् उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उप निदेशक, जेसीईआरटी, रांची ने लोहरदगा जिला के विद्यालय भ्रमण के प्रतिवेदन से उप विकास आयुक्त को अवगत कराया जिसमें विद्यालयों में आधारभूत संचरनाओं व सुविधाओं की स्थिति, परियोजना के क्रियान्वयन की स्थिति व प्रभाव, विद्यालयों में साफ-सफाई की स्थिति, पढ़ाई की गुणवत्ता आदि बिंदु शामिल हैं। उप निदेशक द्वारा जिला में भविष्य में किये जानेवाले कार्यो से अवगत कराया। उप निदेशक व टीम द्वारा प्रखण्ड स्तर के आदर्श विद्यालयों, कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों, नेताजी सुभाषचंद्र आवासीय विद्यालय, नदिया हिंदू प्लस टू उच्च विद्यालय आदि का भ्रमण किया गया। आज इस मौके पर जेसीईआरटी, रांची की ओर से मध्याहन भोजन के स्टेट कोर्डिनेटर कमलेश तिवारी, डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर रविशंकर कुमार, लोहरदगा जिला की ओर से जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आईलिन टोप्पो,अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आंबुज्य पाण्डेय समेत अन्य उपस्थित थे।

## सरना स्थल में पूजन के साथ किया गया हिंदू नववर्ष का स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद् जिला समिति के तत्वावधान में नव वर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित सरना स्थल महादेव सरना में पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें सभी ने सरना में वास करने वाले सभी देवी देवताओं का पूजन कर समस्त जिले वासियों के सुख समृद्धि और तरक्की के लिए और विश्व के कल्याण के लिए उनसे आशीर्वाद की कामना की गई । पाहन बाबूलाल और पाहन बिरसा मुंडा ने पूर्ण विधि विधान से पूजन करवाया, जिसमे सभी समाज से सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही. मौके पर उपस्थित विश्व हिन्दू परिषद् के जिलाध्यक्ष और बिरुगढ़ राज परिवार के युवराज श्री कौशलराज सिंहदेव जी ने नववर्ष प्रतिपदा की सभी को शुभकामनायें और बधाई देते हुए कहा काल गणना में सबसे आगे हमारा नव वर्ष विक्रम संवत 2081आज अयोध्या जी में अपने भव्य प्रासाद में विराजे प्रभु श्रीराम के सूर्य तिलक के साथ प्रारम्भ हो रहा है, आज ही के दिन उज्जैन के राजा चक्रवर्ती सम्राट महाराज वीर विक्रमदित्य ने विदेशी आक्रमणकारी शकों को मार भगाया था और इसकी याद में अपने नाम से संवत की शुरुआत की थी, इतिहास में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को अनेकों ऐसी सुखद घटनाएं हुई है जिनका सम्बन्ध सनातन धर्म संस्कृति से है. आज ही के दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि रचना की शुरुआत की थी. आज से अनेक पर्व त्यौहार की शुरुआत होगी. चैत्र मास को पर्व का मास भी कहा जाता है. आज की पीढ़ी को भारतीय काल गणना और पंचांग की जानकारी शायद ही हो क्योंकि विदेशी संस्कृति के आगे सब भुला दिए जा रहे हैं, हिंदी में अंक लिखना तो लगभग मिट ही चूका है. शायद ही किसी को भारतीय माह नाम किसी को आता हो. हमारे इन धरोहरों को बचाने के लिए हर हाल में हमारे धर्म संस्कृति की शिक्षा को अनिवार्य करनी होगी. आज नव वर्ष प्रतिपदा के साथ ही प्रकृति भी मानव जगत को अपने अद्भुत श्रृंगार के साथ सुखद एहसास कराती है. शाल के खूबसूरत हरे पत्तों और फूल धरती माँ का श्रृंगार करती दिखती है. इसी हमारे पालक रूपी प्रकृति का महान त्यौहार सरहुल के साथ माँ के नवरूपों की आराधना और आने वाले समस्त सनातनी त्यौहार की सभी को हार्दिक शुभकामनायें, बधाई और अभिनन्दन है, सरना में वास करते देवी देवता, माँ दुर्गा सभी का कल्याण करें। इस अवसर पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष श्री हरिश्चन्द्र भगत ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनायें देते हुए कहा आगामी 11.4.2024 को सरहुल मनाया जायेगा।

## हॉकी इंडिया ने पहल करते हुए किया राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-2025 का अनावरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को एक और अभूतपूर्व पहल राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-2025 का अनावरण किया, जो देश के खेल परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। लीग को दो चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्घाटन चरण 30 अप्रैल से 10 मई 2024 तक झारखंड के रांची में होगा। इस चरण के दौरान सभी मैच मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे, जहां हाल ही में एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर और महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी आयोजित की गई थी। राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग भारत में अपनी तरह की पहली घरेलू महिला लीग है, जो प्रतिभा और कौशल का शानदार प्रदर्शन करने का वादा करती है। उभरते एथलीटों को एक मंच प्रदान करने और देश में महिला हॉकी के कद को बढ़ाने के उद्देश्य से, लीग में शीर्ष राज्य टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी, जो 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शीर्ष आठ में रही थीं। 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के समापन के बाद, राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के उद्घाटन सत्र में अपनी जगह बनाने वाली शीर्ष आठ राज्य टीमें हैं - हॉकी हरियाणा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी झारखंड, हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी बंगाल, हॉकी मिजोरम, मणिपुर हॉकी और हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा, जो खेल के प्रति उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विशेष रूप से, लीग युवा प्रतिभाओं के लिए भी अपने दरवाजे खोलेगी, जिसमें 21 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। युवा खिलाड़ियों का यह समावेश प्रतिभाओं को पोषित करने और जमीनी स्तर पर विकास को बढ़ावा देने के लिए हॉकी इंडिया के समर्पण को रेखांकित करता है। राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग न केवल महिला हॉकी के मानक को बढ़ाने में बल्कि देश भर में एथलीटों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने में भी बहुत बड़ी भूमिका निभाती है। इस पहल के माध्यम से, हॉकी इंडिया खेलों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और महिलाओं के लिए हॉकी में उत्कृष्टता प्राप्त करने के मार्ग बनाने

### लोहरदगा के नए पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष अरविंद कुमार पाण्डेय ने लिया पदभार, दिए कई निर्देश



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा के 16 में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में आज अरविंद कुमार पांडेय ने अपना योगदान दिया। मॉर्निंग कोर्ट होने के कारण सुबह 7:00 बजे उन्होंने कार्यभार ग्रहण किया एवं उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश जारी किए। इस संबंध में डालसा सचिव राजेश कुमार को निर्देश देते हुए कहा कि 12:00 बजे से लेकर 12:30 तक प्रत्येक कोर्ट दिवस में प्रि सिटिंग कॉन्सिलिएशन के रूप में चेक विवाद संबंधित, बिजली संबंधित एवं अन्य सुलहनीय वादों से संबंधित विवादों का मध्यस्थ एवं न्यायिक पदाधिकारियों को लेकर बेंच का गठन किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा मामले आगामी लोक अदालत में सुलझ सके।

# धन-बल के अनाधिकृत आवा-जाही पर लगायें अंकुश : के. रवि कुमार

## * अवैध नगदी, अवैध शराब, मादक पदार्थ एवं अन्य वस्तुओं पर विशेष नजर रखते हुए सख्ती से करें कार्रवाई

## * लोकसभा चुनाव को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर अवैध नगदी, अवैध शराब, मादक पदार्थों एवं अन्य वस्तुओं की रोकथाम एवं उसकी जब्ती को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने आज संबंधित प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक की। निर्वाचन भवन स्थित कॉन्फ्रेंस कक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त निर्वाचन संपन्न कराए जाने के लिए धन-बल के जोखिम पर अंकुश लगाने का निदेश दिया।



उन्होंने अवैध नगदी, अवैध शराब, मादक पदार्थ एवं अन्य वस्तुओं पर विशेष नजर रखते हुए सख्ती से कार्रवाई करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के बीच निकट समन्वयन के जरिए चुनाव प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए तस्करी के सामानों एवं अवैध वस्तुओं के नाजायज उपयोग पर सख्ती से रोक लगाने की जरूरत है। उन्होंने वाहनों पर अनाधिकृत रूप से राजनीतिक दलों के बोर्ड, बैनर, झंडा लगाकर आवाजाही करने वालों पर कड़ी निगरानी रखते हुए नियमानुसार कार्रवाई का निदेश दिया। साथ ही कहा कि ई-वे बिल के बिना अगर वस्तुओं को कहीं ले जाया जा रहा है, तो यह सब मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयास को परिलक्षित करता है। ऐसे कार्य करने वालों के विरूद्ध भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के तहत तत्काल कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन एजेंसियों से प्राप्त जब्ती का रियल टाइम रिपोर्टिंग आवश्यक है।

इसके लिए आयोग द्वारा निर्वाचन जब्ती प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है जिसका सार्थक उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रर्वतन एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय कर रियल टाइम रिपोर्टिंग एवं रिकॉर्ड कीपिंग करने का निदेश दिया। उन्होंने मुफ्त उपहार की सामग्रियों की आवाजाही पर सख्ती से निगरानी रखने का भी निदेश दिया। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, डॉ. नेहा अरोड़ा, पुलिस उपमहानिरीक्षक संचार एवं तकनीकी सेवाएं सह राज्य नोडल पदाधिकारी(ईईएम) झारखंड अश्विनी कुमार सिन्हा सहित राजस्व विभाग भारत सरकार के एडिशनल कमिश्नर सुवेन दास गुप्ता, वाणिज्य कर आयुक्त संतोष कुमार वत्स, संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश, बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के असिस्टेंट मैनेजर (ऑपरेशन) राकेश कुमार यादव, आरपीएफ , रेलवे एवं अन्य संबंधित एजेंसियों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।



# प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत संकल्प को पूरा करने का देवभूमि के लोगों का सहयोग जरूरी : धामी

**एजेंसी**

**उत्तरकाशी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत और विकसित उत्तराखंड के संकल्प को पूरा करने में देवभूमि के प्रत्येक नागरिक का सहयोग अपेक्षित है। मोदी की गारंटी है सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास और सब का प्रयास। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को चिन्यालीसौड़ राजकीय महाविद्यालय में टिहरी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार माला राज्यलक्ष्मी शाह के पक्ष में आयोजित जनसभा और रैली में प्रतिभाग करते हुए कही।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत, हर घर जल हर घर नल ,लखपति दीदी, जैसे एक से एक कार्यक्रम उनकी लोकप्रिय भाजपा ने जनता को दिए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इन 10 सालों में विश्व में भारत का मान-सम्मान स्वाभिमान बढ़ा है। मोदी जी ने संकल्प लिया है कि वह गरीबी और पिछड़ेपन को जड़ से समाप्त कर देंगे। मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है और प्रदेश के विकास के लिए उन्होंने भरपूर सहयोग प्रदान किया है। अब तीसरी बार उन्हें प्रधानमंत्री बनाने की जिम्मेदारी जनता की है।मुख्यमंत्री धामी ने सभा में उपस्थित महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए राज्यलक्ष्मी शाह के लिए समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता अपने आशीर्वाद से राज्य लक्ष्मी को जरूर जिताएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई।उन्होंने कांग्रेस पर वार करते हुए कहा कि देश की आजादी के बाद से कांग्रेस में लोकसभा के टिकट के लिए लाइन लगी रहती थी। सिफारिश लगाई जाती थी। मोदी के संकल्प के आगे कांग्रेस को अपना अस्तित्व बचाना कितना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम चार धाम के लोग हैं। राम भक्त भी हैं और देशभक्त भी हैं। हम कांग्रेस के ऐसे मंसूबों को कभी पूरा नहीं होने देंगे। इसके लिए आप सभी को 19 अप्रैल को अधिक से अधिक मतदान करके प्रधानमंत्री मोदी को मजबूत बनाना है, जिसके लिए टिहरी लोकसभा सीट से माला राज्यलक्ष्मी को जिताना है।महारानी माला राज्यलक्ष्मी शाह ने कहा कि उत्तराखंड में अकेली महिला को लोकसभा सीट के लिए टिकट मिला है। किसी भी पार्टी ने उत्तराखंड में महिला उम्मीदवार नहीं उतारा है, जिससे यह पता चलता है कि देश के प्रधानमंत्री मोदी का महिलाओं के प्रति कितना आदर और सम्मान है। उन्होंने जनता से 19 अप्रैल को अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# राम-नाम जप रहे हैं ईशा खान

**एजेंसी**

**मालदा।** बंगाल में दक्षिण मालदा सीट पर लोकसभा चुनाव प्रचार ने जोर पकड़ लिया है। उम्मीदवार मतदाताओं को रिझाने के लिए मंदिर और दरगाह तक के चक्कर काट रहे हैं। आलम यह है कि यहां से कांग्रेस उम्मीदवार ईशा खान चौधरी राम-नाम जप रहे हैं। कुछ दिनों पहले इसी प्रकार का नजारा देखने को मिला। कांग्रेस उम्मीदवार ईशा खान चौधरी चुनाव प्रचार के दौरान यहां पाकु?तला स्थित राम मंदिर पहुंच गए। उन्होंने माथे पर तिलक भी लगाया। पूछने पर उन्होंने मीडिया से कहा कि भगवान राम किसी की जागीर नहीं हैं। वह बचपन से ही धर्मनिरपेक्ष सोच में पले-बढ़े हैं। जिस गनी खान चौधरी से उन्होंने राजनीति सीखी वह कोई भी शुभ कार्य से पहले मनस्कमना मंदिर में पूजा करते थे। वह भी चुनाव में नामांकन दाखिल करने से पहले पूजा करते हैं और दरगाह में चादर भी चढ़ाते हैं।

**कांग्रेस का रहा गढ़:** दक्षिण मालदा सीट कांग्रेस का गढ़ रहा है। अधिकांश मौकों पर यहां से कांग्रेस की ही जीत हुई है। इस बार मुकाबला दिलचस्प है। सभी उम्मीदवारों ने यहां पूरी ताकत झोंक दी है। भीषण गर्मी में भी सभी उम्मीदवार चुनाव प्रचार में किसी प्रकार का कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहते।

**त्रिकोणीय मुकाबला:** जहां वोट मिलने की उम्मीद है वहां जा रहे हैं और जहां वोट मिलने की उम्मीद कम है वहां भी जा रहे हैं । कोई किसी के लिए एक इंच भी जमीन छोड़ने को तैयार नहीं है। यहां मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच माना जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार शाहनवाज अली रैहान ने मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। यहां वाम मोर्चा और कांग्रेस के बीच गठबंधन है। मालदा वह जिला है जहां अबू बरकत अताउर गनी खान चौधरी यानी एबीए गनी खान चौधरी की विरासत की चलती है। पहले मालदा ही लोकसभा सीट थी, बाद में इसको दो भागों उत्तर मालदा और दक्षिण मालदा में बांट दिया गया है।

**भाजपा से श्रीरूपा मित्रा मैदान में:** भाजपा ने इंगलिश बाजार से विधायक श्रीरूपा मित्रा चौधरी को मैदान में उतारा है। वह निर्भया दीदी के नाम से मशहूर हैं । उनको नारी शक्ति का प्रतीक बताया जाता है। उन्होंने महिलाओं पर अत्याचार रोकने के लिए गुलाबी गैंग का गठन किया था। उनके समर्थन में यही गुलाबी गैंग पूरी तैयारी के साथ मैदान में हैं।वह स्वयं तो गुलाबी साड़ी पहनकर चुनाव प्रचार कर ही रही हैं, साथ ही उनके साथ चलने वाली महिलाएं भी गुलाबी साड़ी में ही दिखती हैं। उन्होंने तो अपनी गाड़ी का रंग भी गुलाबी करवा दिया है। श्रीरूपा ने कहा कि गुलाबी नारी शक्ति का रंग है।

# बिहार में राजद का नया समीकरण

## एम वाई के एजेंडे से क्यों गायब हुए मुस्लिम उम्मीदवार?

**एजेंसी**

**पटना :** बिहार की सियासत में आरजेडी की राजनीतिक इमारत भी यूपी में सपा की तरह मुस्लिम-यादव की नींव पर खड़ी हुई है, लेकिन इस बार के लोकसभा चुनाव में लालू प्रसाद यादव एम-वाई की छवि से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे हैं. इंडिया गठबंधन के तहत बिहार में आरजेडी 23 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जिसमें ज्यादातर सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है.बिहार में आरजेडी के कोर वोटबैंक यादव और मुस्लिम माने जाते हैं, लेकिन यादव को उनके आबादी के लिहाज से हिस्सेदारी दे रही है. माना जा रहा है कि आरजेडी से करीब आठ यादव उम्मीदवार मैदान में उतर सकते हैं, लेकिन मुस्लिम समुदाय से अभी तक एक भी उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है. मधुबनी सीट से अशरफ अली फातमी को टिकट मिलने की संभावना है. इसके अलावा अररिया सीट पर सरफराज और शाहनवाज में से किसी एक को आरजेडी से टिकट मिलने की उम्मीद है.बिहार में आरजेडी के कोर वोटबैंक यादव और मुस्लिम माने जाते हैं, लेकिन



यादव को उनके आबादी के लिहाज से हिस्सेदारी दे रही है. माना जा रहा है कि आरजेडी से करीब आठ यादव उम्मीदवार मैदान में उतर सकते हैं, लेकिन मुस्लिम समुदाय से अभी तक एक भी उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है. मधुबनी सीट से अशरफ अली फातमी को टिकट मिलने की संभावना है.

इसके अलावा अररिया सीट पर सरफराज और शाहनवाज में से किसी एक को आरजेडी से टिकट मिलने की उम्मीद है.हालांकि आरजेडी इससे पहले तक बिहार में चार से पांच सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारती रही है, लेकिन पहली बार है कि जब मुसलमानों को टिकट देने से बच रही है. सीवान से शहाबुद्दीन चुनाव लड़ते रहे हैं तो अररिया से तस्लीमुद्दीन सांसद रहे. इसके अलावा दरभंगा से अशरफ अली फातमी और बेगूसराय से तनवीर अहमद चुनाव लड़ते रहे हैं. वहीं शिवहर से भी 2019 में मुस्लिम कैंडिडेट उतारे थे, लेकिन इस बार आरजेडी ने अभी तक सिर्फ मधुबनी सीट से अशरफ अली फातमी के चुनाव लड़ने की हरी झंडी दी है. दूसरी सीट पर कोई संभावना है तो वह है- अररिया, जहां से तस्लीमुद्दीन के दोनों बेटों में से किसी एक को प्रत्याशी बनाया जा सकता है.सीवान से शहाबुद्दीन के बेटे और पत्नी को आरजेडी इस बार चुनावी मैदान में नहीं उतारेगी. इसके चलते ही शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब ने निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरने का ऐलान कर दिया है. वहीं, बेगूसराय सीट आरजेडी ने लेफ्ट को दे दी है, जिसके चलते तनवीर हसन के लोकसभा चुनाव लड़ने की उम्मीदों पर पूरी तरह से पानी फिर गया है. ऐसे में आरजेडी 2024 के चुनाव में सिर्फ मधुबनी और अररिया सीट से ही मुस्लिम कैंडिडेट उतार सकती है जबकि यादव समुदाय को 8 टिकट दिए हैं. यादव और मुस्लिम समुदाय की आबादी तकरीबन बराबर है.

# अरुणाचल प्रदेश और असम को नेहरू ने अलविदा कह दिया था : अमित शाह



**एजेंसी**

**लखीमपुर (असम) :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि 1962 के चीनी युद्ध के दौरान तत्कालीन कांग्रेस के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने अरुणाचल प्रदेश और असम को अलविदा कह दिया था। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के लोग इसे कभी नहीं भूल सकते हैं। गृहमंत्री मंगलवार को असम के लखीमपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि नेहरू की सरकार चीन का दमदार तरीके से मुकाबला करने में विफल रही थी। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने हमेशा चीन के घुसपैठ को नाकाम कर दिया है। इस सिलसिले में उन्होंने डोकलाम का हवाला दिया। उन्होंने आश्वस्त कराया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भारत में शासन रहते हुए भारत की 1 इंच भूमि पर भी चीन कब्जा नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि अभी तक हमारी सरकार के समय में चीन को भारत की 1 इंच भूमि पर भी कब्जा करने की हिम्मत नहीं हुई।उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी की सरकार भारत की सीमाओं की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है। इस दौरान गृहमंत्री ने बांग्लादेश से होने वाले घुसपैठ को रोकने में सरकार की सफलता से लेकर भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा किए गए कई कार्यो की चर्चा की।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शत प्रतिशत जीत का किया दवा



**एजेंसी**

**लोहाघाट(चंपावत):** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड में भाजपा पांचों सीटें जीतेगी। मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंपावत जिले की लोहाघाट विधानसभा क्षेत्र पहुंचे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष का भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। लोहाघाट के निजी होटल में भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल मेहरा के अध्यक्षता व जिला महामंत्री मुकेश कलखुरिया के संचालन में प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में उन्होंने सभी भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारी प्रत्येक बूथ में जाकर मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी दें। प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि बैठक में बूथ प्रबंधन की रचना तैयार करने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा प्रदेश की सभी 70 विधानसभा सीटों पर जीतने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अबकी बार 400 पार भाजपा का नहीं जनता का नारा है और भाजपा बूथ जीतो चुनाव जीतो की रणनीति पर चल रही है। भाजपा का हर कार्यकर्ता पार्टी को समर्पित है। देश में तीसरी बार मोदी सरकार आने जा रही है जनता भाजपा के साथ है। उन्होंने कहा विधानसभा चुनाव में भाजपा जिन जिन विधानसभा क्षेत्र को हारी है उन पर ज्यादा फोकस किया जा रहा है इसी को लेकर आज लोहाघाट विधानसभा में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में संगठन मंत्री अजय ,लोकसभा चुनाव सह प्रभारी अजय मेहरा, विधानसभा संयोजक पूरन सिंह फर्त्याल ,प्रभारी राम दत्त जोशी शंकर दत्त पांडे, हेमा जोशी सतीश पांडे ,जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय,ब्लॉक प्रमुख बाराकोट विनीता फर्त्याल, पाटी ब्लॉक प्रमुख सुमनलता, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनीता मुरारी,मुख्यमंत्री प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी,सतीश पांडे सहित कई भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव : 101 ट्रैक्टरों के साथ निकाली जाएगी रैली, कलेक्टर-एसपी होंगे शामिल



**एजेंसी**

**बलौदाबाजार :** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी बलौदाबाजार भाटापारा के एल चौहान के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत 10 अप्रैल बुधवार को ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया जाएगा।रैली का आयोजन सुबह 10 बजे से होगा जिसमें 101 ट्रैक्टर भाग लेंगे साथ ही उत्साह वर्धन के लिए कलेक्टर के एल चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी शामिल होंगे।इस रैली में स्कूली किसान,छात्र, छात्राएं, शिक्षक, आमजन, खिलाड़ी,प्रबुद्ध नागरिक, पुलिस के जवान सहित अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में शिरकत करेंगे। इसके साथ ही रैली को आकर्षक बनाने के कुछ चयनित विभागों द्वारा मतदाता जागरूकता संबधित झाकियां भी तैयार की गई है।रैली जिला मुख्यालय में पं.चक्रपाणि स्कूल परिसर से प्रारंभ होकर,जनपद पंचायत कार्यालय, गार्डन चौक, बस स्टैंड, अंबेडकर चौक होते हुए लवन रोड की तरफ पनगांव बाय पास, से सकरी बाय पास होते हुए पुनः अंबेडकर चौक,बस स्टैंड,गार्डन चौक,जनपद पंचायत कार्यालय के रास्ते होते हुए पं.चक्रपाणि स्कूल परिसर में ही समाप्त होगा।

# अरुणाचल भारत का अभिन्न हिस्सा : राजनाथ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारत के पड़ोसी देश फिर चाहे वो पाकिस्तान हो या चीन, दोनों ही देशों से भारत की ठनी रहती है.चीन की सीमा रेखा से सटा अरुणाचल प्रदेश दोनों देशों के बीच फिर से विवाद की लकीर खींचने लगा है. बीते दिनों चीन ने अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा पेश किया. बीजिंग ने अरुणाचल प्रदेश राज्य के विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी सूची जारी की है. इससे पहले भी चीन तीन सूचियां जारी कर चुका है जिसमें उसने राज्य के कई स्थानों के नाम बदले थे. इसी मामले पर देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अब पड़ोसी देश को करारा जवाब दिया है.



रक्षा मंत्री ने कहा,भारत, चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने की कवायद को पूरी तरह से खारिज करता रहा है. भारत का ये कहना है कि अरुणाचल के ये सभी राज्य, जिनका नाम चीन ने अपनी सूची में दिए हैं वो भारत का अभिन्न अंग है.

काल्पनिक नाम रख देने से वास्तविकता नहीं बदलेगी. अगर कल हम चीन के कुछ प्रांतों और कुछ राज्यों के नाम बदल देंगे, तो क्या ऐसा करने से वे क्षेत्र भारत का हिस्सा बन जाएंगे.रक्षा मंत्री ने कहा,भारत, चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने की कवायद को पूरी तरह से खारिज करता रहा है. भारत का ये कहना है कि अरुणाचल के ये सभी राज्य, जिनका नाम चीन ने अपनी सूची में दिए हैं वो भारत का अभिन्न अंग है.काल्पनिक नाम रख देने से वास्तविकता नहीं बदलेगी. अगर कल हम चीन के कुछ प्रांतों और कुछ राज्यों के नाम बदल देंगे, तो क्या ऐसा करने से वे क्षेत्र भारत का हिस्सा बन जाएंगे?

राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि हम अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं. लेकिन अगर कोई भारत के सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है तो आज भारत के पास उसका जवाब देने की ताकत है. नाम बदलने से कुछ नहीं होने वाला है.